सुप्रभात
रांची, रविवार
16.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 06



12 बिग बॉस ओटीटी हाउस में बेकाबू हुई पूजा भट्ट

SURJABASHA

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कहा बीआइटी की उपलब्धियों पर सबको गर्व

# मैं यहां का छात्र रहा हूं, पूरी मदद करूंगा : हेमंत

- मेसरा में सिंगल विंडो सिस्टम से समस्याओं का हल होगा
- यह देश का तीसरा सबसे बड़ा तकनीकी संस्थान
- कैंपस में आते ही कुछ अलग ही अहसास होता है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा के 69वें स्थापना दिवस समारोह में शनिवार की सुबह राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और शाम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे। दोनों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने कहा कि बीआइटी मेसरा के पूर्व छात्रों ने इंजीनियरों, टेक्नोक्रेट, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के रूप में हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी उपलब्धियां राष्ट्रीय सीमाओं से परे फैली हुई हैं। इस पर हम सब को गर्व है।

वहीं सीएम ने कहा कि बीआइटी मेसरा देश का तीसरा बड़ा तकनीकी संस्थान है। इसी प्रकार का देश का भारी उद्योग इंडस्ट्री संस्थान एचईसी, देश का पहला फर्टिलाइजर इंडस्ट्री इसी राज्य में बना। बीआअटी आकर मुझे अलग ही अहसास होता है। मैं आज यहां बतौर मुख्यमंत्री उपस्थित हूं। मैं यहां का छात्र रहा हूं और आज यहां के वाइस चांसलर मुझे चीफ मिनिस्टर साहब कह कर संबोधित कर रहे हैं। यह एक ऐसा अनुभव है, जिसको मैं स्वयं ही समझ सकता हूं। सीएम ने कहा, कल ही देश ने एक चंद्रयान-3 रवाना किया है। इस चंद्रयान में हमारे झारखंड के लोगों की भी बड़ी भूमिका है। इसका प्लेटफार्म एचईसी से बनाया है और मेकन की भी बड़ी भूमिका है। झारखंड के कई वैज्ञानिकों का भी चंद्रयान में योगदान है। सीएम ने कहा, इस तरह इस राज्य को अपने संस्थानों पर पूरा गर्व है। बीआइटी मेसरा आज नये आयाम को छू रहा है। इसके पीछे यहां के लोगों का कठिन परिश्रम और ईमानदार प्रयास है।

**मेरा छात्र जीवन यहां बीता है :** मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि हमने ऐसा वक्त इस परिसर में बिताया है जब हमारा देश एक बड़े रिफॉर्म्स की ओर बढ़ रहा था। बीआईटी के छात्र जीवन को याद करते हुए सीएम ने कहा कि एक ऐसा वक्त था जब यहां आसपास जंगल हुआ करता था। यह अपने आप में एक शहर है। उन्होंने कहा- अब हालात बदल गये हैं, अब तो यहां रेलवे स्टेशन भी बन गया है। उन्होंने कहा कि जब मैं यहां पढ़ता था तो यह इलाका इतना समृद्ध नहीं था। अब काफी बदलाव आ गया है, जिसे देखकर खुशी होती है।

**बीआइटी का 68वां स्थापना दिवस समारोह**



## बीआइटी देश का तीसरा बड़ा तकनीकी संस्थान

सीएम ने कहा कि बीआईटी मेसरा देश का तीसरा बड़ा तकनीकी संस्थान है। इसी प्रकार का देश का भारी उद्योग इंडस्ट्री संस्थान एचईसी, देश का पहला फर्टिलाइजर इंडस्ट्री इसी राज्य में बना। एशिया का सबसे बड़ा स्टील इंडस्ट्री बोकारो स्टील प्लांट भी इसी राज्य में बना। इसी राज्य में देश का पहला माइनिंग इंस्टिट्यूट खुला। झारखंड प्रदेश एक ऐसा प्रदेश है जहां नेतरहाट स्कूल है। इस स्कूल से बड़ी संख्या में आईएएस एवं आईपीएस भी बनकर लोग बाहर निकले है। राज्य वासियों के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 1952 में देश का यह तीसरा तकनीकी संस्थान झारखंड प्रदेश में स्थापित हुआ। सभी ने अलग-अलग तरीके और नजरों से सजाने और संवारने का प्रयास किया है।

### सिंगल विंडो सिस्टम

सीएम ने कहा कि बीआइ मेसरा परिसर के लिए भी सरकार कार्ययोजना तैयार कर रही है। यहां की सभी समस्याओं के समाधान के लिए सिंगल विंडो सिस्टम का इंतजाम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड को प्रकृति ने भरपूर खनिज संपदा दी है। खूबसूरत वादियां हैं। इसे और बेहतरीन तरीके से सजाना है। सीएम ने कहा कि लगातार हालात बदल रहे हैं और प्रकृति उस बदलाव के तहत काम भी कर रही है। रांची में बड़े-बड़े तालाब हैं लेकिन उनके हालात दिन ब दिन बदलते जा रहे हैं। अगर इसे नहीं सुधारा गया तो आने वाले दिनों में स्थिति काफी खराब होगी।

## न्यूज डायरी

### लातेहार में वज्रपात एक की मौत, दूसरा गंभीर

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के कमार्ही में वज्रपात से रंजीत यादव (17) की मौत हो गयी। जबकि पंकज यादव गंभीर रूप से घायल है। उसे लातेहार सदर अस्पताल के आइसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। इस घटना में आठ अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आयी हैं।

### स्कूल की छत पर गिरी आकाशीय बिजली

**पलामू।** मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच के जीएनएम स्कूल की छत पर शनिवार की दोपहर वज्रपात होने से स्कूल की छत की दीवार टूट गयी। जिससे स्कूल के बाहर लगा सीसीटीवी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस वक्त छत पर कोई नहीं था।

### सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर में बर्थ डे पार्टी से लौट रही छात्रा के साथ चार लड़कों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने शनिवार को दो नाबालिग आरोपितों को निरुद्ध और दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

### महिला को बंधक बना सोने-चांदी के गहने लूटे

**जमशेदपुर।** परसुडीह थानांतर्गत हरहरगुट्टू प्रेम कुंज निवासी अजीत शर्मा के घर नकाबपोश अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने अजीत शर्मा की पत्नी प्रिया शर्मा को बंधक बनाकर सोने-चांदी के गहने लूट लिये।

### 17 जुलाई से काम पर लौटेंगे 1300 जनसेवक

**रांची।** दो महीने से अधिक से चल रही झारखंड के जनसेवकों की हड़ताल सरकार के स्तर पर हुई पहल के बाद खत्म हो गयी। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के साथ वार्ता में जनसेवक संवर्ग का ग्रेड पे यथावत रखने पर सहमति बनी। इसके बाद 1300 आंदोलनरत जनसेवकों ने 17 जुलाई से काम पर लौटने की घोषणा की।

### पश्चिम बंगाल में नहीं होगा राज्यसभा चुनाव

**कोलकाता।** बंगाल से राज्यसभा (रास) चुनाव के लिए भाजपा के डमी उम्मीदवार रथींद्र बोस ने नामांकन वापस ले लिया। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन वापसी का शनिवार को आखिरी दिन था। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने विधानसभा पहुंचे और सह-सचिव से मिलने के बाद अपना नाम चुनाव से वापस ले लिया।

**भूल सुधार :** 15 जुलाई के अंक में पेज एक पर कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण अखबार का मास्ट अधूरा छप गया। इसका हमें खेद है। **-सं.**

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

**भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री का वार**

# शिक्षक नियुक्ति घोटाले में तीन पर पीइ की दी अनुमति

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने जीरो टॉलरेंस नीति को लेकर लगातार भ्रष्ट अफसरों पर कार्रवाई कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने कोडरमा जिले में शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी मामले में तीन आरोपियों के विरुद्ध विस्तृत जांच के लिए पीइ दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। उनके खिलाफ एसीबी ने पीइ की अनुमति मांगी थी। (शेष पेज 11 पर)

**यह है घोटाले का पूरा मामला**



कोडरमा में शिक्षक नियुक्ति मामले में अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से महिलाओं के लिए निर्धारित क्षैतिज आरक्षण का लाभ, शिक्षण कार्य के लिए निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र देने, मेधा सूची में अंको की हेराफेरी कर चार अभ्यर्थियों का चयन करने का आरोप है। साथ ही विज्ञापन की अनदेखी करते हुए नर्सरी शिक्षक प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने में भी गड़बड़ी थी। इतना ही नहीं फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक- मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने और विभागीय अनुमति के बिना परीक्षण में सम्मिलित होकर उच्च शिक्षा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले कुछ पारा शिक्षकों की भी नियुक्ति करने का आरोप है। इस मामले में एसीबी ने दर्ज आइआर का सत्यापन करने के बाद विस्तृत जांच के लिए पीइ दर्ज करने की अनुमति मांगी थी।

## अश्विन का जादू इंडीज पर ऐतिहासिक जीत

**डोमिनिका।** रविचंद्रन अश्विन (71 रन पर सात विकेट) के करिश्मायी प्रदर्शन के बूते भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच तीसरे दिन शुक्रवार को पारी और 141 रन से जीत लिया। भारत की मिली यह जीत एशिया के बाहर के देश में मिली सबसे बड़ी जीत है। जीत के हीरो अश्विन ने मैच की दोनो पारियों में 131 रन देकर 12 विकेट झटके। आठवीं बार 10 विकेट लेने के अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी की। मेजबान टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाये थे। जवाब में भारत ने पांच विकेट पर 421 रन बना कर समाप्त घोषित कर दी।

# बाबूलाल ने लिया प्रदेश अध्यक्ष का चार्ज, कहा- खिलेगा कमल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पहले सीएम बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को झारखंड प्रदेश भाजपा की कमान संभाल ली है। प्रदेश कार्यालय में पदभार संभालने के बाद भाजपा के तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष का पदभार लेने से पहले बाबूलाल ने भगवा पगड़ी पहनी और दफ्तर में हवन किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इस बार कमल खिलेगा। मौके पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने प्रदेश अध्यक्ष चैंबर तक उन्हें ले जाकर चादर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। (शेष पेज 11 पर)



# जेल से छूटे इडी गवाह ने कहा मुझपर सीसीए लगाना गलत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/साहिबगंज।** झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर साहिबगंज मंडल कारा में बंद इडी के गवाह अशोक यादव को शाम रिहा कर दिया गया। शुक्रवार शाम अशोक यादव जेल से जैसे ही बाहर निकले वहां मौजूद उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। जेल से बाहर आकर अशोक यादव ने कहा कि मेरे ऊपर सीसीए लगा दिया, लेकिन ऐसा कानून नहीं है। इसके ऊपर भी कूनन है। मुझपर छह केस दर्ज किया गया। हमने कोर्ट में उसे चुनौती दी और अदालत ने हमें रिहा करने का आदेश दिया। जिसका हम स्वागत करते हैं और हाईकोर्ट के अभारी हैं। हमें भावनाओं के आधार पर फंसाया गया। इनलोगों ने कानून और सत्ता का दुरुपयोग किया। हम व्यापार कर रहे हैं। काफी संघर्ष से हमने अपने व्यापार को आगे बढ़ाया है। हम शुरू से संघर्ष कर रहे हैं और आगे भी संघर्ष करते रहेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### भगवान व टिंकल पूछताछ के बाद भेजे गये जेल

साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन केस गिरफ्तार पंकज मिश्रा के फंड मैनेजर भगवान भगत एवं उसके सहयोगी टिंकल भगत से इडी टीम में पांच दिनों तक पूछताछ की। पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद दोनों आरोपियों को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। ईडी ने दोनों से पांच दिनों तक पूछताछ की। ईडी ने दोनों को मनी लाउंड्रिंग मामले में सात जुलाई को पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार किया था। आठ जुलाई को अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया था। ईडी को 10 जुलाई को अदालत से पूछताछ की अनुमति मिली थी।

## 22,000 उम्मीदवारों को मिले 100 परसेंटाइल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने शनिवार को साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक के नतीजे घोषित किये, जिसमें 22,000 से अधिक उम्मीदवारों ने 100 परसेंटाइल हासिल किये हैं। छात्रों ने सबसे ज्यादा अंक अंग्रेजी में हासिल किये हैं, उसके बाद जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र के छात्र हैं।

## सपा नेता आजम खान को दो साल की सजा

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के खिलाफ 2019 के हेट स्पीच मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने शनिवार (15 जुलाई) को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने आजम खान को दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा और ढाई हजार का जुर्माना लगाया है। आजम के खिलाफ थाना शहजाद नगर में और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 के तहत दर्ज किया गया था।




मोदी के स्वागत में तिरंगे के रंग से जगमगाया बुर्ज खलीफा

# विश्व को बेहतर बनाने में जुटे भारत और यूएइ : मोदी

- दोनों में कई करार, पीएम ने राष्ट्रपति को बताया भाई

**एजेंसी**

**अबू धाबी।** फ्रांस दौरे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी पेरिस से शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) की एकदिवसीय यात्रा पर अबू धाबी पहुंचे। उन्होंने यूएइ के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की। इसके अलावा दोनों देशों के बीच कई समझौते भी हुए। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं के बीच हुई बैठक को लेकर जानकारी साझा की है। शिक्षा क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता भी हुआ। खाड़ी देश के दौरे की समाप्ति पर पीएम ने लिखा प्यारा संदेश- विश्व को बेहतर बनाने में जुटे भारत और यूएइ। पीएम मोदी का यहां शानदार स्वागत किया गया। उनके स्वागत में प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों से रोशन किया गया था। उनके आगमन से पहले शुक्रवार को बुर्ज में लाइट-एंड-साउंड शो के दौरान उनकी तस्वीर भी प्रदर्शित की। जिसके बाद एक संदेश आया कि आपका स्वागत है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।





**आपसी संबंध और ठोस बनाने पर चर्चा :** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और अबूधाबी के शिक्षा विभाग ने शनिवार को अबू धाबी में आइआइटी दिल्ली परिसर की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। आइआइटी दिल्ली के पूर्व डीन शिक्षाविद को आईआईटी अबू धाबी का समन्वयक बनाया गया है। यूएइ के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों और मजबूत बनाने को लेकर पीएम मोदी ने चर्चा की। पीएम मोदी की यूएई यात्रा के केंद्र में ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और रक्षा जैसे क्षेत्र हैं। (शेष पेज 11 पर)

खबर एक नजर में

## राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात करने राजभवन पहुंचे। बताया जाता है कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी।

## गुंजन सिंह दिल्ली में प्रदेश प्रभारी से मिलीं



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय, दिल्ली में झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से मुलाकात की। इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला कांग्रेस के कार्यक्रमों का प्रतिवेदन सौंपा। इस दौरान आगामी लोकसभा एवं विधानसभा 2024 की तैयारी पर भी चर्चा की तथा कहा कि महिला कांग्रेस प्रदेश, जिला एवं प्रखंड तक सक्रिय है।

## शैल प्रभा पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। कार्मिक विभाग ने सेवानिवृत आइएएस अधिकारी रमाकांत सिंह को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया है। शैल प्रभा कुजूर पर धनबाद नगर निगम की जमीन से अक्रिमण हटाने में अनियमितता बरतने एवं ट्रैफिक सिग्नल की खरीद में गड़बड़ी करने का आरोप है। पूरे मामले में डीसी ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद नगर विकास विभाग ने झाप्रसे सेवा के इस अधिकारी पर विभागीय कार्यवाही चलाने की अनुशंसा कार्मिक विभाग से की थी। शैल प्रभा कुजूर से 15 दिनों में लिखित बचाव बयान मांगा गया है।

## प्रभात कुमार यादव की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** एनआइए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में लातेहार में तेतरियाखाड़ कोलियरी आगजनी मामले में जेल में बंद गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के सहयोगी प्रभात कुमार यादव उर्फ डिंपल यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने अर्जी पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनाने के बाद सात जुलाई को आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए 19 मई को जमानत अर्जी दाखिल की थी। एनआईए ने लातेहार में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन द्वारा जबरन वसूली के मामले में पांच अगस्त 2021 को सुजीत सिन्हा, अमन साव समेत 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें प्रभात यादव का नाम शामिल है।

## दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को शादी का झांसा देकर नाबालिग से यौन संबंध बनाने के जुर्म में दोषी करार संदीप कुमार उर्फ संदीप साव को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि भुगतान नहीं करने पर उसे अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अदालत ने अभियुक्त को 11 जुलाई को दोषी ठहराया था।

## जल संसाधन सचिव व अवर सचिव सशरीर हाजिर हों : हाईकोर्ट

**रांची।** दुमका में पदस्थापित जूनियर इंजीनियर के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर विभागीय कार्रवाई में बेसिक सैलेरी नीचे कर दिए जाने को चुनौती देने वाली जगन्नाथ प्रसाद साह की अवमानना याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने आदेश का अनुपालन नहीं होने पर जल संसाधन विभाग के सचिव एवं उप सचिव को अगली सुनवाई 21 जुलाई को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि कोर्ट के आदेश के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कोर्ट ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि 16 जून 2023 को कोर्ट ने सरकार को 30 जुलाई 2019 के कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने अन्यथा अगली सुनवाई में जल संसाधन विभाग के उप सचिव को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन मामले की पुनः सुनवाई होने पर न तो उपसचिव हाजिर हुए और न ही कोर्ट के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।

### झामुमो ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पर जमकर साधा निशाना, कहा

# भाजपा ने झारखंड में ऐसे नेता को पार्टी की कमान सौंपी जो विधायक दल के नेता तक नहीं बन पाये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्या ने शनिवार को भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक ऐसे नेता के हाथों में पार्टी की कमान सौंपी है, जो 2019 के बाद विधायक दल का नेता तक नहीं बन पाये। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दंभ भरने वाली भाजपा के पास संगठन का एक भी व्यक्ति नहीं, जिसके पास प्रदेश अध्यक्ष बनने की काबिलयत है। सुप्रियो ने कहा कि बाबूलाल कहें तो मोरहाबादी में कुतुबमीनार बनवा देंगे। भाजपा कार्यालय के चारों तरफ नेट लगवा देंगे। कहीं बाबूलाल मरांडी छत पर चढ़ कर कूद न जाएं।



### मध्य प्रदेश की घटना पर भाजपा साध लेती है चुप्पी

सुप्रियो ने भाजपा के स्नेह मिलन पर निशाना साधा। भाजपा के लोग आदिवासी सम्मान की बात करते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश के सीधी घटना भूल गए। आदिवासी के सिर पर पेशाब करने वाले भाजपा के नेता पर बोलना भूल गए। पटना में भाजपा नेता पुलिस पर मिर्ची का पाउडर फेंकते हैं और लाठीचार्ज होता है। भोपाल में पीएम मोदी एनसीपी को नेशनल करप्ट पार्टी कहते हैं। अभियुक्त को महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनाया जाता है।

### बाबूलाल के अंदर समाया हुआ है डर

सुप्रियो ने कहा कि भाजपा वाले सिर्फ किस्सा-कहानी सुना रहे हैं। बाबूलाल मरांडी दिल से भाजपाई भी नहीं बन सके हैं। भाजपा के अंदर भी भाजपा है। इनमें पुराना भाजपा, रघुवर भाजपा, अर्जुन भाजपा, जेवीएम भाजपा और एक नया भाजपा भी है, जिसके नेता पिछले दिनों अध्यक्ष थे। बाबूलाल मरांडी को इसलिए प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया कि जब 2024 में यहां का लुटिया डूब जाएगी तो इन्हें हटाने में आसानी होगी। फिर किसी बाहरी व्यक्ति को मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के पहले दिन ही बाबूलाल को अंदर से डर लग रहा है। बकोरिया गोली कांड, तपकरा गोली कांड और मुरहू गोली कांड पर अब बाबूलाल नहीं बोलेंगे। डोमिसाइल आंदोलन में बाबूलाल मरांडी ने माचिस लगाने का काम किया था। तीन आदिवासी युवकों की मौत हुई थी। इसका खुलासा भी 24 जुलाई को हो जाएगा।

### 2024 के चुनाव में एक भी सीट नहीं जीतेगी भाजपा

सुप्रियो ने कहा कि भाजपा का हाल 2009 और 2004 की तरह होने वाली है। केवल एक सीट कोडरमा भाजपा के पास थी। 13 सीट हमारी थी। 2024 में एक भी सीट भाजपा नहीं जीतेगी। बाबूलाल सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। सड़कों पर रघुवर दास के खिलाफ संघर्ष करने वाले बाबूलाल मरांडी कभी हमारे साथ थे।

**विधायक बेचने वाले नेता हैं बाबूलाल** : सुप्रियो ने कहा कि 14 साल तक भाजपा को कोसने वाले बाबूलाल से लोग सबूत मांगेंगे। इन्होंने विधायक बेचने का काम किया है। कहां गयीं सुचिता-नैतिकता की बातें। भाजपा ने जो निर्णय लिया, उसके लिए पार्टी की ओर से उनका अभिनंदन करता हूं।

### झारखंड के अदिवासी-मूलवासी भाजपा के नहीं हो सकते

सुप्रियो ने कहा कि झारखंड के मूलवासी जानते हैं कि झारखंड खैरात में नहीं मिला है। आंदोलन में हजारों लोगों की जान गयी। घर तोड़े गए, केस हुआ है। ऐसे में झारखंड के आदिवासी- मूलवासी कभी भाजपा के साथ नहीं जा सकते हैं। वे जानते हैं कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट के साथ खिलवाड़ किया गया है। फॉरेस्ट राइट एक्ट, फॉरेस्ट प्रोडक्ट एक्ट को खत्म करके कॉरपोरेट को घुसाने का काम भाजपा के लोग करेंगे।

# अब दिनेश गोप की पत्नी से पूछताछ करेगी इडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** टेरर फंडिंग मामले में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ने वाली है। एनआईए के बाद ईडी ने जेल में बंद दिनेश गोप से पूछताछ कर चुकी है। जिसमें उसने कई खुलासे किये हैं। अब दिनेश गोप की पत्नी शकुंतला देवी से भी ईडी पूछताछ करेगी।

बता दें कि पूछताछ के दौरान दिनेश गोप ने बताया था कि उसे लेवी में करोड़ों रुपये मिले, जिसे शेल कंपनियों व व्यवसायियों की मदद से खपाया। वह अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए कुछ व्यवसायियों का सहयोग ले रहा था। पर्दे के पीछे से वह इनकी मदद करता था। उसका मानना था कि व्यवसाय में लाभ होगा तो उसका शेयर भी भविष्य में मिलेगा। हालांकि, उसे इसमें सफलता नहीं मिली। वर्ष 2018 में एनआइए ने टेरर फंडिंग मामले में उसपर केस किया।

### वेतनमान को लेकर मोरहाबादी में गरजे राज्य के हजारों टेट सहायक अध्यापक

# सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप कहा- मांगें नहीं मानी गयीं तो होगा आंदोलन

**मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे टेट पास शिक्षकों को जिला प्रशासन ने मोरहाबादी में ही रोका**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** टेट पास सहायक अध्यापक शनिवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने मोरहाबादी मैदान पहुंचे थे। मोरहाबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास घेराव को निकले सहायक अध्यापकों को प्रशासन ने रोक दिया। शिक्षकों को उग्र होते देख प्रशासन के लोगों ने सीएमओ से वार्ता कराने आश्वाशन दिया। इसके बाद अधिकारियों ने सीएमओ से संपर्क किया परंतु मुख्यमत्री हेमंत सोरेन के एक कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण उनसे वार्ता नहीं हो पायी। मुख्यमंत्री के सलाहकार पिंटू श्रीवास्तव ने शिक्षा सचिव से बात करने की कोशिश की, लेकिन शिक्षा सचिव के डुमरी उपचुनाव को लेकर दिल्ली में रहने कारण उनसे भी वार्ता नहीं हो सकी। मौके पर सचिव के आदेश से जेईपीसी के ओएसडी जयंत मिश्रा से वार्ता हुई। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि महाधिवक्ता की राय और 20 वर्षो का अनुभव एवं शिक्षक बनने की सारी अहर्ता के आधार पर तमाम टेट पास को वेतनमान देना होगा। 50% आरक्षित सीटों पर टेट पास सहायक अध्यापकों को समायोजित करते हुए वेतनमान की मांग की गयी। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों को को सचिव और मुख्यमंत्री के पास पहुंचा देंगे। ओएसडी ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि वेतनमान के लिए एक जल्द उच्च स्तरीय बैठक हो। इस पर शिक्षकों ने कहा कि यदि जल्द वेतनमान के लिए उच्च स्तरीय बैठक नहीं होती है तो उग्र आंदोलन होगा। वार्ता के दौरान प्रमोद कुमार, झरीलाल महतो, मिथिलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, सीमांत घोषाल, संजय मेहता, मनोज शर्मा, सज्जाद हुसैन औरनफीस अख्तर शामिल थे।

## सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचायें : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के निवर्त्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा ही देश को विश्व गुरू बना सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और उनकी उपलब्धियों को हमें अलग तरीके से परोसना होगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के पास संगठन चलाने का लंबा अनुभव है। उनमें राज्य के कुशासन से मुकाबला करने की क्षमता है। बाबूलाल चुनौतियों का सामना करते हुये राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलायेंगे। इसके पहले संथाल समाज के धर्म गुरुओं, पाहन ने श्री मरांडी को मंच पर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि श्री मरांडी के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता तन, मन, धन व लाठी के साथ संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्य कर रहे लोगों के मन में कार्यकर्ता भाव जिंदा रहे और साथ के कार्यकर्ताओं के प्रति परिवार जैसा अपनत्व बना रहे।



लोकसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर कड़िया मुंडा ने कहा कि बाबूलाल जी को संगठन से लेकर सरकार चलाने तक का सभी अनुभव है। उन्होंने बाबूलाल जी को सुझाव देते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर आप आगे बढ़ें और पार्टी के लक्ष्य तक पहुंचने का काम करें। एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी पार्टी के लिये नये नहीं हैं जब झारखंड गठन के पूर्व भाजपा अपना विस्तार कर रही थी तब से इन्होंने पार्टी को सींचा है। केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाबूलाल जी कोई नया चेहरा नहीं हैं। हम सभी उनके कार्यों से वाकिफ हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हर संगठन का एक क्रम है। दायित्व परिवर्तनशील है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने किया। मौके पर पार्टी के तमाम पदधारी शामिल थे।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**रांची।** रंगदारी और लेवी से पैसे जुटाने और उससे हथियार खरीदकर आतंक फैलाने के आरोपी कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के खिलाफ एटीएस ने विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट में कहा गया है कि अमन श्रीवास्तव गैंग पर लेवी के पैसे से हथियार खरीदकर आतंक फैलाने लिये गोली-बारी व आगजनी कर व्यवसायियों-ठेकेदारों में खौफ कायम करने का काम करता था। उसके गुर्गों-सहयोगियों के माध्यम से दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी और आगजनी की घटना को अंजाम दिलाता था। रंगदारी के रूप में मिलने वाली राशि हवाला के माध्यम से रिश्तेदारों तक पहुंचता था। एटीएस को अनुसंधान के दौरान इस गिरोह के फंडिंग, आर्थिक स्रोत व हवाला चैनल का भी पता चला है। मालूम हो कि अमन श्रीवास्तव को 16 मई को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था।

### 8 अगस्त को जमशेदपुर में होगा प्रदेश छात्र अधिवेशन

## राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार नीति एवं नियोजन में विफल: सुदेश कु. महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आज विश्व कौशल दिवस के मौके पर आप सभी युवाओं का राजनीति में पदार्पण हो रहा है। युवाओं को राजनीतिक कौशल सीखने की सख्त जरूरत है। इसके लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है जिसकी व्यवस्था पार्टी करेगी। मौजूदा सरकार में राजनीतिक सकौशल की कमी है। यही वजह है कि सरकार कोई भी नीति बनाने और निर्णय लेने में विफल है जिसका खामियाजा आप जनता को भुगतना पड़ रहा है। उक्त बातें रांची हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पार्टी मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुदेश महतो ने कही।

**जेएमएम के लिए 1932 मुद्दा लेकिन पूरा करने का माद्दा नहीं** : 1932 के मुद्दे पर सरकार घेरते हुए श्री सुदेश महतो ने कहा कि सरकार और जेएमएम के लिए 1932 मुद्दा हो सकता है लेकिन उनके अंदर इसे लागू करने का माद्दा नहीं है। 1932 सरकार के लिए सिर्फ और सिर्फ वोट लेने का राजनीतिक एजेंडा है। सुदेश ने कहा कि मुख्यमंत्री जो अब शिक्षा मंत्री भी हैं उनको यह भी पता नहीं है कि अभी तक पिछले साल की किताबें भी बच्चों को नहीं मिली है और सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैया की वजह से तीन साल से साईकल का वितरण नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा कि सरकार हर एक मोर्चे पर विफल है चाहे वो युवाओं को रोजगार देने की बात हो या शिक्षा देने की। इसी का नतीजा है कि आज 11वीं कक्षा में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को सड़को पर उतरना पड़ रहा है। दसवीं के बाद 11वीं में पर्याप्त सीट नहीं होने की वजह से कितने बच्चों को या तो पढ़ाई छोड़नी पड़ती या घर से कई किलोमीटर दूर जा कर पढ़ाई करनी होती है। आगामी 8 अगस्त को जमशेदपुर में प्रदेश छात्र अधिवेशन का आयोजन होगा।

# परीक्षा पास कराने के नाम पर पुलिसकर्मियों से 50 लाख की वसूली का आरोप, डीजीपी बोले-होगी जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विस्थापित भवन धुर्वा में ट्रेनिंग कर रहे कुंदन कुमार नाम के पुलिसकर्मी ने परीक्षा पास कराने के नाम पर सुशांतो घोष नामक व्यक्ति पर पुलिसकर्मियों से 50 लाख की वसूली करने का आरोप लगाया है। पुलिसकर्मी कुंदन कुमार ने डीजीपी समेत झारखंड पुलिस के कई वरीय अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में कहा गया है कि 26 जून को विस्थापित भवन धुर्वा में सिपाही से एएसआई की प्रोन्नति के लिए हुई परीक्षा में ए. कंपनी के चेस्ट नं. 77 और बी कंपनी के चेस्ट नं. 96 से करीब 50 लाख रुपये (प्रति व्यक्ति 15 हजार की दर) की वसूली की है।

**मामले की होगी जांच : डीजीपी**

इस मामले में डीजीपी अजय कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहां कि मामले की जांच होगी और इस मामले को दिखवाते हैं।



**मामले की होनी चाहिए त्वरित जांच** : झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष करण सिंह ने कहा कि मामला गंभीर है, ऐसे मामले की त्वरित जांच होनी चाहिए। पुलिसकर्मियों का किसी भी तरह का दोहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

**राजभवन के गेट नंबर 1 के पास दिया गया पैसा** : शिकायत पत्र में कहा कि हाल ही में राजभवन के गेट नंबर-1 पर सुशांतो घोष नामक व्यक्ति को परीक्षा में पास कराने के नाम पर पैसा दिया गया। वह व्यक्ति गवर्नर हाउस का कथित बड़ा पदाधिकारी है। जिसने डीजीपी को कहकर सबको पास कराने की बात कही। राजभवन स्थित गेट नं. 1 के सीसीटीवी में सभी की तस्वीर भी कैद हुई है लेकिन जैसे ही सुशांतो घोष को पता चला कि सीसीटीवी लगा हुआ है, तो वहां से भाग गया।

## फर्जी तरीके से सेना में भर्ती कराने वाले रैकेट का भंडाफोड़, एक आरोपी धराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सेना में भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों से पैसे वसूल कर मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। मिलिट्री इंटेलीजेंस की सूचना के आधार पर नामकुम थाना की पुलिस ने छापेमारी कर एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से मार्कशीट, मेडिकल से संबंधित गोपनीय दस्तावेज और अन्य प्रमाण पत्र बरामद हुए हैं। इसके अलावा संदिग्ध के मोबाइल में फर्जी भर्ती से संबंधित कई



रिकॉर्डिंग भी मिली है। यह रैकेट फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर प्रत्येक अभियर्थियों से 50 हजार वसूलता था। जानकारी के मुताबिक, सेना की सेंट्रल कमान की एमआई को इस बात की सूचना मिली थी कि रांची में सेना की रिक्रूटमेंट रैलियों में पैसा देकर फर्जी तरीके से मेडिकल टेस्ट पास कराया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा**

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई-निविदा संख्या – 01/2023-24/NREP/GARHWA दिनांक 03.07.2023 जो PR 301367 Rural Development(23-24)D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाषित किया गया है, के शर्तों में संशोधन किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.07.2023
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 31.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ-पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:–01.08.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राषि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राषि निर्धारित तिथि को समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राषि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.08.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0, कार्यक्रम, गढ़वा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0, कार्यक्रम, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

PR.NO.302446 NREP(23-24):D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

पत्रांक 2581/ दिनांक 14.07.2023

आम सूचना

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 25.07.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह 12:00 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)। |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 02(दो) जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा। |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा। | |
| 07. | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08. | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा। | |
| 09. | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 10:00AM To 5:00 PM | |

दिनांक 25.07.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह 12:00 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.302437 District(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या – 02/RI/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 14.07.2023

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA/03/2023-24 | तरके में REO रोड से शिव नाला तक पथ निर्माण। (0.900 कि0मी0) | 67.141 | सड़सठ लाख चौदह हजार एक सौ रूपये। | 10000 | 135000 | तीन महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/GARHWA/05/2023-24 | करचा में मुख्य नहर पुल बी0टी0 रोड से प्राथमिक विद्यालय होते हुए डुमरिया सीमा तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.995 कि0मी0) | 69.890 | उनहत्तर लाख नवासी हजार रूपये। | 10000 | 140000 | तीन महीना |
| 3 | मेराल | RWD/GARHWA/06/2023-24 | लोवादाग स्वास्थ्य उपकेन्द्र से पढुआ PMGSY रोड तक पथ निर्माण। (0.800 कि0मी0) | 85.242 | पचासी लाख चौबीस हजार दो सौ रूपये। | 10000 | 171000 | तीन महीना |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.07.2023
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 31.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ-पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 01.08.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि को समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.08.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 302434 Rural Development(23-24).D

# एक्सएलआरआइ समेत देश के 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

>> देश में 90 शहरों में परीक्षा केंद्र, 30 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ समेत देश के 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाले जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (जैट) की परीक्षा सात जनवरी 2024 को होगी। परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी। इसे लेकर जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उक्त नोटिफिकेशन के अनुसार जैट में शामिल होने के लिए 15 जुलाई से लेकर 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन हो सकेगा। साथ ही 20 दिसंबर से एडमिट कार्ड को डाउनलोड भी किया जा सकेगा। इसके एक्सएलआरआइ की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह एक राष्ट्रीय स्तर की योग्यता परीक्षा है, जो यह MBA/PGDM प्रवेश के लिए सबसे पुरानी और दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा में से एक है। जैट के स्कोर के जरिये एक्सएलआरआइ जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के अलावा चेन्नई के लोयोला इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, सेंट जोसेफ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, आइएमटी गाजियाबाद, जीआइएम गोवा, श्री बालाजी यूनिवर्सिटी, टीएएमपीआइ मणिपाल, एक्सआइएमबी भुवनेश्वर, दिल्ली के फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट समेत अन्य करीब 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन हो सकता है।

## परीक्षा के पैटर्न में किसी प्रकार की कोई बदलाव नहीं



परीक्षा के पैटर्न में फिलहाल किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया है। परीक्षा का रिजल्ट जनवरी के अंतिम सप्ताह में जारी होगा। प्रश्नों की संख्या साल दर साल बदलती रहती है। प्रत्येक खंड में लगभग 22-30 प्रश्न होंगे और सामान्य ज्ञान सहित प्रश्नों की कुल संख्या 100-105 से अधिक नहीं होगी। कटऑफ में जीके व निबंध लेखन के स्कोर को शामिल नहीं किया जायेगा। लिखित परीक्षा में पास होने वाले को जीडी-पीआइ में शामिल होने के लिए कॉल किया जायेगा। परीक्षा में प्रश्न दो पार्ट में पूछे जायेंगे। पार्ट वन में वर्बल एबिलिटी व लॉजिकल रिजनिंग, डिसिजन मेकिंग, क्वांटेटिव एप्टीट्यूड व डाटा इंटरप्रेटेशन जबकि पार्ट टू में जेनरल नॉलेज व अनालिटिकल निबंध लेखन से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

### क्या है परीक्षा में शामिल होने की योग्यता

कोई भी स्नातक जैट में शामिल हो सकता है। अगर कोई उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या डिम्ड यूनिवर्सिटी में स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है, और उनका रिजल्ट 10 जून 2024 तक जारी हो जायेगा तो वह भी इसमें शामिल हो सकेगा।

### क्या होगा रजिस्ट्रेशन फीस

जैट के रजिस्ट्रेशन फीस में पिछले साल की तुलना में 100 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है। पिछले साल जहां रजिस्ट्रेशन फीस 2000 रुपये थी वहीं, इस बार यह बढ़ा कर 2100 कर दी गयी है। जबकि एक्सएलआरआइ के किसी भी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 200 रुपये है।

### महत्वपूर्ण तिथियां

>> परीक्षा तिथि - 7 जनवरी 2024
>> रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई 2023 से शुरू होगा
>> रजिस्ट्रेशन 30 नवंबर 2023 को समाप्त होगा
>> जैट एडमिट कार्ड डाउनलोड : 20 दिसंबर 2023 के बाद

### इन कोर्स में होगा दाखिला

1. बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम (बीएम)
2. ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम (एचआरएम)
3. पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट ( 18 माह )
4. फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम)
5. एक्सएलआरआई-आरबीएस डबल मास्टर्स प्रोग्राम
6. इनोवेशन, इंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर क्रिएशन प्रोग्राम

### कैसे करें आवेदन

1. खुद को पंजीकृत करें
2. ईमेल आईडी सत्यापित करें
3. जैट आवेदन पत्र ऑनलाइन भरें
4. आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें
5. आवेदन शुल्क का भुगतान करें
6. अपना आवेदन पत्र जमा करें

### क्या पूछे जायेंगे

1. वर्बल एबिलिटी एंड लॉजिकल रिजनिंग
2. डिसीजन मेकिंग
3. क्वांटेटिव एप्टीट्यूड एंड डाटा इंटरप्रेटेशन
4. जेनरल नॉलेज
5. निबंध लेखन

## स्पीड न्यूज

### बागबेड़ा लाल बिल्डिंग में कुंदन सिंह को घर में घुस कर गोली मारी



जमशेदपुर। बागबेड़ा थाना क्षेत्र के लाल बिल्डिंग साईं मंदिर के पास रेलवे क्वार्टर में घुसकर कुंदन सिंह नामक युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। कुंदन सिंह के पेट में गोली लगी है और टीएमएच में उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। कुंदन के परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की आधी रात के 2:00 बजे दो बाइक पर सवार होकर 9-10 की संख्या में बदमाश खिड़की तोड़कर कमरे में घुस गए और कुंदन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। भागते हुए बदमाशों ने भी हवाई फायरिंग की । इसके बाद कुंदन को इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। कुंदन सिंह के परिजनों ने बताया कि कुंदन की शादी 15 दिनों पूर्व ही हुई थी और वह शादी के पश्चात शांति पूर्ण जीवन बिता रहा था। इसी बीच बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। कुंदन सिंह की पत्नी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के लिए रमेश सिंह का खास आदमी अंकित आया हुआ था। अंकित ने ही कुंदन सिंह को गोली मारी है। कुंदन की पत्नी ने कहा कि आरोपियों ने जाते समय धमकी दी है कि वह फिर आएंगे और सभी को गोली मार देंगे। आरोपी गांजा और ब्राउन शुगर का कारोबार करते हैं और उनके पास बहुत अवैध पैसा है।

### झारखंड राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 9-15 अक्तूबर तक



जमशेदपुर। झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जमशेदपुर में 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अपनी फिल्मों का प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए निमार्ता-निर्देशक 31 जुलाई तक आवेदन दे सकते हैं। यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में संजय सतपति , उदय सतपति एवं राजू मित्रा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म फेस्टिवल झारखंड की सबसे बड़ी फिल्म फेस्टिवल है और विगत 3 वर्षों में कई नामी सितारे महोत्सव में भाग ले चुके हैं। महोत्सव का शोभा रंजीत वेदी यशपाल शर्मा राजेश जैन अखिलेंद्र मिश्रा आदित्य श्रीवास्तव इम्तियाज अली साजिद अली आनंद रावत पंकज झा श्वेता पंडा संजीव जयसवाल रिया तिर्की सितारे बढ़ा चुके हैं। इस वर्ष महोत्सव में कई फिल्मी सितारे शिरकत करेंगे महोत्सव में झारखंडी फिल्मकारों को अपना नॉमिनेशन कराने के लिए सबमिशन राशि में 50% की छूट दी जाएगी । महोत्सव में कई देशों जैसे यूएसए कनाडा जर्मनी फ्रांस यूके डेनमार्क नाइजीरिया नॉर्वे इजरायल जमायक आदि देशों की फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी। आयोजकों ने बताया की फिल्म महोत्सव में तीन कैटेगरी निर्धारित की गई है जिसमें नेशनल कैटेगरी झारखंड कैटेगरी एवं इंटरनेशनल विंडो कैटेगरी किस फीचर फिल्में शॉर्ट फिल्में डॉक्यूमेंट्री म्यूजिक वीडियो आदि की एंट्री कराई जा सकती है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संवाददाता सम्मेलन में राजू मित्रा संजय सतपति के अलावा श्रीमती पूर्वी घोष उदय सतपति मनमोहन मिश्रा शैलेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस का ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

चांडिल। शनिवार को चांडिल में आयोजित कांग्रेस पार्टी का इचागढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। इस इचागढ़ विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में रांची लोकसभा के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय एवं उनकी पुत्री यशस्विनी सहाय मुख्य रुप में उपस्थित थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय नहीं बल्कि टोला स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा टोला स्तरीय कमेटी का गठन करने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस दौरान उन्होंने केंद्र के मोदी सरकार को खूब कोसा एवं पूरे भारत में लूट मचाने की सरकार बताई।

# बिरसानगर बीवाइडब्लूसी मैदान में आधुनिक स्टेडियम बनवायेंगे : विधायक सरयू राय

### विधायक ने दो दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक सरयू राय।



फुटबॉल मैच का लुत्फ उठाते विधायक सरयू राय व अन्य अतिथि।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय शनिवार को बिरसानगर, जोन नं. 1, गुड़िया मैदान में बिरसा युथ वेलफेयर क्लब द्वरा आयोजित दो दिवसीय समीर मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। श्री राय ने खेल में भाग ले रहे खिलाड़ियों से मिलगर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

श्री राय ने किक मार कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब के अध्यक्ष अनूप महतो ने विधायक श्री सरयू राय से आग्रह किया कि मैदान को स्टेडियम के रुप में विकसित कराने में सहयोग करें। इसके पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस मैदान में विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप एक स्टेडियम का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा इसके लिए वे संबंधित विभाग में प्रस्ताव रखेंगे। मौके पर ही श्री राय ने जमशेदपुर अक्षेस के कनीय अभियंता को बुलाकर मैदान की मापी करवाया ताकि यह पता किया जा सके कि यहां उपलब्ध भूखंड का क्षेत्रफल और विश्व स्तरीय स्टेडियम के लिए आवश्यक अन्य मानकों को पूरा करता है या नहीं।

राय ने कहा कि यहां एक उच्च स्तरीय स्टेडियम का निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी और एक विश्व स्तरीय स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। राय ने कहा कि यहां स्टेडियम बन जाने से बिरसानगर सहित समीपवर्ती क्षेत्र के युवा यहाँ खेल का अभ्यास कर सकेंगे और अपनी खेल प्रतिभा को निखारेंगे। यही युवा भविष्य में शहर, राज्य और देश का नाम रौशन करने में अपना योगदान देंगे। उद्घाटन समारोह का संचालन क्लब के हिरिच होरो ने किया जबकि अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत क्लब के अध्यक्ष अनूप महतो, सचिव नीरज तोपनों और श्री शुरु ने किया।

## खबर एक नजर में

### मानगो : सुंदर गार्डेन सोसायटी में रूद्राभिषेक एवं महाभोग का आयोजन



**जमशेदपुर।** सावन माह के पावन अवसर पर सुन्दर गार्डन सोसायटी मानगो स्थित शिवालय में रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। रूद्राभिषेक सोसायटी के निवासियों के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। संध्या आरती के पश्चात भोग-प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमा शंकर सिन्हा, अवधेश शर्मा, नवीन कुमार पाण्डेय, हरेन्द्र सिंह,सावलीया पाठक,एस सी झा, बी एन मिश्रा, विवेक पराशर सिन्हा, रीतू आर्या, रेणुका ठाकुर, सविता बर्मा, चन्द्रकला देवी,ललीता मिश्रा, चन्द्रावती देवी, गीता देवी आदि ने सहयोग किया।

### बीके विकास रंजन ने ध्यान और व्यायाम से छात्रों को सिखाया क्रोध प्रबंधन



जमशेदपुर। शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मिसेज केपीएम वोकेशनल कॉलेज, बिस्टुपुर, जमशेदपुर में क्रोध प्रबंधन पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में ब्रह्माकुमारीज के प्रख्यात वक्ता बी के विकास रंजन ने लोगों को राजयोग मेडिटेशन द्वारा स्वयं की भावनाओं को नियंत्रित रखने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रबंधन का उद्देश्य युवा व्यक्तियों को प्रोत्साहित करके असहमति को हल करने के लिए एक सकारात्मक विकल्प प्रदान करना है। अनुशासन के माध्यम से भावनाओं और निराशाओं को प्रसारित करके, छात्र आत्म-नियंत्रण, सम्मान और व्यक्तिगत विकास में मूल्यवान सबक सीख सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा कभी भी जवाब नहीं होनी चाहिए, उन्होंने छात्रों को गुस्सा कम करने के लिए कुछ ध्यान और व्यायाम कराए। बी के अंजना बहन भी इस कार्यक्रम में शामिल थी । प्राचार्य डॉ. मीता जखनवाल ने विद्यार्थियों को सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पढ़ाई में ध्यान और भावनाओं को शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया। स्वागत भाषण सीएमए शशि किरण तिवारी एचओडी बीबीए विभाग ने दिया। इस कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### टाटा स्टील यूआइएसएल के सहयोग से बागबेड़ा कालोनी नाले की सफाई शुरू



जमशेदपुर। पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार,जुस्को के हेड कैप्टन धनंजय मिश्रा, अर्बन सर्विस के सीनियर मैनेजर केशव रंजन एवं मैनेजर गुरुवारी हेंब्रम के संयुक्त सहयोग से हरहरगुट्टू एवं बागबेड़ा कॉलोनी के बीच स्थित कृष्णापुरी नाला, एवं हरहरगुट्टू स्थित दादी बागान के समीप तीनों पंचायत को जोड़ने वाला नाला की साफ-सफाई एक जेसीबी और हाईवा से करवाया गया। इसके अलावे मजदूरों से रोड नंबर 4 के क्वार्टर के पीछे गली की भी साफ सफाई कराई गई है। विगत कई वर्षों से इस नाला कि एक बार भी साफ सफाई नहीं की गई थी। जिसके कारण बरसात के मौसम में नाला का पानी मुख्य सड़क पर बहता था। जिसके कारण आवागमन में लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, मुखिया उमा मुंडा, बन्ना गुप्ता फैंस क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंह से की थी। पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक संजीव सरदार से आवेदन में अनुशंसा कर जुस्को के हेड कैप्टन धनंजय मिश्रा से मिलकर उनके कार्यालय में आवेदन दी। कैप्टन धनंजय मिश्रा ने अर्बन सर्विस के सीनियर मैनेजर केशव कुमार रंजन को वह पत्र भेज कर साफ सफाई करने की बात कही। तत्पश्चात सीनियर मैनेजर केशव कुमार रंजन एवं मैनेजर गुरुवारी हेंब्रम से मिलने के पश्चात आज नाला की साफ-सफाई एवं बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के क्वार्टर के पीछे गली में साफ सफाई का कार्य प्रारंभ हुई। इस दौरान पूरे मंत्र उच्चारण के साथ नारियल फोड़कर और अगरबत्ती दिखाकर कार्य का शुभारंभ किया गया। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि बरसात के पूर्व बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के क्वार्टर के पीछे गली की नाली का साफ सफाई लगातार जारी रहेगी। इस साफ सफाई अभियान में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राकेश सिंह, राजकुमार सिंह, अरविंद पांडे, समाजसेवी पवन ओझा धनंजय सिंह संदीप सिंह, महेश ठाकुर, रामबाबू, के डी मुंडा, आनंद शर्मा सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर माने विस्थापित



चांडिल। गुरुवार को अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के संस्थापक राकेश रंजन महतो एवं अन्य विस्थापितों के खिलाफ किये गये झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग को लेकर विस्थापितों ने गुरुवार को चांडिल थाना में अपनी गिरफ्तारी दी। विस्थापित राकेश रंजन महतो के नेतृत्व में चांडिल अनुमंडल अस्पताल से पैदल रैली निकाल कर गिरफ्तारी देने चांडिल थाना पहुंचे। थाना गेट के समक्ष अपनी मांगों को रखा तथा विस्थापितों पर दर्ज झूठे मुकदमें को वापस लेने की मांग को लेकर थाना परिसर में बैठ गये। इधर, विस्थापितों के द्वारा आहूत गिरफ्तारी कार्यक्रम को लेकर चांडिल थाना परिसर पुलिस छावनी में तब्दील था। विस्थापित अपनी गिरफ्तारी देने पर अड़े हुए थे। पुलिस पदाधिकारियों ने विस्थापितों को समझा बुझा कर शांत कराया तथा आश्वासन दिया कि विभाग के द्वारा विस्थापितों के उपर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच की जायेगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। निष्पक्ष जांच के आश्वासन मिलने के बाद विस्थापित माने तथा देर शाम अपने-अपने घर लौट गये। इस दौरान चांडिल सीओ प्रणव अम्बष्ठ वरीय दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त थे। इस मौके पर भाजपा नेता विनोद राय, संस्थापक राकेश रंजन महतो, अनूप कुमार महतो, गुरुचरण साव, अजय महतो, रुपेश गोराई, सुनील महतो, गीतारानी महतो आदि विस्थापित शामिल थे।

### अकाट्य अस्त्र है प्रेम, सीताराम से करें प्रेम : नीरज मिश्रा



**जमशेदपुर।** करतल ध्वनि के साथ - श्रीराम जय राम जय जय राम संकीर्तन से श्रीरामकथा की शुरूआत हुई। श्री राममंदिर टेल्को में आज शनिवार को श्रीरामकथा के दूसरे दिन आचार्य नीरज मिश्रा जी ने रामकथा के दौरान कहा कि सभी शास्त्र प्राण और वेदों का एक ही मतलब है प्रभु श्री सीताराम के चरणों मे प्रेम करना। प्रेम ऐसा अमोघ शस्त्र है जिसका कोई काट ही नहीं है ।जो कार्य विद्वता, बल धन आदि से नही हो सकता वह कार्य प्रेम से हो जाता है ।इसलिए प्रेम को ही अमृत कहा गया है ।मानव जीवन का एक ही मुख्य धर्म होना चाहिए प्रेम देना और प्रेम लेना। इस आध्यात्मिक प्रवचन रामकथा का श्रवण करने के लिये दूसरे दिन काफी संख्या में रामभक्त श्रद्धालु उपस्थित रहें ।कथा के अंत मे सामूहिक श्रीरामायण जी की आरती के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री राममन्दिर समिति टेल्को के महामंत्री चन्द्रभान सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, बबन पाण्डेय,नरेंद्र कुमार सिंह( हैप्पी), शैलेंद्र सिंह,कामेश्वर सिंह,अरुण कुमार सिंह,राजेश पाण्डेय,राकेश कुमार सिंह,वेंकट राव,एस के मिश्रा , मनंजय पाण्डेय, अभय पांडेय इत्यादि लगे हुये है।

## झारखंड में बोर्ड एवं निगमों में कांग्रेसियों को पद दिलाने की मांग

नयी दिल्ली में खड़गे से मिले पूर्व जिला अध्यक्ष रामाश्रय समेत अन्य कांग्रेसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद के नेतृत्व में नरेश कुमार सिंह अल्पसंख्यक समुदाय के वरिष्ठ नेता फिरोज खान माइनॉरिटी के प्रदेश सचिव रईस रिजवी सिमरिया से शुभेंदु शंकर चतरा से मो नसरुद्दीन एवं झारखंड के अन्य जिलों से आए हुए प्रतिनिधि लोग अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे महासचिव केसी वेणुगोपाल झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे महासचिव तारिक अनवर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जमशेदपुर के पूर्व सांसद अजय कुमार एवं उदित राज से मिले। इन नेताओं से मिलकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन एवं बोर्ड एवं निगम के गठन के बारे में चर्चा की गई जो सुझाव प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिया गया सभी माननीय पदाधिकारियों ने इस पर सकारात्मक विचार रखते हुए सही समय पर कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## आरएसबी ग्लोबल के कर्मचारियों ने किया रक्तदान

चेयरमैन आरके बेहरा और एमडी एसके बेहरा ने रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

**खबर मन्त्र टीम**



**जमशेदपुर/गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख ऑटो कंपोनेंट्स मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड के प्लांट एक में शनिवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरायकेला के अनुमंडल पदाधिकारी राम कृष्ण कुमार, कंपनी के चेयरमैन आरके बेहरा और वाइस चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक एसके बेहरा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सरायकेला के बीडीओ मृत्युंजय कुमार भी शामिल रहे। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों द्वारा रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाया गया। एसडीओ रामकृष्ण कुमार ने अपने संबोधन में आरएसबी कंपनी द्वारा रक्तदान जैसे मानवीय कार्य किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जिसमे सभी लोगों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस शिविर के माध्यम से कुल 330 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसे जमशेदपुर ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया है। कंपनी की एचआर प्रमुख जया सिंह समेत अन्य का योगदान रहा।

## बर्मामाइंस के अत्याधुनिक भवन का एसएसपी प्रभात कुमार ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





नये थाना भवन का उद्घाटन करते एसएसपी प्रभात कुमार और डीएफओ ममता प्रियदर्शी।

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में बमार्माइंस थाना के नए भवन का शनिवार को एसएसपी प्रभात कुमार ने विधिवत उद्घाटन किया। इसके पूर्व नए थाना परिसर में पूजा की गई। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार के अलावा जमशेदपुर डीएफओ ममता प्रियदर्शी और थाना प्रभारी अजय कुमार समेत थाना कर्मी मौजूद रहे। नया थाना भवन बमार्माइंस के कैरेज कॉलोनी में बनाया गया है। जिसमें कई सुविधाएं मुहैय्या कराई गई है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि नए भवन में कुल 2.25 करोड़ की लागत आई है। जिसमें कई सुविधाएं होंगी। इसके अलावा महिला और पुरुष बैरक अलग होंगे। उन्होंने बताया कि पुराने भवन से नए भवन में शिफ्ट करने में 15-20 दिनों का समय लगेगा। जब तक थाना पूरी तरह शिफ्ट नहीं हो जाता तब तक पुराने थाने में भी काम चलता रहेगा। एसएसपी ने बताया कि शहर में अब भी कई थाने ऐसे है जिनका ना तो अपना भवन है और ना ही उनकी स्थिति ठीक है। उन्होने बताया कि सिदगोड़ा थाना के नए भवन के लिए टाटा स्टील ने एनओसी दे दिया है। जल्द ही उसका काम शुरू हो जाएगा वहीं मानगो थाना के नए भवन भी जल्द ही बनेगा।

### एसबीआई के आठ सर्किलों के उप-मुख्य सचिव चुने गए कामरेड रिंटु रजक

जमशेदपुर। भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संगठन पटना मंडल के वर्तमान उपाध्यक्ष कामरेड रींटु कुमार रजक को मिला नई जिम्मेवारी। दिनांक गत 12 जुलाई को आठ राज्यों की राजगीर बिहार में हुए सम्मेलन में कामरेड रींटु कुमार रजक को सर्व सम्मति से आठ सर्किलों का डिप्टी चीफ सेकेंट्री चुन लिया गया। चीफ सेक्रेटरी श्री संजीव कुमार बंदलिश श्री अभय देव शर्मा अध्यक्ष 8 राज्य एवं राजु कुमार सिंह महासचिव पटना मंडल उन्हें शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर नई जिम्मेवारियों से अवगत कराया। ज्ञात हो कि कामरेड रींटु कुमार रजक विगत 34 वर्षों से बैंक की सेवा के साथ साथ संगठनों के विभिन्न पदों पर रहते हुए आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं, उनकी संगठन में हुई प्रोन्नति से पटना मंडल में सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों में खुशी की लहर है। एफ.बी.यू.जमशेदपुर के घटक दलों के नेतृत्व के द्वारा बधाईयों का सिलसिला जारी है। कामरेड रजक ने कहा कि ने नए पद से नई जिम्मेवारियों का निर्वहन शुरू हुई है एवं सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों से बैंक और संगठन के उत्थान में सहयोग की उम्मीद के साथ धन्यवाद दिया।

## मोहरदा वाटर प्रोजेक्ट फेज-2 को लेकर प्रोजेक्ट भवन में बैठक 18 को

नगर विकास मंत्रालय की बैठक की अध्यक्षता विधायक सरयू राय करेंगे

चांडिल डैम का पानी सीधे आये डिमना लेक,वहां से मोहरदा को मिले पानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मोहरदा जलापूर्ति परियोजना फेज -2 (प्रस्तावित) एवं मोहरदा जलापूर्ति योजना (वर्तमान) के सुदृढ़ीकरण कार्यों में प्रगति की समीक्षा के लिए दिनांक 18.7.2023, मंगलवार को रांची स्मार्ट सिटी कैम्पस में एक बैठक नगर विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता जमशदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय करेंगे तथा बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त के प्रतिनिधि एक वरीय जिला स्तर पदाधिकारी, जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी, टाटा स्टील यूआईएसएल के वरीय महाप्रबंधक, जुडको के परियोजना निदेशक तथा मोहरदा फेज-2 के लिए नियुक्त परामर्शी मेसर्स वेपकोस लिमिटेड के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में मोहरदा के वर्तमान वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढाने, एक सेटलिंग जलाशय बनाने, भुवनेश्वरी मदिर के पास एक नई टंकी बनाने, वर्तमान टंकियों की नियमित सफाई करने, बचे हुए इलाकों में जलापूर्ति वितरण पाइप डालने, निमार्णाधीन 9592 प्रधानमंत्री आवासों के लिए तथा जमशेदपुर अक्षेस के समीपवर्ती क्षेत्रों के लिए जलापूर्ति की व्यवस्था करने, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आवश्यक पंपिंग सिस्टम, जलाशय आदि का निर्माण करने पर विचार होगा। विधायक सरयू राय ने कहा कि मोहरदा के अतिरिक्त जमशेदपुर में स्वर्णरेखा नदी से पानी लेकर, पेयजल के रूप में आपूर्ति करने के बारे में भी विचार किया जाएगा। नदी का पानी गंदा हो जाने के कारण टाटा लीज क्षेत्र के इलाकों में भी गंदगी युक्त एवं कीड़ा युक्त पानी की शिकायतें मिल रही है। इन शिकायतों के मद्देनजर चांडिल जलाशय से डिमना लेक होकर साफ पानी लेने के बारे में भी वे बैठक में शामिल अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करेंगे। मोहरदा जलापूर्ति परियोजना की क्षमता बढ़ाना तथा इसका फेज-2 तैयार करना आवश्यक हो गया है।

### पेयजल की गुणवत्ता सुधारने के लिए टाटा स्टील यूआइएसएल ने उठाये कदम

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय द्वारा टाटा स्टील यूआइएसएल द्वारा कीड़ायुक्त पानी आपूर्ति करने के मामले पर नाराजगी व्यक्त करने के पश्चात कंपनी ने उचित कदम उठाये हैं। कंपनी का कहना है कि बारिश की कमी के कारण, इस वर्ष हम कम वर्षा देख रहे हैं और इसका असर नदी के प्रवाह पर पड़ा है, जिससे ठहराव पैदा हो गया है। डिमना झील का स्तर भी कम है, जिसका उपयोग पिछले वर्षों में जल से सम्बंधित मुद्दों को कम करने के लिए किया जा रहा था। ऐसे में शहर में आपूर्ति किये जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए आपूर्तिकर्ता कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल ने कई प्रभावी कदम उठाये हैं। यह जानकारी कंपनी के प्रवक्ता ने दी है।



टीएसयूआईएसएल ने पानी की गुणवत्ता में और सुधार करने के लिए निम्नलिखित सुधारात्मक कार्रवाई की है -
>> नदी के सेवन क्षेत्र से जलकुंभी को हटाना
>> पानी की गुणवत्ता की निगरानी की आवृत्ति में वृद्धि
>> कीटाणुशोधन रसायनों की खुराक बढ़ाएं
>> पाइपलाइन फ्लशिंग आवृत्ति बढ़ा दी गई है

## स्पीड न्यूज

### पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिताजी के निधन पर जेजेए ने जताया शोक



मेदिनीनगर। जेजेए पलामू जिला इकाई की बैठक शनिवार को स्थानीय सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने की। संचालन महासचिव नितेश तिवारी ने किया। बैठक में संगठन के वरिष्ठ सदस्य और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय सिंह उमेश के पिता जी के निधन पर सभी पत्रकार साथियों ने दुःख प्रकट करते हुए आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजय सिंह उमेश एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय पांडेय ने भाग लिया। मौके पर पत्रकार संजय पांडेय ने खबर लिखते समय फेक न्यूज को कैसे जांचे इस पर प्रकाश डाला। वही बैठक में पत्रकारों को संगठन के आगामी सितंबर अक्टूबर महीने में होने वाली कार्यशाला के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, जिला महासचिव नितेश तिवारी, जिला सचिव अमित कुमार बंटी, जिला सचिव असगर अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष शिवेंदु कुमार, मनातू प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र, सतबारवा प्रखंड अध्यक्ष दिलीप चौधरी, उपाध्यक्ष एसके रवि, राष्ट्रीय पार्षद संजय पांडेय नंदन कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय सिंह उमेश, दीपक तिवारी, अमित तिवारी, पप्पू कुमार, शशिकांत ओझा, मुरारी, पप्पू कुमार, अश्वनी शर्मा, अनुज प्रसाद, रूपेश कुमार, मनोहर कुमार, संजीत कुमार, अनिल कुमार शर्मा, ऋषि राज सिन्हा, संदीप सिंह, ताराचंद, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, मोहम्मद शफी, सतेंद्र बैठा, सतीश कुमार, दिवाकर सिंह, रविंद्र कुमार, प्रेम कुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र कुमार, आलोक मिश्रा, राजू राय, यमुना कुमार पांडेय, जितेंद्र यादव सहित कई पत्रकार उपस्थित थे।

### जन कल्याण ट्रस्ट ने रक्त दान किया



मेदिनीनगर। जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, सदस्य संतोष दुबे, बंटी गुप्ता के संयुक्त प्रयास से सदर हॉस्पिटल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में जरूरतमंद महिला को एक यूनिट रक्त प्रदान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत ने कहा कि शैलेश दुबे पिता स्वर्गीय सरजू दुबे ग्राम बेगानिया पंचायत दिनदाग प्रखंड छतरपुर शैलेश दुबे एवं उनकी माता को रक्त की कमी थी। इसकी जानकारी लोगों ने उन्हें दी। इसके बाद अजीत ने पहल कर उक्त महिला को एक यूनिट रक्त उपलब्ध कराया। शैलेश दुबे की पत्नी पूनम देवी एवं उनके माता से बात कर रक्त देते हुए कहा कि ट्रस्ट जरूरतमंद मरीजों को रक्त की कमी नहीं होने देगी। ट्रस्ट हर समय लोगों के लिए रक्त प्रदान करने को संकल्पित है। कहा कि रक्त के अभाव में किसी की भी मौत नहीं होगी।

### कार्यकर्ता अपने आप को उपेक्षित न समझें समस्या बतायें होगा समाधान : मंत्री भोक्ता



मेदिनीनगर। पलामू परिसदन में राजद के प्रमंडलस्तरीय प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव व झारखंड के श्रम नियोजन व प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता के समक्ष की गई। इसमें पलामू, गढ़वा व लातेहार जिला के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष व विभिन्न मंच, मोर्चा, प्रकोष्ठ के प्रदेश स्तर के लोग मौजूद थे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा राजद को नजर अंदाज किये जाने व प्रशासन द्वारा कार्यकर्ताओं को उपेक्षित किये जाने की पीड़ा को रखा। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के समक्ष कहा कि झारखंड में महागठबंधन के सरकार में राजद भी शामिल है। सरकार के हर नीति व सिद्धांत पर राजद अपना समर्थन दे रही है इसके बावजूद भी सरकार द्वारा झारखंड में राजद को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिस कारण राजद अपने आप को कमजोर महसूस कर रही है। वहीं जिलास्तर से लेकर प्रखंड स्तर के सरकारी अधिकारी, थानेदार राजद कार्यकर्ता को कोई तवज्जो नहीं देते हैं। जिस कारण हम अपनी समस्या का समाधान नहीं करा पाते हैं। इसमें पलामू जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, गढ़वा जिलाध्यक्ष सूरज, लातेहार जिलाध्यक्ष रामप्रवेश समेत कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी पीड़ा को रखा। गढ़वा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब गढ़वा विधानसभा का चुनाव गठबंधन के तहत किया जा रहा था तब उस समय राजद के लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार को जीताने का काम किया। आज वही विधायक मंत्री बनकर राजद को टारगेट कर तोड़ने का काम कर रहे हैं। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि वे अपने आप को उपेक्षित महसूस न करें। सरकार में मैं पार्टी की ओर से अकेला विधायक व मंत्री हूं। इसके बावजूद राजद का कद सरकार में कम नहीं है। कार्यकर्ता अपनी समस्या हमारे समक्ष रखें उसका समाधान होगा। जिले के कोई भी अधिकारी यदि नजर अंदाज कर रहे हों तो उसका नाम बतायें, उस पर संज्ञान अवश्य लिया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हौंसला आफजाई करते हुए कहा कि पार्टी के आप सभी रीढ़ हैं। पलामू प्रमंडल समेत चतरा में पार्टी के जनाधार को बराकरार रखने की जरूरत है। आगामी चुनाव में अपना उम्मीदवार जीताने का काम करें। समस्या खुद ब खुद स्वतः समाप्त हो जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर कार्य करें। उसमें परेशानी हो तो उसे दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग में कई ऐसी योजनाएं हैं जिसका लाभ लोग नहीं ले रहे हैं। इस योजना का प्रचार प्रसार करें। राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि भाषण से ज्यादा नैतिक जवाबदेही कार्यकर्ताओं को लेना होगा। कार्यकर्ता नसीहत देने में विश्वास न रखें बल्कि एक सिपाही की तरह गांव गांव में पार्टी का विस्तार करें। मौके पर प्रदेश महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, रंजन यादव, विश्वनाथ राम घुरा, रामनाथ चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव डा मकबुल आलम, प्रदेश महासचिव जबरूदीन अंसारी, राजेश रौशन, धनंजय पासवान, विजय रविदास, नरेश सिंह, संतोष यादव, प्रमोद यादव समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### कार्यकर्ताओं के बल पर कांग्रेस जीतेगी आगामी चुनाव : बिट्टु पाठक



बिश्रामपुर /उंटारी रोड । उंटारी प्रखंड के अध्यक्ष रिंकू सिंह के अध्यक्षता में कांग्रेस प्रखंड एवं मंडल की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई । बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रभारी सत्येंद्र सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि सतनारायण तिवारी ,प्रखंड सह प्रभारी महेंद्र दुबे उपस्थित थे। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनको तो आजाद कर दिया पर झूठ झूठ के चाले चल, एक राजनीतिक साजिश के तहत जन जन के नेता हम सभी के नेता राहुल गांधी जी को कटघरे में खड़ा कर संसद से निलंबित करा दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा एवं सभी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस चुनाव जीतेगा। प्रखंड, मंडल पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि लक्ष्य 2024 को लेकर जल्द से जल्द बूथ में काम शुरू किया जाए। मौके पर सुरेंद्र तिवारी, राम लखन तिवारी, रविंद्र दीक्षित, उमेश कुमार दीक्षित, अखिलेश तिवारी, अंबिका तिवारी, विनोद तिवारी ,सुधीर पासवान, श्याम नारायण सिंह, रामकृष्ण तिवारी, ब्रिज तिवारी, जगन मिस्त्री, महेश्वर रजवार, सोनू प्रजापति, अहमद अंसारी, सीताराम चंद्रवंशी, रामरेखा चंद्रवंशी,सरजू प्रजापति, लक्ष्मण मिस्त्री, फिरंगी राम, अखिलेश राम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर हैं संकल्पित : डॉ शशिभूषण

### पांकी विधायक ने किया सरना चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने मनातू प्रखंड के पंचायत पदमा ग्राम तेतरडीह में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सरना चारदीवारी निर्माण योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर पांकी विधायक डॉ मेहता ने कहा कि सरना चारदीवारी निर्माण होने से लोगों में सुरक्षा बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में एक-एक समस्या का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को समुचित बुनियादी सुविधा प्रदान किया जा रहा है। पांकी विस क्षेत्र में पथ, सिंचाई, शिक्षा समेत कई योजनाएं संचालित है।

लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मौके पर उपस्थित जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, महेंद्र उरांव, कमेश यादव, पिंटू यादव सुधीर तिवारी, सोनू वर्मा अनेकों लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी के अनुभव का लाभ कार्यकर्ताओं को मिलेगा : डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा रांची में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह समेत प्रदेश पदाधिकारी समेत कई विधायक मौजूद थे। मिलन समारोह में पांकी विस क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता शामिल हुए।

मौके पर डॉ मेहता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अनुभव व मार्गदर्शन का लाभ भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मरांडी के नेतृत्व में भाजपा आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहरायेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर अभी से ही लग जायें।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में फ्रेशर्स डे और ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन, प्राचार्य ने कहा

# अनुशासन व संघर्ष से खुलते हैं सफलता के द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता









**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के लिए फ्रेशर्स डे एवं ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सर्वप्रथम सातवीं, आठवीं व नौवीं के छात्रों द्वारा वर दे वीणा वादिनी वर दे गीत पर संयुक्त रुप से नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वंदना पाठक कक्षा बारहवीं की छात्रा ने बरसो रे मेघा-मेघा गीत पर मोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। शिक्षकों द्वारा ग्यारहवीं के छात्रों को स्वागत शुभकामनाएं दी गई। तत्पश्चात सृष्टिराज, नन्दिनी व उनके सहयोगी छात्रों ने गीत की प्रस्तुति दी। ग्यारहवीं के छात्रों ने स्वयं को शिक्षकों व विद्यालय परिवार से परिचित कराया। इसी क्रम में वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता (गेम) का कनिष्ठ छात्रों ने लुफ्त उठाया। श्रेया पाठक सहित अन्य प्रतिभागियों ने मुश्किल से ही आसां हुई मुश्किल गीत पर मनोहर नुत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय शिक्षक दिलीप मिश्रा द्वारा सफलता के सूत्र व कर्म की प्रधानता जैसे महत्वपूर्ण संदर्भों के माध्यम से छात्रों को जीवन के रहस्य बताए। बारहवीं के छात्रों के द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य निर्माण का कार्य सदैव समय और अनुशासन पर आधारित होता है। इनके संयोजन, अनुपालन, सक्रियता व संघर्ष से ही सफलता के द्वार खुलते हैं। सफलता का कोई सरल रास्ता नहीं है। वर्तमान समय में 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम लाने का आपका ध्येय होना चाहिए। सफल कार्यक्रम के लिए बारहवीं कक्षा के छात्रों की प्रशंसा की। बारहवीं की छात्रा सृष्टिराज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन सृष्टिराज, नंदिनी सिंह, आकांक्षा गुप्ता तथा अर्पिता रानी ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र को नहीं बनने देंगे चारागाह : भोक्ता

### दो लाख से अधिक मतों से जीतेंगे चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पिताम्बरपुर पलामू।** श्रम रोजगार प्रशिक्षण कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को यहां दौरा क्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बाहरी प्रत्याशियों ने चतरा को चरागाह बना दिया है।

यहां के विकास राशि को लूटने का काम किया है। यही कारण है कि चतरा संसदीय क्षेत्र में गरीबी, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महंगाई और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। नौ साल का इनका नारा बेमानी है। इन नौ वर्षों में सांसद आदर्श ग्राम में कहीं भी पुलिया, कुआं, स्कूल सड़क नहीं बना है। भोक्ता ने कहा की आजादी के 75 वर्षों में पीढ़ी दर पीढ़ी यहां की जनता बाहरी प्रत्याशियों को वोट करते आ रही है जो 2024 में नहीं होगा।

इस बार के चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र से जनता उन्हें दो लाख से अधिक मतों से जीता कर लोकसभा भेजने का काम करेगी।

### किशुनपुर पंचायत सचिवालय में हुई झामुमो युवा मोर्चा की बैठक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशुनपुर पंचायत सचिवालय में झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला के युवा मोर्चा अध्यक्ष सनी शुक्ला ने ने की और संचालन झामुमो के पाटन प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह ने किया। बैठक में पाटन प्रखंड के झामुमो युवा मोर्चा का चुनाव किया गया। चुनाव कार्यक्रम के दौरान पाटन प्रखंड के युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन कुमार, सचिव गोरखनाथ चंद्रवंशी एवं कोषध्यक्ष सुनील कुमार रजक को बनाया गया। सनी शुक्ला ने कहा कि पूरे झारखंड में माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है। हम सभी युवाओं की भी सरकार है, इस वजह से आज हम युवाओं को एकत्रित करें जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिला युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष देवनंदन भारद्वाज, संयुक्त सचिव कृष्णा कन्हैया दुबे समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री भोक्ता ने अल्ट्रासाउंड केंद्र का किया उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता





**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता नीलांबर पितांबरपुर हॉस्पिटल रोड में पलामू अल्ट्रासाउंड का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर भोक्ता ने कहा कि इस प्रखंड में एक भी अल्ट्रासाउंड केंद्र नहीं था। यहां अल्ट्रासाउंड केंद्र खुलने से मरीजों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर सनातन धर्म सभा के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। राजद कार्यालय के पास कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मंत्री गांधी चौक पर गांधीजी की प्रतिमा को माल्यार्पण किया फिर लेस्लीगंज थाना के शिव मंदिर में माथा टेका। राजद कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से मिलते हुए उन्होंने सभी का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ने का भी संकेत दिया। मौके पर अल्ट्रासाउंड संचालक अमित तिवारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर, जिप सदस्य विजय राम, अरुण देव, विश्वनाथ राम, जुबेर आलम, सैयद अहमद समेत काफी लोग मौजूद थे।

**मृतक व्यवसायी के परिजन से मिले**

वर्ष 2017 में अगलगी से प्रभावित लेस्लीगंज मुख्यालय के मृतक युवा व्यवसाई राकेश कुमार के परिजन से मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मुलाकात की। इस दौरान राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम ने मंत्री को बताया कि जिला परिषद के स्तर से दुकान मिलना चाहिए। इस पर मंत्री ने आश्वस्त कराया कि सभी दुकानदारों को दुकान मुहैया कराया जाएगा।

### गोली चालन का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा गांव में जमीनी विवाद में गोली मारकर घायल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चैनपुर थाना केस संख्या 231/2022 में फरार अभियुक्त मनोज दूबे को शनिवार की अहले चैनपुर थाना पुलिस ने पूर्वडीहा गांव से गिरफ्तार कर लिया है। चैनपुर थाना प्रभारी उदय गुप्ता ने बताया कि भूमि विवाद में मारपीट मामले में पुलिस फरार अपराधी मनोज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। अंत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ज्ञात हो कि विगत 9 अक्टूबर 2022 को पूर्वडीहा गांव में जमीन बंटवारे को लेकर आपस में सभी गोतिया लोग एक बैठक का आयोजन किये थे जिसमें आपसी बातचीत चल रही थी कि अचानक मनोज दूबे ने जान मारने की नियत से विमल दूबे को टारगेट करके गोली चला दिया। पहला गोली विमल दूबे के बगल से पार हो गई लेकिन दूसरी गोली पैर में लगी जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये। चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया था। रांची के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान विमल दूबे का पैर काटना पड़ा। घटना के बाद अपराधी मनोज दूबे फरार चल रहा था।

### मुरमुसी में ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण परेशान



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** बिजली विभाग की लापरवाही से प्रखंड मुख्यालय से सटे मुरमुसी गांव एक सप्ताह से बिजली संकट से जूझ रहा है। हालात यह हैं कि यहां पर उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन तक चार्ज नहीं हो रहे हैं। बिजली की समस्या को लेकर गांव वालों का कहना है कि कई बार विभाग का चक्कर काट रहे हैं लेकिन अबतक कोई पहल नहीं की गई है। समाजसेवी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से 1500 आबादी प्रभावित हैं। इस मामले को लेकर विधायक सहित विभागीय पदाधिकारियों को कई बार गुहार लगाया गया है लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई। जिसके बाद अब ग्रामीण आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। विरोध करने वालों में कन्हाई शर्मा, अजय कुमार, हनीफ मियां, सुदामा राम, शिवप्रसाद, रितेश कुमार, गया साहब, अखिलेश कुमार, मिंटू श्रीवास्तव, पंतुआ साल आदि शामिल हैं।

### मुहर्रम सौहार्द के साथ मनायें : जेनरल सहरयार

### धोबी मुहल्ला इस्लामिया नौजवान हवारी कमिटी ने जेनरल का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** धोबी मुहल्ला में इस्लामिया नौजवान हवारी कमिटी के द्वारा मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर हवारी कमिटी के सदर सराउदीन हवारी, खलीफा शहजाद हवारी व अन्य ने जेनरल कमिटी के लोगों को पगड़ी, माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जेनरल के सदर सहरयार अली ने कहा कि पलामू जिला में मुहर्रम, रामनवमी समेत अन्य कई पर्व हिंदू-मुस्लिम आपसी भाईचारा का पैगाम देते हुए सौहार्द पूर्वक मनाते आ रहे हैं। उसी गंगा-जमुना तरजीह को बरकरार रखते हुए इस वर्ष हम सभी को मुहर्रम शांतिपूर्वक मनाना है। अली ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देशों का अनुपालन अक्षरशः हम सभी को करना है। इस मौके पर हवारी कमिटी के सदर सलाउदीन ने कहा कि धोबी मुहल्ला प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदर व आकर्षक ताजिया निकालेगा। उन्होंने कहा कि शहर में एक मात्र धोबी मुहल्ला ही ऐसा है जहां पर हिंदू-मुस्लिम दोनों मिलकर किसी भी पर्व को शांतिपूर्वक माहौल में मनाते आये हैं। उस परंपरा का भरपूर ख्याल रखा जायेगा। खनवा के जेनरल खलीफा कमरूदीन अंसारी ने जेनरल कमिटी का स्वागत किया।

### लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

### शिविर में 117 मरीजों का हुआ ईलाज



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन न्यू प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला, फुटरवा में किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने 117 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर ईलाज किया। साथ ही दवा का भी वितरण किया। शिविर में डा निभा कुमारी, डा विकास कश्यप ने लोगों को रोगों के बारे में बताया। साथ ही इलाज परामर्श भी दिये। शिविर को सफल बनाने में एएनएम रूपा कुमारी, किरण कुमारी, फार्मासिस्ट मुबारक हुसैन, लैब तकनीशियन राकेश चंद्रवंशी, अक्षय कुमार, जूनियर मैनेजर मो खुर्शीद आलम शामिल थे। मौके पर लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र कुमार चौधरी, पंचायत सचिव चंद्रा सिंह, वार्ड सदस्य सतवंती देवी, समाजसेवी सुरेंद्र भुईयां, संतोष प्रसाद मौजूद थे।

### बरडीहा में लगा दो सौ केवीए का नया ट्रांसफार्मर



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के किशनपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम बरडीहा में पहले से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध था। लेकिन इस ट्रांसफार्मर से पूरे गांव को बिजली की सही आपूर्ति नहीं हो पाती थी इससे ग्रामीणों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह को 2 दिन पूर्व दिया गया। सिंह ने ग्रामीणों की मांगों पर पहल करते हुए इसकी जानकारी पूर्व सांसद मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी को दी। इन्होंने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए इस विषय पर विद्युत महाप्रबंधक पलामू से बात करते हुए 100 केवीए के बदले 200 केवीए ट्रांसफार्मर की मांग की। जिस पर विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम बरडीहा में 100 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलते हुवे 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। सिंह ने ट्रांसफार्मर लगाने के लिए जेसीबी की व्यवस्था निजी खर्च से की। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने पूर्व सांसद मनोज कुमार और विधायक पुष्पा देवी के प्रति आभार जताया है। बिजली आपूर्ति होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

# ग्रामीणों ने बकोरिया में किया पांच घंटे सड़क जाम

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की हुई थी मौत

### एसडीओ के आश्वासन पर हटा जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया में शुक्रवार को कार और टेंपो की भीषण टक्कर में 2 लोगों की मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों ने बकोरिया में 5 घंटे तक सड़क को जाम रखा। जाम शाम 6:30 से लेकर 11:30 बजे रात्रि तक रहा। इस दौरान ग्रामीण काफी उत्तेजित थे। मालूम हो कि शुक्रवार के शाम 4:00 बजे के करीब इकोस्पोर्ट कार और टेंपू में भीषण सड़क हादसा बकोरिया पेट्रोल पंप के आगे तीखे मोड़ पर हो गया था। इसमें टेंपू पर आधा दर्जन भर लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। मनिका प्रखंड के कोपे गांव के किशोर नीरज कुमार अपने ननिहाल बकोरिया आ रहा था तथा बकोरिया के भलुआही टोला के टेंपो चालक अशोक राम की हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी। बकोरिया में जाम कर रहे लोगों को समझाने के लिए सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह, एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के साथ थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने मृतक के परिजनों को 20000 नगद सौंपा तथा परिवारिक लाभ योजना का लाभ देने, आवास, पेंशन तथा एक्सीडेंटल बीमा देने का आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी मनोज कुमार सिंह, अवधेश सिंह चेरो, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, बकोरिया पंचायत के मुखिया संतोष उरांव, कमलेश प्रसाद, भोला प्रसाद, मो शमशाद अंसारी, मो अकबर अंसारी, टिंकू आलम समेत कई लोग जाम कर रहे लोगों को समझाते देखे गए। सतबरवा थाना पुलिस ने नीरज कुमार तथा ऑटो चालक अशोक राम का शव को डाल्टेनगंज के राजा मेदनी राय मेडिकल कॉलेज से पोस्टमार्टम कराने के बाद शनिवार को दाह संस्कार के लिए सौंप दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 5 लोग तुंबागड़ा के नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। जिसमें एक किशोर की मौत हो गई थी, वही रांची रिम्स रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में अशोक ने दम तोड़ दिया था। सरमोद को रांची रेफर किया गया है जो अभी ठीक है। जबकि दो लोगों में मुनेश्वर उरांव डाल्टेनगंज के सदर अस्पताल में इलाजरत है तथा प्रमिला कुमारी का इलाज मेदिनीनगर के विजय सिंह के यहां चल रहा है।

# पलामू जिले के कई प्रखंड के लाभूकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण

### बकरा विकास योजना से गरीब हो रहे लाभांवित : प्रमुख बसंती देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के लेस्लीगंज, पाटन, चैनपुर, सतबरवा, छतरपुर एवं सदर मेदिनीनगर प्रखंड में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 2022-23 के लाभुकों के बीच बकरा और बकरी का वितरण सदर प्रमुख बसंती देवी और पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जून सिंह ने किया। पशु वितरण कार्यक्रम में जिला आदर्श ग्राम पदाधिकारी डॉ दीनबन्धु गुप्ता, सदर मेदिनीनगर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप विलियम लकड़ा, लेस्लीगंज प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ दिलिप कुमार महतो मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर प्रमुख बसंती देवी, बकरा विक्रेता क्यामुद्दीन अंसारी, सुनील उरांव, सुरेंद्र सिंह शामिल थे। इस मौके पर बसंती देवी ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा बकरा विकास योजना बहुत लाभदायक है। इससे गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। मौके पर पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह ने कहा कि पशुपालन विभाग के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने लाभूकों के आय बढ़ाने के लिए बकरी वितरण कर रहे हैं। सदर प्रखंड ही नहीं पूरे जिले में जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा हर गांव, पंचायत में जाकर बकरा विकास योजना सहित कई पशुपालन जैसे कुकुट पालन, शुगर पालन, बत्तख पालन, गाय पालन जैसे योजनाओं को चयन कर गरीबों को दिया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। मौके पर बकरा विक्रेता क्याउद्दीन अंसारी ने बताया कि लाभूकों को अच्छे नस्ल के बकरा बांटा जा रहा है। मौके पर लाभुक सहित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### एनईटी नेट परीक्षा में सफल छात्र को दी बधाई



**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, एप्लिकेशन एवं फैशन कॉलेज, बोकारो के एमबी, विभाग के मेधावी छात्र आसिफ जैदी ने राष्ट्रीय स्तर की एनईटी नेट परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने परिवार व कॉलेज को गौरवान्वित किया है। कॉलेज निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरूहार, एमबीए विभागाध्यक्ष प्रो़ विकास जैन, अन्य प्राध्यापकों, संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह तथा सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने आसिफ जैदी की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एसजीडी मॉडर्न स्कूल में करियर पर सेमिनार

**चिरकुंडा।** एसजीडी मोडर्न स्कूल चिरकुंडा में शनिवार को करियर पर सेमिनार व इनीशियन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में स्कूल के 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।स्कूल के भूतपूर्व छात्र आईआरएस डिप्टी कमिश्नर निखिल सिंह,डॉ देवाशीष गुप्ता व एटरप्रेनर राहुल खरकिया को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान छात्रो को करियर व उनकी स्ट्रीम के बारे में जानकारी दी गई ।इस दौरान 'स्मार्ट फोन हमे अनस्पाट बनाता है' विषय पर डिबेट भी आयोजित की गई जिसमे छात्रो ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य जुबिन बोस व उप प्राचार्य जॉली दत्ता ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मार्गदर्शन किया।

### नाबालिग पुत्री को भगाने का आरोप

**कुमारधुबी।** निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत एगयारकुंड प्रखंड के निवासी लाला यादव के घर पर निरसा थाना कांड संख्या 201/22 धारा 366 (ए) भा, द, वी एवमं पोस्को एक्ट के अभियुक्त है । लाला यादव स्थायी रूप ग्राम खंदरा , थाना सिमरी थाना अंतर्गत बक्सर जिला के बिहार के निवासी हैं ।इस संबंध में निरसा पुलिस ने बीते 11 जून को स्थानीय ग्रामीणों एवमं परिजनों के समक्ष एक इस्तेहार चिपकाया , माननीय न्यायालय धनबाद में सरेंडर करने की आग्रह किया । इस इस्तेहार के बाद भी अगर वो सरेंडर नही करते हैं , तो अभियुक्त के घर की कुर्की की जाएगी। बता दे कि कांड संख्या के वादी प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज लाला यादव के ऊपर अपनी नाबालिग पुत्री को भगाने का आरोप लगाया है।

### बीएलओ-बीपीओ को दिया गया प्रशिक्षण

**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संदर्भ में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि एस एस आर 2024 के तहत मतदाता सूची का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाना है। उन्होंने कहा कि 1/1 /2024 को अहता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संदर्भ में पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियां के तहत मतदाता सूची का सतप्रतिशत 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक किया जाना है।

# बिंदी मामला: मौत की जांच करने के लिए एनसीपीसीआर अध्यक्ष पहुंचे तेतुलमारी

## जांच में पुलिस की लापरवाही उजागर

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद/कतरास।** धनबाद जिला अंतर्गत तेतुलमारी थाना क्षेत्र में धनबाद सेंट जेवियर स्कूल की दसवीं की छात्रा द्वारा बिंदी लगाकर विद्यालय आने पर विद्यालय की शिक्षिका के द्वारा एसेंबली में दो थप्पड़ मारने के बाद छात्रा द्वारा फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या करने के बाद मामले की जांच को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो धनबाद के तेतुलमारी स्थित छात्रा के आवास पर पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने छात्रा के माता एवं भाई-बहन तथा साथ में पढ़ने वाली सहेली से बात की। जिसके बाद वह थाना पहुंचकर पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों से मिले, उनसे बात की मामले की जांच कर रहे आइओ से मिलकर मामले की जानकारी ली। धनबाद उपायुक्त के द्वारा जो जांच टीम बनाई गई है जिसमें बाघमारा वीडियो शामिल है उनसे भी बात की गई। वही मामले की जांच करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बताया कि कतरास में एक दसवीं क्लास की बच्ची की मृत्यु के दुखद संदर्भ में शिकायतकर्ता शशांक राज के द्वारा जानकारी मिली थी,जिसके बाद हमारी टीम जांच करने पहुंची है। साथ में झारखंड राज्य बाल आयोग के अध्यक्ष काजल यादव एवं आयोग के सदस्य सुनील कुमार मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कई खामियां पाई गई है। पुलिस ने आरोपियों का पुलिस अभिरक्षा का आवेदन न्यायालय में नहीं लगाया। घटना के अगले दिन सवेरे 10:00 बजे हमको बताया गया कि पुलिस ने दो आरोपियों को अरेस्ट किया, लेकिन उन दोनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में रखने की डिमांड पुलिस ने न्यायालय से नहीं की। यह घटना जैसा कि मीडिया के साथी जानते हैं बच्ची को बिंदी लगाने से रोकने पर स्कूल में शिक्षिका के द्वारा पीटा गया। उन्होंने कहा कि इस परिवार के पास राशन कार्ड भी नहीं है। यह सब बातें गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और असंवेदनशीलता का प्रदर्शन करती हैं। हम यह सभी बातें अपनी जांच रिपोर्ट में शामिल करके राज्य सरकार को उचित निर्देश जारी करेंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि स्थानीय प्रशासन इस स्कूल को बचाने की कोशिश कर रहा है जो मान्यता प्राप्त नहीं है।

### स्कूल को परीक्षा दिलाने की नहीं है मान्यता

जांच के क्रम में एक और गंभीर तथ्य उभरकर सामने आया है एक गोविंदपुर का क्रिश्चियन स्कूल है जिसके साथ इस स्कूल का टाइअफ है, मान्यता के अभाव में बच्चों को वहां से परीक्षा में बैठाया जाता है यह तो एक बहुत ही गंभीर किस्म का अपराध है 420 है ।इस मामले में धारा 420 की एक फ्रेस एफ आई आर दर्ज करने के निर्देश डिस्टिक एजुकेशन ऑफीसर को दिया है।

## डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने जाना चुनाव की प्रक्रिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में कक्षा-4 के विद्यार्थियों के लिए मतदान का आयोजन किया गया। इसमें उम्मीदवार, मतदाता, पीठासीन पदाधिकारी, चुनाव पदाधिकारी के रूप में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को खेल.खेल में चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। मतपत्र के माध्यम से चुनाव हुआ। कक्षा-4 के प्रतिनिधि पद के लिए चुनाव कराया गया। इस पद के लिए कुल चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल कराया था। इसमें आहान को मोरए स्मृति को कमल, मो सुफियान को बाघ और कुमार कृतज्ञ को आम चुनाव चिह्न के रूप में आवंटित किए गए। इसमें 34 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया इसमें मो सुफियान को सबसे ज्यादा वोट मिले और वे विजेता घोषित किए गए। मौके पर चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया का आयोजन किया गया।

## तमिलनाडु में फंसे युवक झरिया पहुंचे

### भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने सुरक्षित झरिया लाने में की मदद

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की सहृदयता का उदाहरण इन दिनों काफी चर्चा में है। दरअसल झरिया ऊपर कुली के दो युवक अमित गुप्ता और विशाल कुमार रवानी तमिलनाडु कोयंबटूर एक ठेका कंपनी में काम करने के लिए गए। उक्त ठेकेदार ने इन्हें सभी सुविधा देने का वायदा किया था।काम के दौरान अमित गुप्ता घायल हो गया। उसकी दाहिनी हाथ की दो अंगुली बुरी तरह जख्मी हो गई। लेकिन ठेका कंपनी द्वारा उसे किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता नहीं दी गई। दोनों जब लाचार और विवश हो गए तो वीडियो जारी कर अपनी व्यथा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह तक पहुंचाई माध्यम बने धर्मशाला रोड निवासी युवा समाजसेवी सौरभ शर्मा एवं झूलन सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति प्रतिनिधि रागिनी सिंह इन युवाओं की दशा देख व्यथित हो गई और हर संभव मानवीय सहायता प्रदान किया। इतना ही नहीं इन लोगों के सुरक्षित झरिया आगमन की व्यवस्था करते हुए रकम पहुंचाया। शनिवार को दोनों युवक झरिया पहुंचे और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह को आभार व्यक्त किया इनके प्रयास से उनका सफर आसान हुआ।

## तेनुघाट व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एव बोकारो जिला के क्षेत्रीय न्यायाधिपति अनंदा सेन ने किया। इस दौरान प्रधान जिला जज बोकारो रंजना अस्थाना सहित तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के पश्चात अधिवक्ता संघ तेनुघाट द्वारा अधिवक्ता संघ भवन में न्यायधीश श्री सेन का स्वागत आदिवासी रीति रिवाजों एवं पारंपरिक रूप के लोटा पानीए मंगलाचरण मंत्रोचारन से पुजारी जय प्रकाश तिवारी एव देव दत तिवारी के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान न्यायधीश अनंदा सेन और जिला सत्र न्यायाधीश बोकारो रंजना अस्थाना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर न्यायाधीश श्री सेन ने कहा कि संघ के द्वारा कई समस्याएं रखी गई है । जिसको प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा । जिसमें गवाहों के बैठने की व्यवस्थाए महिलाओं के कॉमन रूमए शौचालयए अधिवक्ताओं के लिए कुर्सीए स्थायी डिस्पेंसरीए कैंटीन सहित अन्य मांग शामिल है । उन्होंने वर्णित समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया । इसके अलावा एससी एसटीए पोकसोए मुंशीफ एवं व्यावसायिक कोर्ट के संबंध में मुख्य न्यायाधीश को अवगत करवाकर तेनुघाट कोर्ट में लाने की प्रयास किया जाएगा । संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने स्वागत भाषण के क्रम में न्यायधीश से मांग किया कि तेनुघाट व्यहवार न्यायालय में न्यायिक पदाधिकारी की कमी है।

## इंटरव्यू से पहले बीस सेकेंड महत्वपूर्ण : चंद्र शेखर महथा

### सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कॉरपोरेट ट्रेनर ने विशेष सत्र में बताये इंटरव्यू के गुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** शनिवार को बीबीएमकेयू के जन संचार विभाग द्वारा इंटरव्यू का सामना कैसे करें विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कॉरपोरेट ट्रेनर चंद्र शेखर महथा शामिल हुए। श्री महथा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंटरव्यू का डर बहुत से लोगों के मन में होता है, लेकिन इस डर को मन से निकाल देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरव्यू के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें भी बताई। साथ ही उन्होंने ऑडियंस के साथ इंटरव्यू की तैयारी कैसे करें, ये भी साझा किया। विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला। विभाग के शिक्षक डॉ विकास चंद्र ने स्वागत भाषण दिया। वहीं शिक्षक पवन कुमार पांडेय ने विभाग का संक्षिप्त परिचय देते हुए धन्यवाद ज्ञापन भी किया। मंच संचालन विभाग की बीबीएमकेयू स्कॉलर केतकी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डॉ डी के गिरी, डॉ के बंधोपाध्याय, डॉ सुनंदा कुमारी, डॉ ताप्ती चक्रवर्ती,डॉ हिमांशु शेखर चौधरी आदि मौजूद थे।

### रात में मनाया बेटे का जन्मदिन, सुबह कर ली आत्महत्या

**बेरमो।** तेनुघाट न्यू मार्केट निवासी 35 वर्षीय रितेश गुप्ता ने अपने आवास में 15 जुलाई की सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। वह प्राइवेट वाहन का चालक था। हादसा के समय उसकी पत्नी घर पर ही थी। रितेश के पिता उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि रात को रितेश के बड़े बेटे का बर्थडे था। इस अवसर पर आसपास के लोगों को बुलाकर मिठाई भी खिलाई। इसी बीच पति और पत्नी के बीच कुछ कहासुनी हो गई। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया और फांसी के फंदे पर झूल गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शनिवार को अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनबाद जिला के जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुई। इस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं उनके प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अपने विद्यालय को शरीक किया। इस समारोह में डीएवी उच्च विद्यालय, कतरासगढ़ के वरिष्ठ शिक्षक ईश्वरी नारायण पांडे, नावागढ़ पब्लिक स्कूल के प्राचार्य खगेश्वर महतो उपस्थित हुए। मौके पर मुख्य अतिथि शारदा सिंह को विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि शारदा सिंह ने कहा कि मैं आज अभिभूत हूं कि विद्या भारती समय-समय पर भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन करती है और अन्य विद्यालयों के बच्चों को भी इसमें शामिल कर उस विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक को सम्मानित करती है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हमारे बच्चे यह समझें कि अपनी संस्कृति से बड़ी विश्व में कोई संस्कृति नहीं है। इसके साथ-साथ आज विद्यालय में अंग्रेजी सप्ताह का समापन समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एसबीआई बिलबेरा के चीफ मैनेजर आशीष कुमार थे।

## डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान को जाना

खबर मन्त्र संवाददाता



बोकारो। इसरो द्वारा सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण के दौरान डीपीएस बोकारो के 66 विद्यार्थियों ने सामने बैठकर इस गौरवशाली क्षण को देखा। इस आयोजन ने न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण के बारे में उनके ज्ञान को समृद्ध किया, बल्कि उन्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में कैरियर पर विचार करने के लिए भी प्रेरित किया। वहां गए विद्यार्थियों में आद्या मिश्रा, आदित्य भक्ता, ध्रुव लोधा, सोहम राज, अंशुमन त्रिपाठी, मानव श्रीवास्तव, अक्षण्या, श्रीनिधि पुष्कर, प्रखर गुप्ता, सिद्धांत गुप्ता आदि ने बताया कि उनके लिए यह अनूठा अनुभव रहा। बच्चों ने चंद्रयान- 3 का मिशन सफल होने की आशा जताई, ताकि यह भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों में को एक नई गति और ऊर्जा दे सके। उन्होंने इस पल को अपने फोन के कैमरों में कैद भी किया। इससे प्रेरित होकर कई विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष यात्रीए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनने की अपनी आकांक्षाएं व्यक्त कीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने तथा उनमें वैज्ञानिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से यह विशेष ट्रिप आयोजित की गई।

एक नजर में

### सिंदरी के सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर लड़ाई लड़ें : काली सेनगुप्ता



**सिंदरी ।** एफसीआईएल सिंदरी के नोटिस के खिलाफ अब वामपंथी दलों ने भी कमर कस ली है। इसको लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सहित विभिन्न जनसंगठनों ने शनिवार को रॉंगामाटी में बैठक की। उन्होंने सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों को पुनः एकसाथ आने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता काली सेनगुप्ता ने कहा कि पहले भी भाजपा सरकारों द्वारा सिंदरी को उजाड़ने के प्रयास के खिलाफ सिंदरी की जनता संगठित होकर आंदोलन किया और जीत हासिल किया है। नेता विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि सिंदरी शहर को बचाने के लिए हम सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ेंगे। सभी राजनैतिक, सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर सिंदरी को उजाड़ने की साजिश का विरोध करना होगा। सभा की अध्यक्षता सूर्य कुमार सिंह ने की। बैठक में रानी मिश्रा, सीपीआई(एम) शाखा सचिव गौतम प्रसाद, ठेका मजदूर यूनियन सिंदरी के गोपाल राय, डीवाईएफआई नगर अध्यक्ष अनिल शर्मा, बीमा कर्मचारी संघ के रजनीकांत मिश्रा, मिट्ठू दास, राम लायक राम, शिबू राय, रंजू देवी, सीता देवी, सविता देवी, सोनदा गोराईं, लीला गोराईं, झूमु देवी, चंपा देवी उपस्थित थे।

### झरिया विधायक मद से योजनाओं का उद्घाटन

**झरिया।** झरिया विधानसभा अंतर्गत बोर्रागढ़ क्षेत्र के कई जगहों पर विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के मद से कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय तथा सूरज सिंह ने शिलान्यास का उद्घाटन किया। कुल 6 योजनाए जिसकी प्राक्कलित राशि 16 लाख के करीब है। इस योजनों में सामुदायिक भवन, शेड निर्माण, पीसीसी सड़क निर्माण, छठ घाट आदि शामिल है। योजनाओ के उद्घाटन के बाद प्रतिनिधि केडी पांडेय ने कहा कि झरिया विधानसभा में पिछले कई दशकों के बाद इतनी तेजी से विकास हो रहा है। पिछले 15 वर्षों में विकास थम से गया था। विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के विधायक बनने के बाद झरिया विधानसभा में कार्य तथा विकास देखने को मिला है। उन्होंने कहा है कि अभी बहुत सारी योजनाए का उद्घाटन बाकी है, जिसका शिलान्यास बहुत जल्द किया जाएगा।

### रामअवतार कंपनी का चक्का दूसरे दिन भी जाम



**लोयाबाद।** कनकनी कोलियरी में संचालित मेमर्स राम अवतार प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों के द्वारा अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर दूसरे दिन भी कंपनी के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने कंपनी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की वही आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से रोशन सिंह एवम सुनील सिंह ने मजदूरों को पूर्व की तरह काम पर लौटने का आग्रह किया लेकिन सारे मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि जब तक मजदूरों के द्वारा प्रस्तुत सभी ग्यारह सूत्रीय मांगे जब तक नहीं मांगी जाती तब तक हम लोग काम पर वापस नहीं लौटेंगे उमेश चौहान ने कहा कि कंपनी पिछले डेढ़ सालों से बरगला कर काम करा रही है पिछले बार भी हम लोग सभी मजदूरों ने कंपनी का चक्का जाम किया था।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।
**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2023–24 जिसका PR No. 302192 (Rural Work Department) के द्वारा प्रकाशित निविदा में योजना का नाम "सोलिया ग्राम के पलानी झरना पथ पर RCC Culvert निर्माण कार्य" के स्थान पर "DMFT योजना अन्तर्गत सोलिया ग्राम के पलानी झरना पथ पर RCC Culvert निर्माण कार्य" पढ़ा जाए।
अन्य सभी शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़।
PR 302424 Rural Work Department(23-24)D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची**
(पर्यटन, कला-संस्कृति एवं खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
दूरभाष संख्या– 9110130529 Email - dsoranchigov@gmail.com

पत्रांक:–........./जि०खे० रॉंची, दिनांक:–...................

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, रॉंची के पत्रांक–213 दिनांक–28.06. 2023 के आलोक में खेलो इण्डिया सेन्टर (KICs) हेतु आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र (Existing केन्द्र) में कुल 30 सुयोग्य खिलाड़ियों (15 बालक एवं 15 बालिका) का चयन ट्रायल किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | आयोजन/कार्यक्रम का नाम | निर्धारित आयु सीमा | आयोजन स्थल | रिपोर्टिंग का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेलो इण्डिया चयन ट्रायल कार्यक्रम, 2023–24 | 10 से 14 वर्ष तक (बालक/बालिका) | बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, रॉंची | दिनांक–17 से 18 जुलाई, 2023 तक समय– पूर्वाहन 07:00 बजे से। |

नियम व शर्तें :–
1. आवेदक/खिलाड़ी झारखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. उक्त चयन ट्रायल में भाग लेने प्रतिभागी अपने साथ 1 पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण–पत्र मूल एवं छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।
3. यह चयन ट्रायल निःशुल्क है एवं किसी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।
4. निबंधन हेतु आवेदक आयोजन स्थल के निबंधन काउण्टर से आवेदन प्रारूप प्राप्त करेंगे तथा उसी समय भरकर जमा करेंगे।
5. दिनांक–17 से 18 जुलाई, 2023 के पूर्वाहन 07:00 बजे तक बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, रॉंची में कार्यालय कर्मचारी श्री मुकेश कुमार (मोबाइल नम्बर 7909072789) को रिपोर्टिंग करेंगे।
6. जिला समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

विश्वासभाजन
जिला खेल पदाधिकारी
रॉंची
PR 302470 Art Culture Sports and Youth Affairs (23-24)_D



**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।**
**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 12 दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना तथा अन्य योजना अंतर्गत जिला के विभिन्न जलाशय में अधिष्ठापित पुराने केजों में मोनोसेक्स तिलापिया, पंगेशियस एवं अन्य उपयुक्त मत्स्य बीज का संचयन कराया जाना है। तदनुसार प्राप्त राज्यादेश के अधीन पंगेशियस बीज उत्पादकों से पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता से मोहर बन्द लिफाफा में इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन दिनांक 25/07/2023 समय मध्याह्न 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

आवश्यक शर्तें:–
1 आपूर्तिकर्ता को अपने नीजी खर्च पर स्वस्थ एवं जीवित अवस्था में अच्छे गुणवत्ता वाले पंगेशियस अथवा मोनोसेक्स तिलापिया बीज को केज स्थल तक पहूँचाकर आपूर्ति करना होगा एवं कम से कम 15 दिनों की उत्तरजीविता जॉच कर संतुष्ट होने के उपरांत ही भुगतान की जाएगी।
2 आपूर्ति की जाने वाली पंगेशियस बीज प्रति कि0 ग्रा0 500–600 पीस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज प्रति कि0 ग्रा0 2000 से 2500 पीस से अधिक संख्या की नहीं होनी चाहिए।
3 मोनोसेक्स तिलापिया की आपूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
4 पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज का सरकारी दर 1.50 /–रूप्या प्रति पीस है (परिवहन सहित)
5 चयनोपरांत पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज का आपूर्ति नहीं किये जाने पर आपूर्तिकर्ता को काली सूची में नाम डाल दिया जाएगा।
6 आपूर्तिकर्ता का प्रस्ताव रद्द करने का अधिकार बिना कारण बताये क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।
PR 302463 Fish(23-24)D

## समय संवाद

आपका आंगतुक सीधा, बिना आपकी दीवार या किसी सहारे के खड़ा है तो इसका साफ मतलब है कि वह पढ़ा लिखा व शालीन व्यक्ति है, उसे अपने ऊपर और अपने शरीर पर विश्वास है और इसी कारण उसे खड़े होने के लिए किसी सहारे की जरूरत नहीं है। वह व्यक्ति शायद सफाई पसंद और एटिकेट युक्त भी है और इसी कारण अपने हाथ, पैर या जूते को आपकी दीवार पर बिना टिकाए सीधा खड़ा है और दीवारों को गंदा नहीं कर रहा है। यदि आपका आंगतुक दीवार पर पैर या अपना जूता टिका कर खड़ा है तो इसका साफ तात्पर्य है कि ना सिर्फ उसका शैक्षिक स्तर कम है बल्कि वो सफाई पसंद भी नहीं है और उसे दूसरों की परवाह भी कम है।

# आपके खड़े होने का ढंग और आपका जीवन



अजयदीप बाधवा



क्या आपने कभी सोचा है कि आपके खड़े रहने की मुद्रा से आपके व्यक्तित्व और आपकी शिक्षा का पता चलता है? जी हां, यह सच है कि हमारे सार्वजनिक स्थलों पर खड़े होने के ढंग से हमारे बारे में लोगों को बहुत कुछ पता चलता है। पढ़े लिखे और वास्तविक शिक्षित लोगों का खड़े होने की मुद्रा सदैव उन्हें औरों से अलग बनाती है।

आप के घर की जब भी घंटी बजे और आप दरवाजा खोलें, तो सामने खड़े आगंतुक के खड़े होने के ढंग से उसकी शिक्षा, व्यक्तित्व, शालीनता और नजरिए का अंदाज लगा सकते है । उदाहरणस्वरूप अगर आपका आंगतुक एक हाथ दरवाजे या दीवार पर रखकर उसके सहारे खड़ा है तो आप यह अनुमान लगा सकते हैं की उसका शैक्षिक स्तर थोड़ा कम है। उस व्यक्ति का स्वयं पर विश्वास भी कम हो सकता है और इसी कारण उसे मात्रा एक या दो मिनट खड़े होने के लिए भी सहारा चाहिए! यदि आपका आंगतुक दीवार पर पैर या अपना जूता टिका कर खड़ा है तो इसका साफ तात्पर्य है कि ना सिर्फ उसका शैक्षिक स्तर कम है बल्कि वो सफाई पसंद भी नहीं है और उसे दूसरों की परवाह भी कम है। आप अपने घर की दीवारों को बहुत खर्च कर उनका रंग रोंगन करवाते हैं पर इसकी समझ आंगतुक को शायद नहीं है; वह अपने पैरों को दीवारों पर टिका कर खड़ा है जिसका साफ तात्पर्य है कि उसे आपकी दीवारों को गंदा करने से कोई परहेज नहीं है। उसका साफ रहने या किसी संस्थान को साफ रखने में कोई दिलचस्पी नहीं है और संभवत उसने अपने शरीर, घर और कार्यालय को भी ऐसा ही गंदा रखा होगा। अगर आप सामने वाले आंगतुक को सीधा खड़ा न पाकर थोड़ा हिलता डुलता हुआ पाते हैं तो आप यह अनुमान लगा सकते हैं कि वह आंगतुक अपने कार्य के प्रति समर्पित नहीं है और जीवन में वह ₹चलता है₹ सिद्धांत को ज्यादा मानता है। उसे शारीरिक भाषा के विज्ञान का भी ज्ञान नहीं है। इसके विपरीत अगर आपका आंगतुक सीधा, बिना आपकी दीवार या किसी सहारे के खड़ा है तो इसका साफ मतलब है कि वह पढ़ा लिखा व शालीन व्यक्ति है, उसे अपने ऊपर और अपने शरीर पर विश्वास है और इसी कारण उसे खड़े होने के लिए किसी सहारे की जरूरत नहीं है। वह व्यक्ति शायद सफाई पसंद और एटिकेट युक्त भी है और इसी कारण अपने हाथ, पैर या जूते को आपकी दीवार पर बिना टिकाए सीधा खड़ा है और दीवारों को गंदा नहीं कर रहा है।

आप इसी प्रकार सड़क पर या लिफ्ट में या सार्वजनिक स्थलों पर खड़े व्यक्ति के बारे में भी उसके खड़े होने के ढंग से उसके बारे में अनुमान लगा सकते हैं और उन से किस प्रकार निबटना है, इस की भी योजना बना सकते हैं।

हालांकि उपरोक्त नियम बीमार लोगों पर लागू नहीं होते हैं। जो विद्यार्थी नौकरी आदि के इंटरव्यू की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें तो अपने खड़े होने के ढंग और शारीरिक मुद्रा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गलत मुद्राएं उनके कैरियर में विपरीत प्रभाव डाल सकती हैं।

**(कॉस्ट अकाउंटेंट, वित/ कर सलाहकार, कैरियर सलाहकार)**

# प्रभु राम अपने जीवन के सभी स्थितियों में धैर्यवान बने रहे

स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आरंभ होती है। धीरे-धीरे आरंभ होकर वह प्रक्रिया बड़ा रूप ले लेती है। कोई भी प्रकिया में आरंभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आरंभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धैर्य से ही निर्माण होता है। भक्ति का निर्माण भी जीवन में धैर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धैर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थों का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और संन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांत पर आधारित है मोदी की विदेश नीति



पंकज सिन्हा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में विश्व पटल पर भारत को नए सिरे से स्थापित किया। अभी हाल ही में मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रवास कूटनीति के खयाल से बेहद सफल माना जा रहा है। हालांकि कुछ चरमपंथी मुस्लिम संगठनों ने मोदी के भाषण का वहिष्कार किया लेकिन उस वहिष्कार से भी भारत की रणनीति को फायदा ही हुआ है। भारत की विदेश नीति में आखिर क्या बदलाव आया। खास बात यह है कि मोदी का कार्यकाल अपनी खास विदेश नीति के लिए भी जाना जाता है। मोदी सरकार की विदेश नीति पिछली सरकारों से कैसे भिन्न रही है।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने प्रथम शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ही अपनी विदेश नीति की रूपरेखा स्पष्ट कर दी थी। अपने प्रथम शपथ ग्रहण समारोह में मोदी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सहित दक्षेस के सभी नेताओं को आमंत्रित किया था। इतना ही नहीं अपने पहले विदेश दौरे के लिए उन्होंने भारत के पड़ोसी मुल्क भूटान को चुना तो दूसरी बार पीएम बनने के बाद वह पहली विदेश यात्रा मालदीव की की। मोदी प्रधानमंत्री बनते ही 2014 में पहले दिन से विदेश नीति और विदेशों में भारत की छाप छोड़ना प्रारंभ कर दिया था। अगस्त 2014 में भारत के पड़ोस के अलावा पहली विदेशी यात्रा के दौरान मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ अच्छे संबंध बनाए। अरब देशों के विरोध के बावजूद इजरायल की यात्रा कर पूरे विश्व को भारत के बदलते और आत्मनिर्भर विदेश नीति का परिचय दिया है। पीएम मोदी के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था, क्रांति शब्द के सबसे अच्छे मायनों में आप क्रांतिकारी नेता हैं। आपके इजराइल आने से पहले हमारे 3000 वर्षों के अस्तित्व में कोई भी भारतीय नेता इजराइल नहीं आया था। आप ऐसा करने वाले पहले भारतीय नेता हैं।

इस साल अप्रैल तक उन्होंने 67 विदेश यात्राएं की थीं। इनमें संयुक्त राष्ट्र महासभा की यात्रा भी शामिल है। भारत की विदेश नीति के मामले में सबसे बड़ा बदलाव अमेरिका के साथ संबंधों में आया है। दशकों तक एक दूसरों को चिंता भरी निगाहों से देखने के बाद अब भारत और अमेरिका सबसे नजदीकी रणनीतिक साझेदार हैं। कई ऐसे बुनियादी समझौतों को मंजूर किया है, जिस पर दोनों पक्षों को राजी होने में कई साल लग गए। अमेरिका अब भारत को नई दिल्ली की मॉस्को के साथ की नजदीकी के चश्मे से नहीं देखता। भारत भी अमेरिका को इस्लामाबाद से उसके रिश्तों के चश्मे से नहीं देखता। भारत और अमेरिका के सैन्य और रणनीतिक तौर पर गैर नाटो देशों में सबसे नजदीकी रिश्ते हैं। इस साझेदारी को बनाने में नरेंद्र मोदी का निर्णायक हाथ रहा।

आज अमेरिका भारत का सबसे बड़ा वित्तीय साझेदार है। दोनों देशों के बीच व्यापार अब 162 अरब डॉलर से ज्यादा का है। 20-22 अरब डॉलर का तो हथियारों का ही सौदा है। हमने अमेरिका के साथ सारे बुनियादी समझौतों पर मंजूरी तो दे ही दी है। इनमें से कुछ प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मंजूर हुए, जो नजदीकी संबंधों का आधार बढ़ाने के लिए हैं। हमने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से चर्चा करके आज सारे मुद्दों पर जीत हासिल कर ली है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे रिश्तों को एक नया आयाम दिया है।

अमेरिका के साथ भारत के इस रिश्ते से रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ा है। ये बात यूक्रेन के साथ ताजा संकट में साफ हो गई। कीव के साथ करीबी संबंध बनाए रखने के साथ-साथ भारत ने ये भी साफ कर दिया कि हमारी विदेश नीति हमेशा स्वतंत्र रहेगी। इसलिए प्रधानमंत्री ने 2022 के रउड समिट के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से कहा था कि ये समय युद्ध का नहीं है। यूक्रेन के साथ रूस के जंग के बीच जहां अमेरिका समेत कई देश रूस पर तमाम तरह की पाबंदियां लगा रहे थे. वहीं, भारत ने रूस से तेल आयात की भी मंजूरी दी। इस फैसले की पश्चिमी देशों ने आलोचना भी की, लेकिन नई दिल्ली ने सीधा जवाब दिया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, अगर यूरोप के देश, पश्चिमी देश और अमेरिका इतने चिंतित हैं, तो वो ईरानी तेल को बाजार में क्यों नहीं आने देते? वेनेजुएला के तेल को क्यों नहीं इजाजत देते? उन्होंने तेल के बाकी सारे स्त्रोत घेर लिए हैं।और वो कहते हैं कि बाजार जाकर अपने लोगों के लिए सबसे अच्छा सौदा मत करो। मेरे विचार से ये उचित बात नहीं है।

मोदी के प्रथम कार्यकाल में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक का मामला हो या अनुच्छेद 370 हटाने का मसला भारत ने अपने कूटनीतिक कौशल का परिचय दिया है। दोनों मसलों पर पाकिस्तान पूरी तरह से अलग-थलग हो गया। इस दौरान मोदी सरकार ने रूस और अमेरिका दोनों विरोधी देशों के साथ अपनी रिश्तों में निकटता बनाए रखी। मजबूत नेता के नेतृत्व में मजबूत भारत की यही छवि दुनिया भर में बसे भारतीय मूल के लोगों को भा रही है. और उन्हें भारतीय होने पर गर्व हो रहा है, इससे पहले ऐसा कोई भारतीय नेता नहीं रहा, जिसका विदेशों में रहने वाले भारतीयों के साथ ऐसा जुड़ाव रहा हो।

अप्रवासी भारतीयों को भारत के विकास की दिशा से जोड़कर काम पर लगाया, बल्कि भारतीय मूल की पहली, दूसरी, तीसरी और बाद की पीढ़ियों का साथ लिया। इजरायल ने अपने अस्तित्व के लिए ये तरकीबें अपनाई थीं. मेरे विचार से भारत दूसरा देश है जिसने ये कुशलता ग्रहण की है। कोरोना महामारी काल में भारत ने वैक्सीन डिप्लोमेसी में एक मिसाल बनाई है. कोविड जब चरम पर था, तो भारत टीके निर्यात करने वाले पहले देशों में शामिल रहा। गुयाना के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहा था, उन्हें एक दोस्ताना भारत के प्रतिनिधि के तौर पर देखा जाता है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी साझेदारी के लिए तैयार हो. भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि संकट के दौरान भी वो एक भरोसेमंद साझेदार है। भारतीय कूटनीति की पहुंच ने दुनिया भर में परेशान भारतीय नागरिकों को राहत दी। यूक्रेन, यमन और अब सूडान में फंसे भारतीय नागरिक, प्रधानमंत्री के बनाए नजदीकी रिश्तों के कारण मुश्किल हालात से सही सलामत निकल पाए। आज भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ताकत के तौर पर स्थापित हो चुका है। जिसको शायद सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक चुनौती में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

नरेंद्र मोदी की विदेश नीति से भारत को ठोस वित्तीय फायदे भी हुए हैं। भारत को 1.4 अरब नागरिकों की जिंदगियां बेहतर करने के सपने को पूरा करने के लिए सीमाओं पर स्थिरता का रहना जरूरी है. खासकर चीन के साथ भूगौलिक-रणनीतिक रिश्ते सुधरने चाहिए। बेशक चुनौती बहुत बड़ी है. इसमें भारतीय कूटनीति की कुशलता और प्रधानमंत्री मोदी के पर्सनल टच की आजमाइश होगी।

उनकी तस्वीरें भारतीय विदेश नीति को परिभाषित करती हैं। दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेताओं के बीच आत्मविश्वास से भरा एक मजबूत नेता। एक मजबूत भारत का प्रतिनिधि। एक ऐसा देश जो आर्थिक विकास कर रहा है। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश, जिसे पश्चिमी देश विस्तारवादी चीन के मंसूबों पर विराम लगाने वाले एशिया के शक्तिशाली देश के तौर पर देखते हैं। भारत को ये अहम स्थान हमारी क्षमता, खासकर प्रधानमंत्री की दूसरे नेताओं के साथ साझेदारी में काम करने की क्षमता के कारण मिला है।

**(लेखकः प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख, भाजपा झारखंड)**

# रात में न सोने का परिणाम



अनुष्का चौधरी

नींद का खोना सेहत का रोना, कई बीमारियों की जड़ है अनिद्रा,अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्व तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें।नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है।

## बदलता पर्यावरण और विनाश की घंटी




# ममता और करुणा की प्रतीक मां और मातृभूमि



सुधांशु कुमार

**मां** और मातृभूमि की महिमा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। क्योंकि वह अपरंपार होती है। मां के पालन-पोषण से ही हर तरह का व्यक्तित्व सजता-संवरता-निखरता है। सारा संसार जनता और मानता आया है कि व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला मां है, उसकी ममतामयी गोद है और उसकी बाल्यकालीन छत्रछाया ही होती है। इसलिए हर सफल व्यक्तित्व अपनी मां के प्रति आजीवन श्रद्धावनत रहते हैं। मैं भी अपवाद नहीं हूं। मुझे भी अपनी मां और मातृभूमि से गहरा लगाव था, है और रहेगा। निःसंदेह, उपर्युक्त पंक्तियां मां-बेटे के आत्मीय संबंधों को दशार्ती हैं, जो पिता-पुत्र संबंधों से कहीं ज्यादा प्रगाढ़ समझी जाती हैं। इनमें एक पंक्ति ह्ययूं तो मैं दिखलाता नहीं पर तेरी परवाह करता हूं मांह्व अत्यंत मार्मिक है। यह पंक्ति अधिकांश परदेशी पुत्र के अंतर्मन की ध्वनि है। इसलिए तुम्हारे बिछड़ने की सूचना ने मुझे स्तब्ध कर दिया, क्योंकि बिछड़ने के पूर्व हुई वार्ता की याद ने मुझे भरोसा दिलाया था कि मेरी मां अभी है और रहेगी भी। परंतु बिछड़ने से पहले न कोई संवाद, न कोई बात, न मुझे एक बार पुनः याद दिलाया कि मां चाहती थी कि मैं दूर रहकर जनहित में अच्छा करूं। परंतु अंतिम क्षणों में मैं मां तेरी परवाह



करने में चूक कर गया। यह दर्द एवं पीड़ा मुझे तुम्हारी याद हमेशा दिलाती रहेगी और आज मैं इसी भाव से स्मरण करते हुए अपने को खुले हृदय से अभिव्यक्त कर रहा हूं। सच कहूं तो मेरी मां भी सुंदर, सलौनी, अद्भुत एवं अनुकरणीय प्रतिभा की धनी थी। यद्यपि स्कूली शिक्षा से दूर रही, फिर भी व्यवहारिक शिक्षा की धनी थी। जीवन में शिक्षा की उपयोगिता को व्यवहारिक धरातल पर समझने वाली थी। भले ही आज तुम मेरे साथ नहीं, परंतु तुम्हारी दी हुई शिक्षा एवं सोच ने मुझे जो शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान किया था, वह अतुलनीय है। आज उसी धरोहर एवं आधारशिला पर उत्पन्न, पल्लवित, पुष्पित एवं विकसित होकर वट वृक्ष के रूप में, मैं आज जिस रूप में भी खड़ा हूं, यह तुम्हारा ही उपकार है।

मां, आपकी प्राण वायु पाकर एवं आपकी शिक्षा-दीक्षा से मन-प्राण वायु पाकर, सामाजिक सरोकार की चेतना को मन-आचरण में धारण कर, सामाजिक परिवर्तन की चाह को मन-विचार में संजोकर, निज ग्राम, राज्य एवं राष्ट्र की सेवा के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने की प्रेरणा तुम्हीं से मिली। अतएव मेरी प्रेरणा स्वरूप तुम्हीं थी। लगभग अट्ठासी-नब्बे वर्षीय दिवंगत मां, तुझे नमन। कोटि कोटि नमन। मां, मैं तुम्हें कैसे स्मरण करूं, कैसे विनम्र श्रद्धांजलि दूं। भारतीय सामाजिक संस्कृति और हिंदू रीति-रिवाज से तुम्हें श्रद्धांजलि देने की जितनी औपचारिकताएं हैं, वह मैंने पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से की है। यदि कोई कमी रह गई हो तो, मुझे जहां से भी देख रही हो, वहीं से क्षमा करते हुए अपना असीम आशीर्वाद एवं ऊर्जा देना, मां !जहां तक मुझे बचपन की याद है, साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद भी निज ग्राम में शिक्षा के महत्व का प्रचार प्रसार पूर्व से ही होने के कारण यहां के परिवेश में शिक्षा प्राप्त कर उन्नति के मार्ग की राह स्थानीय नागरिकों के मन में पहले से ही खुली मिली थी। जैसा कि मैंने बुजुर्गों और अपने माता-पिता से सुना था कि हमारे ग्राम में शिक्षा का अलख 19वीं सदी के प्रारंभिक वर्षों से ही प्रारंभ हो चुका था। उस समय ही मिडिल स्कूल की स्थापना से जनपद अग्रणी कुछ चिन्हित ग्रामों में मेरा ग्राम पुरैनी भी शिक्षा का केंद्र बिंदु था, जो अपनी अनुशासित व महत्वपूर्ण शिक्षा पद्धति के कारण लोकप्रिय रहा।

मसलन, उस समय मिडिल स्कूल में कार्यरत शिक्षकों, जिनको हम बचपन में मास्टर साहब कहते थे, कुछ का नाम मैंने भी सुना है, जिनमें मास्टर मुकुंदी सिंह, मास्टर रामचंद्र सिंह जो पुराने शिक्षक थे। वहीं, मेरी प्रारंभिक शिक्षा के समकालीन शिक्षकों में आदर भाव के साथ जाने-माने योग्य शिक्षक, जो आज इस दुनिया में शायद नहीं हैं, अधिकांशतः नहीं हैं, में मास्टर मकसूद हुसैन, मास्टर विक्रम सिंह, मास्टर मौखा सिंह, मास्टर विशंभर सिंह, मास्टर मूलचंद, मास्टर संग्राम सिंह, मास्टर राजेंद्र सिंह आदि अग्रगण्य रहे, जिनकी पारखी नजर एवं पैनी शिक्षण पद्धति की कसौटी पर तराशे गए विभिन्न होनहार छात्र आज लोकतंत्र के विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं।

वहीं, व्यक्तिगत रूप से मेरी माध्यमिक और विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा प्राप्त करने में प्रेरणा स्त्रोत गुरुजनों का भी स्?मरण करना चाहूंगा। उनमें क्रमशः श्रद्धेय श्री अतीक अहमद खान, श्री नरेश चंद्र थापन, श्री यशपाल सिंह, डॉक्टर डी कुमार, प्रोफेसर जगदंबा सिंह, प्रोफेसर पीसी गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. एचपी तिवारी आदि ऐसे प्रबुद्ध गुरुजन हैं और रहे हैं, जिनकी प्रेरणा सदैव ऊर्जा एवं सफलता का मार्ग प्रशस्त करती रही है। वहीं, कर्मभूमि के रूप में प्रयागराज की पवित्र भूमि और गंगा जी की पतित पावनी जलधारा ने सदैव मातृभूमि के साथ कर्मभूमि की पवित्रता के महात्म्य को सिद्धता प्रदान करते हुए अनगिनत प्रबुद्ध योग्य विलक्षण प्रतिभा के धनी नागरिकों की श्रृंखला को उन्नति का मार्ग प्रशस्त कराया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 9570848433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सिद्धू कान्हू मैदान में पौधरोपण



**रामगढ़।** सिद्धू कान्हू जिला मैदान परिसर में शनिवार को पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीए अजीत जायसवाल, रामचरित वर्मा,दिवाकर प्रसाद, डॉ रंधीर, शंकर साव, अनिल कुशवाहा शामिल हुए ।सीए अजीत जायसवाल ने कहा कि हमलोग पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा अभियान एक माह तक जारी रहेगा। इस दौरान हम वृक्षारोपण के साथ लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का भी कार्य करेंगे।

### आजसू का कार्यकर्ता सम्मेलन आज



**कुजू।** मुरपा स्थित आजसू मांडू प्रखंड कार्यालय में आजसू कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रविवार को हजारीबाग में पार्टी का आयोजित लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मांडू विधानसभा क्षेत्र 6 प्रखंड के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। सुदेश महतो का नयामोड़, मांडू व चरही में भव्य स्वागत किया जायेगा। मौके पर हेमलाल महतो, लालचंद महतो, तेजनाथ महतो तेजू, जगदीश आडवाणी, रमेश चौधरी, गुडू करमाली, अमित ठाकुर, मुकेश महतो, संदीप अग्रवाल, संदीप महतो, अशोक कुमार, प्रकाश पटेल आदि मौजूद थे।

### जुबिली कॉलज में स्वच्छता अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में जमे कूड़ा-करकट एवं झाड़ियों की साफ-सफाई की। प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने स्वयंसेवको के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को साफ-सूथरा रखना हमसबों का दायित्व है। अभियान को सफल बनाने में जान्हवी, सिमरन, कुमकुम, रागिनी, सोनी, राजा खान, तारा शंकर, सुजल, सागर, सोनू, विरेंद्र, अमित आदि का विशेष योगदान रहा।

### इलेक्ट्रीशियन हेल्पर को पीटा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल सौंदा के सात नंबर नीचे धौड़ा में दो युवकों ने सीसीएल के इलेक्ट्रिशियन हेल्पर परमेश्वर मुंडा की जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना भुरकुंडा ओपी में भी दी गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सेंट्रल सौंदा में बिजली का काम चल रहा था। सीसीएल के चार विद्युतकर्मी सात नंबर नीचे धौड़ा में ट्रांसफार्मर की मरम्मति कर रहे थे। इसी क्रम में दो युवकों ने गाली-गलौज एवं दुर्व्यवहार करते हुए सीसीएल के इलेक्ट्रिशियन हेल्पर परमेश्वर मुंडा (52वर्ष) सौंदा टिपला निवासी को बुरी तरह पीट दिया। घटना में परमेश्वर मुंडा के आंख के उपर और बांये हाथ की उंगली में काफी चोट लगी है। घायल परमेश्वर मुंडा का भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में प्राथमिक इलाज कराया गया।

### खुशबू रानी ने किया पदभार ग्रहण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा डी पंचायत में नयी पंचायत सचिव खुशबू रानी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने खुशबू रानी का स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के साथ पदभार ग्रहण कराया। मौके पर पिंकी कुमारी को नया राशन कार्ड दिया गया। साथ ही बुधु उरांव का वृद्धा पेंशन की स्वीति दी गई। उपेंद्र शर्मा व डब्लू पांडेय ने कहा कि पंचायत सेवक नरेश हजाम सहित अब दो पंचायत सचिव हो गए हैं। इससे पंचायत के कार्यो में तेजी आयेगी। साथ ही कार्यों का निष्पादन ससमय हो पायेगा।

### पंचायत का होगा विकास : प्रमुख



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू डैम के टापू पर शुक्रवार को पतरातू प्रखंड के जनप्रतिनिधि की बैठक हुई। बैठक में पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी एवं तमाम पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए। कौशल्या देवी ने कहा कि सभी एकजुट होकर अपने-अपने पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए मुखिया के साथ मिलकर कार्य करें। साथ ही जन समस्याओं के समाधान के प्रति हर सार्थक कदम उठाने की बात कही। मौके पर ज्योति गुप्ता, विजयलक्ष्मी, अनीता जैन, रानी, मृदुला पंडित, सुनीता देवी, बेबी कुमारी, ममता देवी, कंचन कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### गिद्दी सी में खुला ई बाइक का शोरूम



**गिद्दी।** गिद्दी सी-नयामोड़ मुख्य मार्ग पर डाडी प्रखंड मुख्यालय के समीप ई व्हीकल मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन झामुमो के केन्द्रीय सदस्य राज कुमार महतो,डाडी बीडीओ संतोष गुप्ता,सीओ निशांत अंबर, 20 सूत्री अध्यक्ष लखनलाल महतो, जिप सदस्य डाडी भाग 2 पिंकू देवी ने किया । संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय के समीप बाइक बाजार में ई व्हीकल शोरूम नहीं रहने से ग्राहकों में कमी खल रही थी। इस मौके पर शोरूम के संचालक राजेश महतो व दिलीप को बधाई भी दी।

### दंपति से एक लाख रुपया छीना

**कोर्रा।** दंपति मटवारी बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच से एक लाख रुपये निकाल कर घर आनंदपुरी की ओर लौट रहा था कि बाबुगांव-देवांगना रोड में एक बाइक सवार दो व्यक्ति ने पैसों का बैग छीन लिया और वे फरार हो गए ।कोर्रा थाना में पीड़ित दंपति के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई ।

सीसीएल सीएमडी ने बरका-सयाल प्रक्षेत्र के कई खदानों का किया निरीक्षण, कहा

# कई नयी खदानें जल्द चालू होंगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ उत्पादन और सुरक्षा को लेकर रेडी ने दिये कई दिशा-निर्देश

**उरीमारी/भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल के नवनियुक्त सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने शनिवार को बरका-सयाल प्रक्षेत्र का दौरा कर खदानों का निरीक्षण किया।

बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने सीएमडी बी. वीरा रेड्डी को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। महाप्रबंधक कार्यालय में सीएमडी बी. वीरा रेड्डी ने सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के अधिकारियों, संवेदक एवं कोयला ट्रांसपोटरों के साथ बैठक की। इसके बाद सीएमडी वीरा रेड्डी, बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह एवं कई अधिकारियों के साथ बिरसा परियोजना पहुंचे, उन्होंने कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान सीएमडी ने बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा और उरीमारी परियोजना के पोटंगा वर्कशप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भुरकुंडा परियोजना के बलकुदरा आउटसोर्सिंग एवं हाथीदाड़ी खदान होते हुए सीसीएल सौन्दा रेलवे साइडिंग पहुंचे जहां अधिकारियों से जानकारी लने के पश्चात कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमडी ने कहा कि बरका-सयाल प्रक्षेत्र में प्रोडक्शन बेहतर है और काम भी ठीक से हो रहा है। उत्पादन लक्ष्य मामले में एरिया का परफर्मेंस अच्छा है। उन्होंने कहा कि बलकुदरा माईंस जल्द ही चालू हो रहा है। केके माइंस और सौंदा डी की माइंस से भी कोयले का उत्पादन जल्द शुरू हो जाएगा। इस दौरान भुरकुंडा के बंद बांसगढ़ा और हाथीदाड़ी भूमिगत खदान के संबंध में उन्होंने कहा कि माइंस क्यों बंद है इसकी रिपोर्ट देखूंगा। हालांकि भूमिगत खदान में मैन्युअल तरीके से अब प्रोडक्शन संभव नहीं है। मास प्रोडक्शन करना है। इसके लिए माइंस में टेक्नोलॉजी एडप्ट हो पाएगा की नहीं इसकी स्टडी की जाएगी। कम प्रोडक्शन पर माइंस अब मैनुअली चालू नहीं किया जा सकता है। सीएमडी के दौरे के क्रम में सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक अपरेशन बिनोद कुमार, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिस्सा परियोजना के खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, सयाल पीओ सुबोध कुमार, एरिया सर्वे अफिसर मधुकर श्याम झा, एसओ माइनिंग अजय मेहता, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एनके सिंह, एसओ (एक्स.) केआर भवन, प्रिंस कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।



हाथीदाढ़ी भूमिगत खदान का निरीक्षण करते सीसीएल के सीएमडी।

# शिक्षा से ही देश और समाज का होता है विकास : सुनीता

▸▸ विधायक ने वार्ड 9 में मरार स्कूल की चारदीवारी निर्माण का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे समाज और देश का विकास संभव है। यह बात शनिवार को रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड 9 में मरार स्कूल की चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास करने पहुंची विधायक सुनीता चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के कोई भी समाज व देश आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए चाहे कितनी भी कठिन से कठिन परिस्थितियां क्यों ना आ जाएं, अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। इस चहारदीवारी का निर्माण पूरा हो जाने से स्कूल परिसर बिल्कुल सुरक्षित हो जाएगा। विद्यालयों में बेहतर शिक्षा का लाभ छात्र-छात्राओं को प्राप्त हो इसके लिए हमलोग सजग एवं सक्रिय है। कार्यक्रम में आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा सिंह, तिवारी महतो, नरेश महतो, देवेंद्र प्रसाद, वार्ड पार्षद शिव शंकर मिश्रा, जिला संगठन सचिव गुड्डु सिंह, उमेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

### आगाज कार्यशाला में दी गई कई महत्वपूर्ण जानकारियां



**रामगढ़।** शहर में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और रामगढ़ चेतना शाखा ने संयुक्त रूप से आगाज नामक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए अतिथियों ने कहा कि संगठन के द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में कई अभियान संचालित किए जा रहे हैं। कार्यशाला में प्रांत स्तर पर रांची शाखा, रांची समर्पण शाखा, रांची साउथ शाखा, रांची साउथ जागृति शाखा , खूंटी शाखा, झुमरीतेलैया शाखा, झुमरीतेलैया प्रेरणा शाखा से अध्यक्ष, सचिव एवं कई सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य शीर्ष नेतृत्व में प्रत्यक्ष संवाद, प्रांत में चल रहे प्रोजेक्ट्स के विषय में जानकारी, अपने बातों को खुले मन से रखने और अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के संविधान के तहत नियमों के बारे में जानकारी साझा करना था।

### चरही : खदान में डूबी बच्ची का शव मिला

**चरही ।** शनिवार को सीसीएल के बंद पड़े खदान ब्लॉक नंबर 42 के गहरे पानी से आठ वर्षीय संजना कुमारी शव पानी में तैरता हुआ मिल गया। जिसे एक नाव के माध्यम से सीसीएल चार कर्मियों ने निकाला। बीते शनिवार को संजना अपनी मां और भाई बहन के साथ उक्त खदान में कपड़ा धोने और नहाने के लिए गई हुई थी।नहाने के क्रम में तीनों बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे।मां ने दो बच्चों को बचाने में सफल हुई।लेकिन संजना को बचाने का पूरा प्रयास की।लेकिन गहरे पानी में डूब जाने के कारण मां उसे नहीं बचा पाई। शनिवार को संजना का शव खदान के गहरे पानी में तैरता हुआ ग्रामीणों ने देखा। जिसकी जानकारी पिंडरा मुखिया देवलाल कुमार को मिली।ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को तैरता देख वहीं पड़ी सीसीएल के नाव पर चार कर्मी सवार होकर शव को पानी से बाहर निकाला।

## हर गांव में ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए करें जागरूक : डीडीसी



**रामगढ़।** समाहरणालय के जिला परिषद स्थित सभागार में शनिवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में स्वच्छता पर कार्यशालाा हुआ।कार्यशाला के दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ सहयोगी संस्था डेबनेट, निर्भय कुमार द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के सभी मानकों की विस्तार से जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित सभी को प्रत्येक गांव में बिना कोताही किए स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का कार्य तय समय सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सॉलिड/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट हेतु प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सभी सम्बंधित अधिकारियों, कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित कर आमजनों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नाडेप एवं ग्रेवाटर मैनेजमेंट, घरेलू कचरा का प्रबंधन आदि का कार्य स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के मानकों के अनुरूप ही करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने किये गए कार्य का प्रतिवेदन जिला स्तर पर भी उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। कार्यशाला में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिविर में सौ से अधिक मरीजों की हुई जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई के तत्वाधान में चित्रांश परिवार बरही के सौजन्य से एनएच डाक बंगला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। जिसमे 44 दांत और 55 आंख के मरीजों की जांच की गई। जिन्हे आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

शिविर का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष गिरवर नंदन प्रसाद, कार्यकारी हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष बृज मोहन प्रसाद, जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा अर्चना कुमारी सिन्हा महामंत्री रश्मि बिहारी लाला, अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस सह बरही चित्रांश परिवार के डॉ प्रकाश ज्ञानी, शैलेंद्र सिन्हा, अजीत कटरियार, महेश श्रीवास्तव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि कायस्थ समाज ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के सिद्धांतों पर आधारित जनहित के कार्यक्रम कर रहा है। जिसमे विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों के नेत्र और दांत की जांच कर उचित मार्गदर्शन करेगे।

शिविर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के माया शंकर वर्मा, अनूप सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, शशिकांत, रुपेश बिहारी लाला इत्यादि मौजूद थे। जिसे सफल बनाने में बरही चित्रांश परिवार के संजय कुमार सिन्हा, कुणाल कतरियार, अमित कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मना इमोजी डे

**भुरकुंडा ।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को वर्ल्ड इमोजीडे मनाया गया। बच्चों ने घर से विभिन्न प्रकार की इमोजी बनाकर लाया था। शिक्षक एचके सिंह ने बताया कि इमोजी जपानी भाषा के शब्द इ (पिक्चर) और मोजी (पात्र) से मिलकर बना है। साल 1990 में जापान में शिगेताका कुरीता ने पहली इमोजीबनाई थी। शिगेताका की बनाईइमोजीको वहां की टेलीकम कंपनी डोकोमो ने अपने टेक्स्ट मैसेज में शामिल किया था। जापानी डिक्शनरी में इसे 1977 में शामिल किया गया।

# पीएचसी गोरियाकरमा में नहीं हो रहा इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



केंद्र में सप्ताह में कम से कम दो दिन चिकित्सक को प्रतिनियुक्त करें उपाधीक्षक : मुखिया

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत गोरियाकरमा पंचायत की मुखिया कुमारी मीरा ने बताया कि गोरियाकरमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मात्र हाथी के दाँत बनकर रह गया है। ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्तर से स्वास्थ्य केंद्र को सुससज्जित रूप से निर्माण होने के बावजूद ग्रामीणों का इलाज नही हो पा रहा है।केंद्र में सुविधाओं का घोर अभाव है। पंचायत मुखिया कुमारी मीना ने स्वास्थ्य उपाधीक्षक को पत्र लिखकर मांग किया है कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में कम से कम दो दिन चिकित्सक को प्रतिनियुक्त किया जाए। सेवा दे रहे चपरासी की सेवा अवधि समाप्त हो चूंकि है, नए चपरासी को नियुक्त किया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, बिल्डिंग की मरम्मती को तत्काल करवाया जाए ताकि यहां कार्य कर रहे कर्मचारियों को परेशानी न हो। उप स्वास्थ्य केंद्र को प्रतिदिन खुला रखा जाए, जिस जगह का स्टाफ है उसे वही रखा जाए। महीने में उपाधीक्षक डॉ ज्ञानी प्रकाश भी केंद्र का दौरा स्वयं करें, जिससे स्थानीय समस्याओं का समाधान करने में उन्हें आसानी होगी। इसके अलावा उन्होंने अन्य विषयों से उपाधीक्षक को अवगत करवाते हुए उचित सुविधा मुहैया कराने का आग्रह किया है।

## एक नजर में

### संतोष व दीपक के परिवार को मिलेगा पचास हजार



**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा में नगर के केशरवानी परिवार के बुद्धिजीवियों तथा समाजप्रेमियों की बैठक प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नगर अध्यक्ष सुरेंद्र केशरी सचिव विकास केशरी ,अनिल केशरी,अर्जुन केशरी ,उमेश केशरी ,सोनू केशरी ,चंदन केशरी ,अजय केशरी,राजकुमार केशरी,जीतेंद्र केशरी,अंकित केशरी,शुभम,विकाश बिट्टू समेत दर्जनों लोग उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से स्व संतोष केशरी और स्वं दीपक केशरी के शोक संतप्त परिवार को किस प्रकार आर्थिक सहयोग किया जाए इस पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर आर्थिक सहयोग करने केलिए तत्पर भी दिखे,कई लोग सामर्थ्य के अनुसार सहयोग राशि बैठक में जमा भी कर दिए जो लगभग 50000 रुपये के करीब हो गया जिसे समाज के लोग 1,2 दिन में उस परिवार तक पहुंचा देंगे। बैठक में उपस्थित सभी के द्वारा अपने स्वजातीय बन्धुओं से अपील की गई कि उक्त परिवार को अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर आर्थिक सहयोग करें ।आज ही एक बैंक खाता ईस ग्रुप में डाल दिया जाएगा जिसमें सहयोग राशि भेज सकते हैं ।बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि उपायुक्त से मिलकर पीडित परिवार को अन्य सरकारी सहायता भी दिलाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। बैठक के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृतक के पवित्र आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**विष्णुगढ़।** बनासो पंचायत भवन सभागार में मुखिया चंद्रशेखर कुमार की अध्यक्षता में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर आम सभा हुई, जसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अविनाश कुमार पांडेय को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष सत्येंद्र पांडे एवं सचिव भीम कुमार महतो चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में रकीब अंसारी,करीम अंसारी,महेंद्र यादव,अरुण कुमार,सूरज कुमार पासवान, इमाम हुसैन, राजू महतो,सुरेश राम,सहदेव राम,मुकेश पासवान, राजू कुमार यादव, शेख करीम, अजय ठाकुर,रामचंद्र राम, करीम अंसारी, राजू महतो, राजू यादव, अविनाश कुमार, पवन यादव, अरविंद पांडे, इमाम हुसैन, मुकेश पासवान, राजू यादव, कैलाश राज,गंगाधर महतो, सूरज पासवान, विजय हांसदा, पप्पू हंसदा, हर्षवर्धन कुमार, शेख बिलाल, वीरेंद्र कुमार, परवेज आलम, अरुण कुमार यादव , चंद्रशेखर, शेख करीम, जितेंद्र महतो, विशेश्वर महतो, चिंतामन महतो, रोहित महतो, सुनील महतो, जय नारायण महतो, प्रसादी यादव, विष्णु गुप्ता, शिवलाल टूडू, राजू रविदास, उपेंद्र सोरेन, बिलाल आलम, राज कुमार, सुंदरलाल, नरेश यादव, विष्णु पांडे और शेख सद्दाम बनाए गए।

### हेल्थ कैंप में 170 ग्रामीणों का हुआ इलाज

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तत्वावधान में बरियातू गांव में हेल्थ कैंप लगा। गांव के 170 लोगों ने इलाज करवाया। इन सभी को मुख्य रूप से मौसम बदलने की वजह से होने वाली समस्याएं जैसे सांस लेने में दिक्कत, डायरिया, वायरल फीवर इत्यादि जैसी समस्याएं थी जिसका उपचार पकरी बरवाडीह के मेडिकल विभाग की ओर से डॉक्टर सागर कुमार और डॉक्टर विदुषी श्रीवास्तव ने किया। गौरतलब है कि पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना नियमित अंतराल पर मुफ्त चिकित्सा शिविर परियोजना प्रभावित इलाकों में लगाता है।

### बेदिया का बड़कागांव व केरेडारी का दौरा आज



**बड़कागांव ।** झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया रविवार को बड़कागांव एवं केरेडारी का दौरा करेंगे। बड़कागांव में झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा सुबह 10 :00 बजे बेदिया का स्वागत किया जाएगा । संगठन को मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ बातचीत करेंगे। तत्पश्चात केरेडारी प्रखंड के लिए रवाना हो जाएंगे। इस दौरान बेदिया कंडाबेर माता स्थान जाएंगे माता का दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे । कंडाबेर पंचायत में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे ।

### हजारीबाग में ट्रेड लाइसेंस की हुयी जांच

**हजारीबाग।** फरहत अनिसी, नगर प्रबंधक के नेतृत्व में वार्ड 11 तथा 32 में स्थित व्यावसायिक भवनों यथा बंधन बैंक (योगेंद्र प्रसाद),गुलमोहर इंटर कॉलेज,मानसरोवर सोसाइटी ,कैरियर गाइड और मधुलिका स्वीट्स के द्वारा भरे गए स्वकर निर्धारण प्रपत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें टीम के द्वारा भवन मालिको द्वारा भरे गए क्षेत्रफल एवं किये जा रहे प्रयोग में भिन्नता पाई गई। नगर निगम द्वारा इन्हें डिमांड नोटिस भेजी जाएगी ।साथ ही टीम के द्वारा व्यवसायिक दुकानों की भी जांच की गई जिनके द्वारा ट्रेड लाइसेंस नही बनवाया गया है उनके द्वारा मौके पर ही ट्रेड लाइसेंस प्राप्त किया गया इस टीम में श्री धर्मेंद्र राय, सहायक ; रितिका के शेखर एवं रितिका एवं निगम के तहसीलदार थे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा में अनिमियतता!

**टाटीझरिया।** खैरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा करमा में विद्यालय विकास कोष से प्रधानाध्यापक भागीरथ पंडित द्वारा राशि की बंदर बाट अपनी मनमानी कर दुरूपयोग का आरोप वित्तीय वर्ष 2022-23 की घटना विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरविन्द केशरी द्वारा लगाते हुए दोषियो पर जाँच कर कानूनी कार्यवाही हेतु हजारीबाग जिला शिक्षा पदाधिकारी ,डीसी, टाटीझरिया बीडीओ को लिखित आवेदन देकर मांग किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा करमा के दोनों खंडो 1से 8 व 9 से 10 कक्षा के विद्यालय विकास कोष में विभिन्न मदो को मिलाकर कुल 118000(एक लाख आठरह हजार रुपये की राशि प्राप्त हुआ था, जिसे विद्यालय विकास कार्य एवं छात्र छात्राओं के हित में राशि को उपयोग किया जाना था।जिसे लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों संग बैठक करवाकर सहमति प्राप्त कर अध्यक्ष तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक (सचिव) के संयुक्त हस्ताक्षर से ही विभाग द्वारा भेजी गई राशि का निकासी कर विद्यालय विकास कार्य किया जाना था। लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक किन्ही को कोई सुचना नहीं दिया और अपने स्वयं हस्ताक्षर कर पीएफएमएस के माध्यम से तीन किस्तों में कुल 79364 ऊनासी हजार तीन सौ चौसठ रुपये की निकासी की जिसमे मध्य खंड के रंग रोगन हेतु 71564 रुपये एवं 13 छात्रों के पोशाक हेतु 13600=7800/-रुपये कुल 79364 रुपये की निकासी किया ।

### अदाणी फॉउंडेशन ने ग्रामीणों को दिया मॉनसून किट

**बड़कागांव।** अदाणी फॉउंडेशन ने गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत ग्रामीणों के बीच नि:शुल्क मॉनसून किट का वितरण किया। बड़कागांव स्थित कार्यालय परिसर में शुक्रवार और शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान फॉउंडेशन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को मॉनसून किट के तहत छाता,थर्मस, मच्छरदानी,तौलिया,जूट का बैग आदि प्रदान किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हर मौसम में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगातार सहयोग प्रदान किया जाता है, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है। पिछले दिनों ही बारिश के दौरान बड़कागांव प्रखंड के गाली, बलोदर और गोंदलपुरा के ग्रामीणों के बीच 50-50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50-50 किलोग्राम यूरिया और दस-दस किलोग्राम धान के बीज प्रदान किए गए थे। कार्यक्रम में अदाणी फॉउंडेशन ने अधिकारियों के कहा कि इलाके में ग्रामीणों के लिए लगातार जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं, जिसे लगातार आगे बढ़ाया जाएगा।

कार्यक्रम में गोंदलपुरा खनन परियोजना के प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, डीजीएम संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह, वरीय प्रबंधक भीखम सिंह, उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, संतोष तिवारी, चेतन साई और शरद मिश्रा समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# फूलों की महक से गुलजार हो रहा चिरी जंगल का इलाका

## कभी जंगल की आड़ में होती थी पोस्ते और अफीम की खेती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला का चिरी जंगल की आड़ में ग्रामीण अफीम की खेती करते थे। लेकिन समय और राज्य सरकार के प्रयास ने इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सोच बदल कर रख दी। अब फूलों की खुशबू से क्षेत्र महक रहा है। ग्रामीण गेंदा फूल के साथ-साथ अन्य फूलों की खेती कर रहे हैं। बीते वर्ष किसान बसंत उरांव ने बड़काटोली, चिरी में सरकारी योजना का लाभ लिया और 04 एकड़ की भूमि पर गेंदा फूल की खेती से अच्छी आमदनी की।

बसंत ने इस वर्ष जरबेरा की खेती की है और अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। 15-20 दिन बाद फिर से गेंदा की खेती करेंगे और उसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है। बसंत अपनी खेत में अन्य किसानों को भी रोजगार दे रहे हैं। पर्व-त्योहारों पर इन फूलों की मांग बहुत बढ़ गयी है। कभी दूसरे राज्यों में पसीना बहाने वाले ग्रामीण अब अपनी माटी को सुंगधित कर रहे हैं।

जिला उद्यान विभाग की ओर से इन्हें खुले वातावरण में फूलों की खेती योजना अंतर्गत फूलों का पौधा उपलब्ध कराया गया, जिसे ये किसान अपनी चार एकड़ की बंजर हो रही भूमि पर लगा रहे हैं। इन्हें कृषि विज्ञान केंद्र, किस्को द्वारा तकनीकी सहयोग दिया गया है। जिसकी बदौलत बसंत को हौसला मिला है।



■ अपने मेहनत से बसंत ने बदली अपनी किस्मत फूलों की खेती से मिल रही अच्छी आमदनी

■ कभी जहां अफीम की खेती से इलाके की थी पहचान, वहां फूलों की खुशबू से रौशन हो रहा है जहां

### उद्यान विभाग का सराहनीय प्रयास



आज की तारीख में ग्रामीणों को फूल की खेती से कई गुणा ज्यादा आर्थिक लाभ मिल रहा है। इन ग्रामीणों का कहना है कि अपनी जरूरतों और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए मजबूरन पलायन करना पड़ा था। लेकिन कोविड के कारण देश भर में लगे लॉकडाउन ने इन्हें फिर से बेरोजगार बना दिया था। इस स्थिति में जब ये अपने गांव चिरी लौटे तो यहां उद्यान विभाग की ओर से दिए जा रहे सहयोग ने इनकी सोच बदल दी। अब ये सालों भर फूलों की खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। रांची और आसपास के इलाकों से लोग इनके पास बड़ी संख्या में प्रतिदिन गेंदा फूल खरीदने पहुंचते हैं, जो इन्हें इनकी खेत में ही रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

### जिले को मिल रही नयी पहचान

इन किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र का भी लाभ मिल रहा है। साथ ही जिला उद्यान विभाग इन्हें हर तरह से सहयोग प्रदान कर रहा है। जिला उद्यान विभाग की ओर से जिला के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में फूलों की खेती की जा रही है। लोहरदगा अब अपनी पहचान फूलों की खेती की ओर भी कर रहा है। नक्सल के दम तोड़ते ही युवाओं की सोच को नयी दिशा लोहरदगा में मिल रही है। बहरहाल, लोहरदगा की माटी से निकलने वाला बॉक्साइड कभी यहां की पहचान हुआ करती थी। लेकिन समय के साथ यहां के ग्रामीणों ने इसकी पहचान को बदल कर रख दिया है। समय अब करवटें ले रहा है, यहां की बहार बता रही है कि युवाओं ने अब अपने भविष्य का रास्ता चुन लिया है। अब लोहरदगा के नाम से भय नहीं सुगंध और विश्वास फैलती है, क्योंकि इन युवाओं ने लोहरदगा जिला को एक नयी पहचान दी है। बसंत को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से भी सम्मानित भी किया जा चुका है।

---

## स्पीड न्यूज

### बाइक चोरी का अभियुक्त भेजा गया जेल



**जारी।** जारी थाना कांड संख्या 03 /22 बाइक चोरी के फरार अभियुक्त को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त को थाना प्रभारी मनीष कुमार और अंकु कुमार ने मांझाटोली से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2022 में जारी थाना के जरडा पंचायत के बरवाडीह के महबूब खान के पल्सर की चोरी हो गयी थी। चोरी के आरोपी खुर्शीद खान पिता इस्माल खान लोकबहार थाना बागहार जिला जशपुर छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया गया।

### वृद्धाश्रम के वृद्धों के बीच कंबल वितरण



**गुमला।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला ने आठ दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनसेवा के अंतर्गत सिलम स्थित वृद्धाश्रम में कंबल बांटा। वृद्ध माताओं के साथ पारिवारिक माहौल में नाच गान का समय बिताया। इसमें अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सचिव कांता साबू, रचना अग्रवाल एवं सूची अग्रवाल मौजूद थी।

### करंट की चपेट में आने से बच्ची की मौत



**गुमला।** हुसैन नगर के सोनू आलम की बच्ची आयशा प्रवीण (9) की मौत शनिवार को हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से हो गयी। तुरंत परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि घर पर से हाई वोल्टेज तार गुजरी हुई है और बच्ची छत पर गयी थी। जिसकी चपेट में वह आ गयी।

### घायल छात्रों के परिजनों को मिली राशि



**गुमला।** भालू के हमले में जख्मी भरनो प्रखंड कमलपुर के मुन्नी बाड़ा के पुत्र लिवेंस और उसके दोस्त बिराज को शनिवार को वन विभाग ने मुआवजा राशि दी। ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व जब दोनों छात्र स्कूल जा रहे थे तो जंगली भालू ने हमला कर जख्मी कर दिया था। घटना के बाद लगातार पीड़ित के परिजन मुआवजा को लेकर वन विभाग का चक्कर लगा रहे थे। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो मुख्तार ने अहम भूमिका निभायी। जिससे शनिवार को डीएफओ अनवर बेलाल अहमद ने उनके परिजनों को मुआवजा राशि का चेक दिया। मौके पर कामगार कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अनायत आलम उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया बूथों का निरीक्षण



**घाघरा।** बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने प्रखंड क्षेत्र के कई बूथ केंद्रों का शनिवार को निरीक्षण किया। इस क्रम में वे बालाखटंगा, हापामुनी स्कूल व नवडीहा आंगनबाड़ी के बूथ केंद्र बीडीओ पहुंचे। जहां बीएलओ-शिक्षकों को कई जरूरी निर्देश दिया। साथ ही डोर टू डोर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को भी देखा। कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, वह प्रपत्र 6 भर कर जमा करें ताकि उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सके। मौके पर कल्याण पदाधिकारी विनोदानंद पाठक, संतोष कुमार सहित कई कर्मी बीएलओ उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सारथी योजना से जुड़कर अपनायें स्वरोजगार को : डीडीसी



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कौशल विकास केंद्र में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत चल रहे स्किल ट्रेनिंग सेंटर का डीडीसी हेमंत सती ने विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीडीसी ने छात्राओं को कहा कि स्वरोजगार को अपनाने एवं आजीविका को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की शुरुआत की गयी है। मुख्यमंत्री सारथी योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। आप इस योजना से जुड़कर सिलाई कढ़ाई, कम्प्यूटर एवं फैशन डिजाइनिंग की ट्रेनिंग लेकर अपने पारिवारिक स्थिति को मजबूत करते हुए गांव के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। मौके पर बीडीओ डा शिशिर कुमार सिंह,जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, उपप्रमुख प्रमोद खलखो,एस आई मुकेश कुमार जिमिट संस्था के डायरेक्टर शहनवाज अहमद व कई लोग मौजूद थे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में हुई ग्रामीण कार्यशाला



**लोहरदगा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-1 के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला कार्यपालक अभियंता अनूप हांसदा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल लोहरदगा में हुई। जिसमें सभी मुखिया, सभी जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस के दीदी शामिल हुईं। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत 16 जुलाई 2023 से 20 अगस्त 2023 तक स्वच्छता से संबंधित आयामों पर स्वच्छता सर्वेक्षण बाहर की टीमें सर्वेक्षण करेंगी। जिसमें गांव जाकर किसी ग्राम के 15 घरों का परिवारों से बातचीत गांव स्तर पर स्वच्छता संबंधित व्यवस्था का आकलन तथा सभी सार्वजनिक एवं संस्थानों का स्वच्छता से संबंधित सुविधाओं का आकलन किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता अनूप हांसदा ने बताया कि गांव में स्वच्छता अभियान चलाते हुए गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में प्रयास करें।

### पति ने पत्नी को पीटा, हालत गंभीर

**गुमला।** ढिढौली जामटोली के सानू खड़िया ने अपनी पत्नी एकता कुमारी के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर उसे मारकर घायल कर दिया। बेहोशी की हालत में घायल महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है। सानू ने बताया कि शनिवार की सुबह खेत में हल जोतने गया था। घर लौट पत्नी से खाना मांगा। जिसके बाद पत्नी ने अभद्र व्यवहार किया।

---

# 37 पशुओं के साथ 8 तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- छतीसगढ़ से लोहरदगा के बुचड़ खाना में पशुओं को भेजा जा रहा था
- रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई
- जब्त पशुओं में चार मृत अवस्था में पाये गये
- तस्करी के लिए जा रहे पशुओं के रेकी में शामिल दो वाहन जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरफ्तार पशु तस्करों के साथ प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल पुलिस पदाधिकारी।**

**रायडीह।** रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को 37 पशुओं को जब्त करते हुए 8 पशु तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जब्त पशु में चार मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने पशु तस्करों के एक स्वीफ्ट कार, मारूती सुजुकी व दो मोबाईल भी जब्त किया है। शनिवार को रायडीह थाना परिसर में इंस्पेक्ट बैजु उरांव, थाना प्रभारी अमित कुमार ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि छतीसगढ़ के जशपुर जिला के सांई टांगरटोली लोदाम से ट्रक संख्या सीजे 14 एमक्यू 5738 में पशुओं को लोड कर बुचड़खाना में वध करने हेतु लोहरदगा जिला तस्कर ले जा रहे हैं। पशु लदे ट्रक की रेकी व स्कॉट मवेशी कारोबारी सह तस्कर तसौवर अंसारी व इमरान अंसारी दोनों लोहरदगा जिला के सेन्हा निवासी सफेद रंग का स्वीफ्ट कार व मारूति सुजुकी से कर रहे हैं।

**खास बातें :** सूचना पर जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित कर एक टीम गठित की गयी। टीम रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम ढलान के पास ट्रक का इंतजार कर रही थी। अपराह्न करीब ढाई बजे ट्रक को दिखा तो गश्ती दल के सहयोग से ट्रक रोका गया। ट्रक रूकते ही पुलिस को देख चालक सेन्हा का मो साजिद अंसारी (34), तसलीम खान, मंसूर खान, बरगीडांड का सहबाज खान, सांई टांगर टोली का मुर्शीद आलम, घुघरी वासनी का मो मुर्शीद आलम तथा स्कॉट कर रहे वाहन के साथ मवेशी व्यापारी तसौवर अंसारी व सेन्हा के इमरान अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सभी लोगों व जब्त पशुओं को थाना लाया गया। जहां पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

# जिले में मजबूती के साथ काम कर रही है युवा कांग्रेस : विशाल डुंगडुंग

■ जिला युवा कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बैठक में मौजूद युवा कांग्रेस के पदाधिकारी।**

**लोहरदगा।** जिला युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी बैठक एवं युवा प्रदेश कांग्रेस के निदेर्शानुसार कमिटी का पुनर्गठन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया । मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर माला पहनाकर एवं पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया गया और उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों को एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है सभी पदाधिकारी बखूबी के साथ पार्टी कर्तव्यों का पालन करें और संगठन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। कांग्रेस की विचारधारा के साथ राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें । बीते वर्षों में मोदी सरकार ने युवाओं से कई झूठे वादे किए और वर्तमान में उनका पदार्फाश हो चुका है और युवाओं को एकजुट होकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार पदाधिकारियों के मनोनयन में फेरबदल की गयी है एवं नये ऊर्जावान साथियों को पद के साथ दायित्व प्रदान किया गया है। युवा कांग्रेस पहले से कहीं अधिक मजबूती के साथ काम कर रही है और आने वाले समय में शक्ति प्रदर्शन करेगी।

### पांच प्रखंडों में गरिमा केंद्र का उद्घाटन 17 को

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य को डायन कुप्रथा से मुक्त कराने को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने गरिमा परियोजना के तहत पीड़ित महिलाओं के सहयोग, सुरक्षा एवं पुनर्वास के उद्देश्य से लोहरदगा जिला के 05 प्रखंडों में गरिमा केंद्र का उद्घाटन 17 जुलाई को होगा। प्रखंड कार्यालय परिसर सेन्हा, प्रखंड कार्यालय परिसर किस्को और विवाह मंडप भंडरा में गरिमा केंद्र का उद्घाटन 12 बजे होगा। वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर पेशरार में गरिमा केंद्र का उद्घाटन 1 बजे और प्रखंड कार्यालय परिसर कुडू में केंद्र का उद्घाटन 2 बजे होगा। जानकारी जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने दी है।

### भंडरा : ट्रांसफार्मर जलने से उपभोक्ता परेशान

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती के हलवाई टोली एव भंडरा थाना का ट्रांसफार्मर जल गया है। ट्रांसफार्मर जलने से भंडरा थाना के पुलिस कर्मी एवं हलवाई टोली के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली ट्रांसफार्मर जलने से लगभग एक सौ उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। भंडरा थाना में कई आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग किये हैं। कार्यपालक अभियंता के द्वारा लोगों को जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया गया है।

### वज्रपात की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा तिलैडीह निवासी कोषणा खड़िया (65) की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी। घटना शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे की है। परिजनों ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर खेती बारी को लेकर मृतक खेत गया था। जहां वर्षा होने पर भींगते हुए घर पहुंचे। उसी वक्त हुए वज्रपात की चपेट में वृद्ध आ गया। जिसे उसकी मौत हो गयी।

### नुक्कड़-नाटक से ग्रामीणों को किया जागरूक



**लोहरदगा।** जिले के सूचीबद्ध कला दलों ने सेन्हा और कैरो प्रखंड में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक से किया गया। मेघनाथ महतो के नेतृत्व में लोक कला मंच ने कैरो प्रखंड के हनहट और उतका गांव में सरकार के योजनाओं की मेला प्रदर्शनी लगायी। वहीं मनीता मिंज के नेतृत्व में एल्मा मेटर के कलाकारों ने सेन्हा प्रखंड के मुकीतीड़ार में नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया। द्रौपदी देवी के नेतृत्व में भारतीय लोक कल्याण संस्थान लोहरदगा के कलाकारों ने सेन्हा प्रखंड के भड़गांव में नुक्कड़-नाटक किया गया। इनमें राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं यथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गयी।

# डुमरी से अमरनाथ के लिए 60 कांवरियों का जत्था हुआ रवाना

■ बीडीओ और सीओ ने दी सकुशल यात्रा की बधाई और शुभकामनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डुमरी (गुमला)।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा टांगीनाथ धाम क्षेत्र डुमरी से 60 कांवरियों के जत्थे को बीडीओ एकता वर्मा व सीओ रेशमा रेखा मिंज ने शनिवार को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। साथ ही बीडीओ ने सभी श्रद्धालुओं के कुशल यात्रा की मंगल कामना की। कहा की सभी भक्त अपनी धार्मिक यात्रा पूरी कर सकुशल अपने घर लौटें। साथ ही अपने व अपने क्षेत्र, जिले, राज्य व संपूर्ण राष्ट्र के प्रगति की ईश्वर से कामना करें। अमरनाथ यात्रा का नेतृत्व कर रहे गुमला के अजय कुमार गुप्ता व डुमरी के अंकित कुमार ताम्रकार ने बताया कि इस यात्रा में 25 महिला एवं 35 पुरुषों सहित 60 श्रद्धालु हैं। जिनमें डुमरी, चैनपुर, गुमला, घाघरा, बेड़ो व छत्तीसगढ़ के भक्त शामिल हैं।

# कुरेश कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने अफसर कुरैशी

■ झारखंड और छत्तीसगढ़ के पर्यवेक्षक के भी मिली जिम्मेवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी को कुरेश कॉन्फ्रेंस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि कुरेश कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय स्तर पर कुरेश समुदाय से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मामलों पर काम करती है। संगठन देशभर में कुरेश बिरादरी के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ भी मजबूती से आवाज उठाती है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसके लिए उन्होंने कुरेश कॉन्फ्रेंस के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। साथ ही समुदाय के प्रति कार्य को लेकर संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है उसके लिए लगातार काम करेंगे। वहीं झारखंड और छत्तीसगढ़ के पर्यवेक्षक बनाये जाने पर उन्होंने कहा है कि इन दोनों राज्यों में कुरेश समुदाय के लाखों लोग निवास करते हैं परंतु कई मामलों पर बिरादरी को जो सरकारी लाभ मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता है।

# गुमला के चंदाली में केंद्रीय विद्यालय का होगा निर्माण

■ उपायुक्त ने स्थल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने शनिवार को चंदाली पुलिस लाइन के पास केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। केंद्रीय विद्यालय का निर्माण 4.69 एकड़ जमीन पर होगा। ज्ञात हो कि चंदाली में पहले से ही समाहरणालय भवन, खेल मैदान, हॉस्टल आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। भविष्य में इस स्थान पर विभिन्न प्रकार की सुविधाएं होंगी। उपायुक्त द्वारा इसे पॉश एरिया के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इसकी वजह से ही चंदाली में ही केंद्रीय विद्यालय का निर्माण करने का फैसला लिया है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूरे स्थान की जांच करने और सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की पुष्टि कराने के निर्देश दिये।

### कुम्हार ढलान के पास से पिकअप चोरी

**गुमला।** थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित लोहरदगा रोड कुम्हार ढलान के समीप से देर रात अज्ञात चोरों ने पिकअप वाहन की चोरी कर ली। जिसको लेकर वाहन मालिक इंद्रजीत सिंह ने थाना में लिखित शिकायत की। वाहन मालिक ने बताया है कि रात्रि 8 घर के सामने प्रियंका टेंट हाउस के समीप गाड़ी खड़ा कर वह अपने घर के अंदर चला गया। सुबह 4 बजे जब उठा और बाहर निकला तो देखा कि पिकअप वाहन नहीं है। काफी खोजबीन करने के बावजूद पिकअप वाहन का कहीं पता नहीं चल पाया।

# ट्रांसफार्मर चोरी को लेकर दो चोरों की हुई जमकर पिटाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** थाना क्षेत्र के खरता टाटी रास्ते मे चाल्हो मोड़ के समीप बीती रात ट्रांसफार्मर चोरी के मामले में दो युवकों को जमकर धुनाई हुई, वहीं दो चोर भागने में सफल रहे। पकड़े गये चोरों को कैरो थाना पुलिस को सौंप दिया गया। शुक्रवार देर शाम चाल्हो के किसानों व ग्रामीणों द्वारा ट्रान्सफार्मर चोरी की घटना को लेकर चार संदिग्ध लोगो को देखकर हल्ला किया गया, साथ अगल बगल के गांवों में भी इसकी जानकारी दी गई जिसके बाद खरता टाटी इत्यादि गांवों के ग्रामीण भागते हुए चोरों को पकड़ा जिसके पास बिना नंबर की बाइक व बोरा में ट्रांसफार्मर के अंदर का तांबे का तार से बना क्वाइल मिला, वही दो लोग भागने में सफल रहे। इसके बाद भी ग्रामीणों के साथ पकड़े गये चोर उलझ गये जिससे ग्रामीणों व किसानों ने उनकी जमकर धुनाई कर स्थानीय चौकीदार के माध्यम से कैरो थाना पुलिस को सौंपा गया।

## जिला स्थापना समिति सह जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न

# 7 पंचायत सचिवों को एमएससीपीएस के तहत प्रोन्नति की मिली स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार की देर शाम जिला स्थापना समिति, जिला शिक्षा स्थापना समिति सह जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त के स्क्रीनिंग समिति में लिए गए निर्णयों के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में 7 पंचायत सचिवों को एमएससीपीएस के तहत प्रोन्नति की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं एक मामले पर पुनः विचार उपरांत निर्णय ली जायेगी। चौकीदारों के सेवा संपुष्टि हेतु एसीपी, एमएससीपीएस के तहत कुल प्राप्त 27 प्रस्तावों की प्रोन्नति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में पदस्थापित कर्मियों की सेवा संपुष्टि एवं एमएससीपी के तहत प्रोन्नति की स्वीकृति प्रदान की गयी। अंचल कार्यालय गुमला में राजस्व उप निरीक्षक की कमी को देखते हुए रायडीह अंचल से रूबिन नायक एवं विशुनपुर अंचल से सुनील जयंत पन्ना को स्थानांतरित करते हुए क्रमशः घाघरा अंचल में पदस्थापित करने का निर्णय लिया गया।

**खास बातें :** गत जिला स्थापना समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में नीलाम पत्र हेतु सभी अधिसूचित पदाधिकारियों के बीच कार्य आवंटन के प्रस्ताव पर विचार करते हुए अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया। सामान्य अनुकंपा के तहत प्राप्त 2 प्रस्तावों में से एक में पूर्व में की गयी अनुशंसा को संशोधित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी एवं एक प्रस्ताव विभागीय निर्देश के अनुरूप नहीं होने से अस्वीकृत किया गया। उग्रवादी हिंसा के तहत कुल 4 प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव में संशोधित अनुशंसा विभाग को भेजने एवं एक प्रस्ताव को रद्द करने हेतु निर्देशित किया गया। विभाग द्वारा स्वीकृत एक प्रस्ताव के आलोक में नियुक्ति पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया।

# बुजुर्गों का सम्मान हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है : अखिलेश

■ भारतवर्ष में संयुक्त परिवार एवं बुजुर्गों के सम्मान की परंपरा रही है : विनोद राय

■ दादा -दादी, नाना- नानी के सम्मान से आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि होती है : किनेश्वर महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कार्यक्रम में उपस्थित लोग और आरती करता बच्चा।**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा के सभागार में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुमला विभाग के विभाग कार्यवाह किनेश्वर महतो, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, शोभा देवी, जीतराम बढ़ाइक, पुष्कर महतो, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय उपस्थित थे। आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। अतिथि परिचय एवं सम्मान कराते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि विद्या भारती ने समाज में बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाने के लिए यह योजना चलाई है। इससे समाज में जागरूकता आयेगी। मौके पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि बुजुर्गों का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भारतीय संस्कृति से जुड़ी शिक्षा प्रदान की जाती है। संयुक्त परिवार के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि दादा-दादी की परिवार में अहम भूमिका होती है।

स्पीड न्यूज

### जून का राशन नहीं उठाने वाले को 22 तक अनाज दें : प्रमोद

**कोडरमा।** जून माह में जिले के कुछ पीडीएस दुकानदारों द्वारा लाभुकों के बीच शत-प्रतिशत अनाज का वितरण नहीं किया गया था। इसे लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम की ओर से जिले केध लगभग 20 पीडीएस दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगी गई थी। उन्होंने बताया कि विभाग स्तर से लागू किए गए नए नियम के तहत प्रतिमान लाभुकों को अनाज उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिले में अनाज वितरण का प्रतिमा का औसत लगभग 96 प्रतिशत का है। मगर जून माह में लगभग 20 दुकानदारों द्वारा 89 से लेकर 92 प्रतिशत तक ही अनाज का वितरण किया गया। वहीं डीएसओ ने बताया कि जून माह में जिन लाभुकों ने पीडीएस दुकानों से अनाज का उठाव नहीं किया है।

### युवक ने किया रिश्ते को शर्मशार

**कोडरमा।** जिले के तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमोबरवाडीह में एक युवक ने अपनी मां समान भाभी का अश्लील वीडियो बनाया और फिर वायरल कर देने की धमकी दे कर लगातार दुष्कर्म करता रहा। जिसके बाद 22 वर्षीय महिला ने एफआईआर दर्ज कराया और अपनी आपबीती बताएं, तत्पश्चात तिलैया डैम ओपी पुलिस ने शनिवार को उक्त युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि पीड़िता ने 12 जुलाई को तिलैया डैम ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं पीड़ित महिला को भी सदर अस्पताल में मेडिकल कराया गया और मेडिकल जांच के बाद कोडरमा न्यायालय में प्रस्तुत कर 164 का बयान दर्ज कराया गया।

### चतुर्थ वर्गीय पद पर कार्यरत रूपकला माधुरी खलखो बनीं सहायक प्रोफेसर

**कोडरमा।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोडरमा में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत रूपकला माधुरी खलखो ने जेपीएससी की ओर से प्रोफेसर के पद पर बहाली के लिए निकाली गई परीक्षा को पास करते हुए व्याख्याता बनने का गौरव ह्वासिल किया है। उसकी पहली पोस्टिंग कोलहन कॉलेज यूनिवर्सिटी चाईबासा में सहायक प्रोफेसर के पद पर हुई है। व्याख्याता बनने के बाद कर्मी ने शुक्रवार को चतुर्थवर्गीय पद से रिजाइन दे दिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने उसकी सफलता के लिए बुके एवं मिठाई खिलाकर कर्मी को बधाई दी। कर्मियों ने कहा कि छोटे पद पर भी कार्यरत होते हुए महिला कर्मी ने अपने हौसले एवं प्रतिभा से जो मुकाम हासिल किया है वह प्रेरणादायक है। उनकी कामयाबी पर सूरज कुमार यादव, अजय कुमार, अजीत कुमार, कमल हेम्ब्रम आदि ने बधाई दिया।

### अतिरिक्त सीटें बढ़ी

**कोडरमा।** जिला अंतर्गत सीडी प्लस 2 बालिका उवि.झुमरीतिलैया एवं सीएम प्लस 2 उवि.डोमचांच में क्रमशः 200 सीट (05 सेक्शन) तथा 120 सीट (03 सेक्शन) पर नामांकन लेने के कारण संबंधित विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को कक्षा 09 में नामांकन में कठिनाई हो रही थी। इस संबंध में कक्षा 08 पास करने वाले छात्र-छात्रा तथा उनके अभिभावकों के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु अभ्यावेदन दिया जा रहा था, जिसे देखते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन के दिशा निर्देश पर एवं छात्र-छात्राओं के शैक्षिक हित को दृष्टिपथ पर रखते हुए दोनों उत्दृष्ट विद्यालय (एसओई) में अतिरिक्तसीटें (सेक्शन) बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सीडी प्लस 2 बालिका उवि, झुमरीतैलिया प्रखंड कोडरमा पूर्व में निर्धारित सीट 200 के अतिरिक्त80 सीट की वृद्धि की गयी है तथा सीएम प्लस 2 उवि, डोमचांच प्रखंड में 120 सीटों के अतिरिक्तसीटों में वृद्धि करते हुए क्रमशः 280 सीट तथा 240 सीट निर्धारित किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 से उक्त सीटों पर लिए गए प्रवेश परीक्षा के उपरांत संधारित मेधा सूची के प्रतीक्षा सूची से नामांकन लिया जाना है।

# पर्यावरण सुरक्षा के प्रति सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य होगा भयावह : मिथिलेश

## एक साथ एक हजार लोगों ने किया पौधरोपण, दो हजार पौधों का किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता


दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मंत्री


शपथ लेते मंत्री व अन्य


पौधरोपण करते मंत्री

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण के महा अभियान की शुरुआत की। शनिवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा असम के तत्वावधान में गढ़वा के सुखबाना स्थित लहसुनिया पहाड़ पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, एसपी अंजनी कुमार झा, डीडीसी राजेश राय, लायंस क्लब के पूर्व जिला पाल राजीव सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस महा अभियान की शुरुआत मंत्री श्री ठाकुर ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान लहसुनियां पहाड़ पर मंत्री श्री ठाकुर के साथ एक साथ एक हजार लोगों ने पौधरोपण किया। साथ ही मंत्री ने स्कूली बच्चों आदि लोगों के बीच दो हजार पौधों का वितरण भी किया। साथ ही सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का शपथ भी लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पर्यावरण सुरक्षा की अति आवश्यकता है। यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुए, पर्यावरण की रक्षा नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य भयावह होगा। जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लोगों को पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। आज पेयजल एवं प्रदूषण की जो समस्या उत्पन्न हो गई है, इससे सबक लेने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार एवं विभाग की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। परंतु सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। आज से 20-25 वर्ष पूर्व गढ़वा में बहुत बारिश होती थी, पर आज सावन के महीने में भी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। पर्यावरण के दोहन से ही पेयजल की भी विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा असम इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद का पात्र है। यह कार्यक्रम महोत्सव नहीं बल्कि महा महोत्सव है। अन्य सभी क्लबों को इस प्रकार का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड ही नहीं पूरे देश के लिए प्रेरणादायक होगा। सभी लोगों को पौधा लगाने एवं जल संरक्षण का कार्य अपना कर्तव्य समझकर करें, ताकि हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य दे सकें। उन्होंने कहा कि आज के इस महा अभियान का दूरगामी परिणाम होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा कदम उठाते हुए महा अभियान चलाने का आग्रह किया है। मौके पर डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश राय, एसपी अंजनी कुमार झा, राजीवा सिंह, कमांडेंट नृपेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट चेयरमैन ला. राकेश पाल, लायंस क्लब अफ गढ़वा असम के अध्यक्ष कंचन साहू आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शंभू त्रिपाठी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ अवा कुमार यादव, सीओ कुमार मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय, डीएफओ शशि कुमार, डॉ यासीन अंसारी, डॉ एमपी गुप्ता, राजीव चौबे, अनिल सोनी, राजेश गुप्ता, सरोज सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, आराधना सिंह, चंदा देवी, मदन प्रसाद केशरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## विधायक मद योजना में घोटाला, पुराने नाली को दिखाने में लगे है संवेदक



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के मद से प्रखंड के बन्हे गांव में मटकू सिंह के घर के पास नाली का निर्माण किया जा रहा है।जिसमे संवेदक द्वारा पुराने नाली को ही मरम्मत कर नए नाली का रूप देकर रुपए गबन करने में लगे हुए है। नाली में बंगला इट व डस्ट से मात्र एक रद्दे की जोड़ाई की जा रही हैं। साथ हीं ठीकेदारों के द्वारा जोड़ाई के साथ साथ पन्ना प्लास्टर भी कर दिया जा रहा हैं ताकि पुराने नाली के नमो निशान तक ना रहें। यह खुलासा जब हुआ की ग्रामीणों की सूचना पर पत्रकारों के एक टीम नाली निर्माण स्थल पर पंहुचा। जिसे लेकर समंधित जेई मनोज कुमार मुन्ना से संपर्क की गई जेई ने कहा की योजना बनना है लेकिन निर्माण की कोई जानकारी नहीं है। मामले को लेकर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं थी। अब संज्ञान में आ गई है जांच किया जाएगा। गैरतलब है की उक्त नाला का निर्माण विधायक मद से एनआरईपी विभाग से किया जा रहा है जिसका प्रकालित राशि लगभग तीन लाख पच्चास हजार है।

## फल्गु नदी के उद्गम स्थल का होगा जीर्णोद्धार : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखण्ड के सबानो पंचायत के इचाक कला गाँव में फलगु नदी का उद्गम स्थल है। जहां उप विकास पदाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उपायुक्त के निदेर्शानुसार किया गया। जानकारी के अनुशार फलगु उद्गम स्थल को ऐतिहासिक बनाने को लेकर शनिवार को सेंट्रल कमिटी का मैराथन बैठक की गई है। उसके बाद सेंट्रल कमिटी उद्गम स्थल को निरीक्षण करेगी तदोपरांत उद्गम स्थल को ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा। बता दें कि सिमरिया प्रखण्ड में दो उद्गम स्थल है। एक जो एदला गाँव के खेत से उद्गम स्थल है जो मानत नदी के नाम से प्रचलित है वहीं पांकी में इसी नदी को अमानत नदी के नाम से जाना जाता है। दुशरा सबानो पंचायत के इचाक कला गाँव के एक तलाब के करीब से फलगु नदी का उद्गम हुआ है। जो आगे जाकर बड़ा रूप लिया है जिसे फलगु नदी के नाम से प्रसिद्ध है। निरीक्षण में अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, प्रखण्ड पदाधिकारी नीतू सिंह, अंचलाधिकारी छुटेश्वर दास, बीपीओ राजेश कुमार, मुखिया नरेश साहू के अलावे दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## शिव शंकर रजक बने अध्यक्ष रविकांत रवि बने महासचिव



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अखिल प्राथमिक शिक्षक संघ के हुए चुनाव में शिव शंकर व रविकांत रवि लगातार दूसरी बार अध्यक्ष व महा सचिव चुने गये। शिव शंकर रजक को जहां 46 मत प्राप्त हुए, वहीं रविकांत रवि को 53 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद में दूसरे स्थान पर अश्विनी कुमार तिवारी को 30 मत प्राप्त हुए जबकि महा सचिव के लिए कौलेश्वर ठाकुर को 23 मत मिले।

इस प्रकार सुभाष चन्द्र संगठन मंत्री, अरविंद कुमार कोषाध्यक्ष, शंकर दयाल उपाध्यक्ष, मनोज कुमार चौरसिया संयुक्त सचिव, अंकित चक शिव शंकर मोदी, रामचन्द्र प्रसाद चुने गए।

### कार्यशाला का आयोजन

**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान की सफलता के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में जिला समन्वयक (एमआईएस) अनुज कुमार श्रीवास्तव ने एसएसजी 2023 अभियान में अब तक किए गए एवं किए जाने वाले कार्यों जैसे ग्रामीण स्वच्छता मूल्यांकन, सहकर्मी सत्यापन, केंद्रीय टीम के द्वारा चयनित ग्रामों पंचायतों का क्षेत्र भ्रमण, निर्मित संरचनाओं का निरीक्षण आदि विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

## सामूहिक विवाह प्रचार रथ को मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# निर्धन, असहाय, असमर्थ हैं तो कन्या विवाह सोसाइटी से मिले : मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता


हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर व अन्य

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वावधान में 101 गरीब व असहाय कन्याओं की आयोजित सामुहिक विवाह कार्यक्रम का प्रचार प्रसार के लिए प्रचार रथ रवाना किया गया। जिला परिषद मार्केट स्थित सोसायटी के जिला कार्यालय से शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, संस्था सचिव विकाश कुमार माली, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। ज्ञात हो कि संस्था की ओर से आगामी माह 6 दिसंबर को गढ़वा में 101 निर्धन व असहाय कन्याओं की सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि बिहार सरकार से निबंधित इस संस्था का कार्य काफी सराहनीय है। इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में भाग लेना गौरव की बात है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोग संस्था में अपनी कन्याओं का निबंधन कराए और इस कार्यक्रम को सफल करने में अपनी भूमिका निभाए। मंत्री ने कहा कि मैं झारखंड राज्य के किसी भी जिले में रहूंगा तो कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी कार्यक्रम में निष्चित रूप से उपस्थित रहूंगा।

## शहर में अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर

# ट्रैफिक व्यवस्था में होगा सुधार : नगर प्रशासक

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर में ट्रैफिक समस्या से लगातार लोगों को हो रही परेशानी से राहत दिलाने को लेकर नगर प्रशासन की टीम ने शनिवार को शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस अभियान में सीओ माँ देवी प्रिया एवं नगर प्रशासक विनीत कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। दंडाधिकारी के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम पुलिस बल एवं जेसीबी, ट्रैक्टर और टिपर वाहन के साथ राजगढ़िया मोड़ के समीप पहुंची, जहां ओवर ब्रिज के नीचे लगने वाले दर्जनों अस्थाई जूते चप्पल की दुकान, कपड़े की दुकान, बर्तन की दुकान, फल की दुकान समेत अन्य दुकानों को हटाया गया। इसके बाद टीम ने झंडा चौक से लेकर कोडरमा स्टेशन के मुख्य द्वार तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस दौरान कोडरमा स्टेशन के मुख्य द्वार के समीप पटाखा विक्रेता के द्वारा सड़क का अतिक्रमण करने एवं बिना लाइसेंस के पटाखा बेचने और घनी आबादी वाले क्षेत्र में पटाखा बेचने के मामले में दुकानदार के सभी पटाखों को जब्त कर दो वाहनों के माध्यम से नगर परिषद कार्यालय पहुंचाया गया। वहीं नगर प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि कुछ महीने पहले पटाखा दुकान के संचालक पर नियमों के विपरीत दुकान का संचालन करने को लेकर अधिकतम 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था।

### अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग

**कोडरमा।** जयनगर थाना कांड संख्या 108/23 अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं। उक्त कांड में आवेदनकर्ता पूजा देवी पति रंजीत रजक ग्राम बेहराडीह थाना जयनगर निवासी ने बताया कि 22 मई 2023 की रात करीब 10:30 बजे गांव के लक्ष्मण साव पिता भुनेश्वर साव, गुडिया देवी पति लक्ष्मण साव, सूरज साव ने मेरे पति रंजीत रजक की हत्या कर देने के नियत से मेरे घर में घुस कर गाली-गलौज करते हुए सर पर टांगी से हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद हम लोगों ने जयनगर थाना में आवेदन दिया।

## राशनकार्ड धारियों के बीच शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें: डीएसओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** महीने की 25 तारीख तक लाभार्थियों के बीच शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें। उक्त बातें डीएसओ सलमान जफर खिजरी ने सरकारी उचित मूल्य की दुकानदारों को सम्बोधित करते हुए कहा। सलमान जफर खिजरी ने बताया कि विगत 14 जुलाई को चतरा प्रखंड के सभागार में पीडीएस दुकानदारों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला में उपस्थित सभी पीडीएस दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि खाद्यान्न उठाव नहीं करने वाले राशनकार्ड धारियों को चिन्हित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहमति के साथ एमओ के माध्यम से जिला आपूर्ति कार्यालय को सूचित करें। राशनकार्ड धारियों को आधार कार्ड से शत प्रतिशत जोड़ने का काम ससमय पूर्ण करें। डीएसओ खिजरी ने कहा पीडीएस दुकानदारों को कहा कि गरीबों का अनाज शत प्रतिशत वितरण करें।कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर पीडीएस दुकानदारों के खिलाफ सीधी करवाई की जाएगी। डीएसओ खिजरी ने कहा कि सरकारी उचित मूल्य की दुकानदारों की मुख्य समस्या में कमीशन की राशि नहीं मिलने की बात है।

मैन राज्य खाद्द आपूर्ति से कमीशन से सम्बंधित परामर्श किया। मुझे आश्वासन मिला है कि डीलर्स की कमीशन की राशि उपलब्ध हो गई है।जल्द ही कमीशन की राशि जिलों को आवंटित कर दी जाएगी। जिले को राशि आवंटित होते ही नियमानुसार डीलर्स कमीशन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। उक्त कार्यशाला में चतरा बीडीओ सह एमओ गणेश रजक एंव प्रखंड क्षेत्र के पीडीएस दुकानदार शामिल थे।

## कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

# कविता वाचन भावपूर्ण होना आवश्यक : एडीजी



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा प्लस टू विद्यालय में शनिवार को कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सहोदया स्कूल के 14 विद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के एडीजी राजकुमार मलिक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी कुमार गौरव व भारतीय मूल के अमेरिकी सोशल एक्टिविस्ट रवि भूषन सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं रानी व रितु ने स्वागत गान की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राजकुमार मलिक ने कहा कि कविता वाचन भावपूर्ण होना आवश्यक है। वहीं उन्होंने कहा साहित्य के विभिन्न भागों के भाव अलग-अलग हैं, प्रतिभागी जिस भाव या रस का वाचन कर रहे हैं उन्हें उसी भाव में प्रदर्शित करने की बात कही।

# चतरा लोकसभा का चुनाव लड़ेगा झामुमोः जिला अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झामुमो कार्यकताओं की एक बैठक जिला अध्यक्ष पंकज कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में हुई संचालन मो0 एकरामुल हक ने किया। जिसमे सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष ने निर्देशित किया की सदस्यता अभियान में तेजी लाया जाय और पार्टी के नीति सिद्धांतो से आम आवाम को अवगत कराया जाए।

पंकज प्रजापति ने कहा की अगले लोकसभा चुनाव में झामुमो का प्रत्याशी चतरा से हो और पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ें और जीते यह सुनिश्चित करने के लिए जनता जनार्दन को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा किए जा रहे विभिन्न लाभदाई योजनाओं को आम जनता जनार्दन के समक्ष ले जाना सुनिश्चित करने हेतु संगठन स्तर पर और परिश्रम करने की आवश्यकता है। बैठक में सभी नेता कार्यकर्ता ने एक स्वर में कहा की हर हालत में केंद्रीय नेतृत्व को चतरा लोकसभा चुनाव लडने हेतु जिला कमिटी आग्रह और प्रेरित करेगा। झामुमो कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा की हम नही भूले हैं की बिहार में राजद गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया उसके बाद भी आदरणीय गुरु शिबू सोरेन और लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दरियादिली दिखाते हुए राजद के एकमात्र विधायक को मंत्री बनाए नही तो एक विधायक वाली पार्टी के विधायक को मंत्री बनाने की कोई आवश्यकता नही थी फिर भी आए दिन राजद नेता घुरन राम जैसे लोग मुख्यमंत्री को घुड़की देते रहते हैं। जिसे झामुमो जिला कमिटी कभी बर्दास्त नही करेगी। कार्यक्रम में झामुमो कार्यकताओं को जिला अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया की दिनांक 20 जुलाई को होने वाली 20 सूत्री की बैठक हेतु आ रहे पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री मिथलेश ठाकुर के स्वागत में कोई कमी नहीं रहे और शहर में झंडा बैनर लगाने का निर्देश दिया। कार्यकर्म में जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी, मो एकरामुल हक, पुरन राम,चंदन कुमार, राहुल यादव, उपेन्द्र राम, बबलू केसरी, मनोज वर्मा, जयदीप पासवान, बिट्टू कुमार, रंजित प्रजापति, मालेश्वर साहू, भूपेंद्र ठाकुर, आशिक अंसारी, सुनील कुमार, सुरेश साव, धीरेंद्र सिंह, बाबूलाल साव, मनोज सिंह, छटू भुईयां, वंदना देवी, पूजा देवी, सरोज देवी, निरमा देवी, भोला सोनकर मनोवर अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेड़ से टकराने के बाद कार में लगी आग,बाल बाल बचा चालक

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे भुरकुंडा जंगल के पास एक कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। जिसमें कार चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार कन्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर एसबीआई ब्रांच के क्लर्क अभय कुमार चौधरी अपने सेलेरियो मारूति कार से राजपुर से अपने घर हजारीबाग मासीपीढी जा रहा था। जैसे ही कार भुरकुंडा जंगल पहुंची थी कि अचानक चालक अभय कुमार गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा। सड़क से उतरकर कार एक पेड़ से टकरा गई। जबरदस्त टक्कर की वजह से आग लग गई। देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। उसी वक्त इटखोरी की रात्रि गस्ती पुलिस टीम पीतीज की और जा रहे थे तो देखा की एक कार में भीषण आग लगी हुई हैं और जब कार के पास गया तो देखा की में एक चालक पुरी नींद में सोया हुआ हैं। किसी तरह सभी पुलिस बल के जवानों ने अपनी सूझ बूझ से उसे बाहर निकाला। दमकल गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी में लगी आग बुझाई।

### मोटरसाइकिल व पिकअप में टक्कर तीन घायल एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ- लातेहार पथ पर बालू ग्राम के सलेमपुर टोला में शुक्रवार की देर रात एक पिकअप भैंन jh01CT 6954 एवं मोटरसाइकिल की हुई आमने सामने टक्कर में रामदेव गंझु 35 वर्ष पिता मिट्ठू गंझु, बंधन गंझु 45 वर्ष अंहच गंझु, धुनेश्वर गंझु 32 वर्ष पिता रंजन गंझु घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद रामदेव गंझु की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रामदेव गंझु एक मोटरसाइकिल में सवार होकर तीनो लोग बालूमाथ से अपने घर सलेमपुर जा रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही पिकअप भैंन से आमने सामने टक्कर हो गई।

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को सुबह 11 बजे से विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु ने बताया की जिला के निर्देशानुसार बैठक का आयोजन किया जाना है। इस प्रखंड स्तरीय बैठक में आगामी छह माह की कार्य योजना, संगठन के विस्तारीकरण, प्रखंड के सभी खंडों में विश्व हिंदू परिषद का समिति विस्तार पर चर्चा होगी। वहीं अयोध्या में बन रहे भगवान राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 29 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चलने वाले राम शौर्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद के द्वारा निकाला जाना है। जिस पर चर्चा होगी। प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु ने सभी प्रखंड समिति के सदस्यों एवं राम भक्तों को इस बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### जमीन संबंधित विवादों का किया गया निपटारा

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जमीन संबंधित विवादों का निपटारा किया गया। बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहां की मानसून आते ही जमीन संबंधित विवादों की समस्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसी को देखते हुए उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार थाना दिवस मनाते हुए जमीन विवाद का निपटारा करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। थाना दिवस पर कूल 14 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें एक आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। अंचल निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि शेष 13 आवेदन पर राजस्व कर्मचारी को जांच प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया है एवं इन आवेदन का निपटारा शीघ्र कर लिया जाएगा। वही अंचलाधिकारी आफताब आलम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जमीन संबंधित विवाद होने पर आपस में झगड़ा नहीं करें। बालूमाथ अंचल कार्यालय में आकर अपना आवेदन देकर जमीन संबंधी समस्या का निष्पादन करा ले। वहीं थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में जमीन विवाद को लेकर आपस में मारपीट नहीं करें ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर थाना दिवस लगाकर जमीन संबंधित विवादों का निपटारा किया जाएगा।

**मनिका थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका बकोरिया में सड़क दुर्घटना में हुए 2 लोगों की मौत के बाद परिजनों ने किया सड़क जाम**

# भीम आर्मी व राजद के नेताओं ने भी की मुआवजे की मांग

➲ पलामू एसडीओ, सतबरवा बीडीओ व थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका बकोरिया में दिन शुक्रवार को शाम लगभग 4:00 बजे बकोरिया पेट्रोल पंप के मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर फोर्ड कंपनी के इको स्पोर्ट्स कार और टेंपो के बीच भीषण टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में मनिका थाना क्षेत्र के नीरज कुमार उम्र 14 वर्ष पिता मदन राम घर (कोपे) की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि बकोरिया गांव के भलवही टोला के टेंपो चालक अशोक राम का रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गया था। वहीं टेम्पो पर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये थे। वहीं सतबरवा पुलिस ने सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के परिजन को मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर शाम लगभग 6:30 बजे बकोरिया पेट्रोल पंप के समीप मृतक अशोक राम के शव को रखकर राष्ट्रीय मार्ग 39 को जाम कर दिया। मौके पर मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अशोक राम अपने घर में कमाने वाला एक ही व्यक्ति था उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं उसके मौत के बाद उसके परिवार का सहारा कोई नहीं है इसलिए प्रशासन के द्वारा मृतक को 20 लाख रुपए मुआवजा एवं उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी और आवास दिया जाए ताकि आगे का जीवन उसके परिवार के लोग अच्छे से गुजार सकें। वहीं सड़क जाम का समर्थन करते हुए लातेहार भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जगजीवन राम ने कहा कि जब तक प्रशासन पीड़ित परिवार वालों की मांग को पूरी नहीं करते हैं तब तक हम लोग सड़क जाम पर बैठे रहेंगे। वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी ने भी पीड़ित परिवार वालों के मुआवजे की मांग का समर्थन किया। मौके पर सड़क जाम होने से राष्ट्रीय मार्ग 39 पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई लगभग 4 घंटे तक सड़क जाम होने से वाहनों का आवागमन बाधित रहा। जिसके बाद पलामू एसडीओ,सतबरवा बीडीओ व थाना प्रभारी के द्वारा पीड़ित परिवार वालों को नगद 20 हजार रुपए परिवारिक लाभ की राशि दिया गया एवं सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलने वाले मुआवजे जल्द से जल्द दिलवाने के आश्वासन पर सड़क जाम खत्म हुआ। और वाहनों का आवागमन फिर से बहाल हुआ।



सड़क जाम में बैठे लोग।

## बीडीओ ने की बैठक, संचालित योजनाओं को ससमय पूरा करने का दिया निर्देश



बैठक करते बीडीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में प्रखंड में संचालित योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने की। पंचायतवार सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। बीडीओ ने मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा पेंशन योजना, 15वीं वित्त की अद्यतन जानकारी ली। वहीं कहा कि लंबित मामलों को शिघ्र पुरा करें साथ ही आवास की प्रगति धीमी होने पर सभी पंचायत सचिवों व कमीर्यों को फटकार लगाते हुए 15 अगस्त तक सभी अर्धनिर्मित आवास को पुर्ण कराने का दिशा-निर्देश दिया। आवास निर्माण में मनरेगा के तहत मजदूरों का भुगतान नियम संगत अवश्य कराने की बात कही। इसके पश्चात बिरसा सर्वधन सिंचाई कुप के तहत लिए गए सभी योजनाओं पर बोर्ड एवं कार्य को समय पर पुर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया। आम बागवानी योजना के सभी स्थल पर पौधारोपण के लिए एक सप्ताह के अंदर गड्ढा पुर्ण कराने की बात कही। उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने कहा की पेंशन योजना को पुरे प्रखंड क्षेत्र में तीन हजार पांच सौ लाभुक हैं। जिसमें से मात्र पांच सौ लाभुकों का ही मोबाईल अपलोड हो पाया है। बचे तीन हजार लाभुकों का आप सभी अपने-अपने पोषक क्षेत्र के लाभुकों से मिलकर मोबाईल नंबर एक सप्ताह के अंदर अपलोड कराने का निर्देश दिया। मौके पर मनरेगा बीपीओ रवि यादव, पंचायत सेवक रामखेलावन यादव, उमाशंकर सिंह, राजेश प्रसाद यादव, रोजगार सेवक सुजित कुमार सिंह, मो आलम अंसारी, सुरेन्द्र पासवान, सुरेन्द्र यादव, रानी कुमारी, हिरा लाल सिंह, निरंजन कुमार, अरविंद ठाकुर, राहुल राज सहित कई प्रखंड कर्मी व मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

**तीन टन अवैध स्क्रैप लोड पिकअप के साथ दो चोर घराये, गए जेल**

## चंदवा थाना क्षेत्र के नवाटोली-नगर मार्ग से हुई गिरफ्तारी और बरामदगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में विशेष अभियान पर निकली चंदवा पुलिस की टीम ने शुक्रवार की देर रात्रि थाना क्षेत्र के चकला पंचायत के नवाटोली-नगर मार्ग पर आईआरबी पिकेट के समीप से लगभग 3 टन लोहा स्क्रैप लोड पिकअप वैन जेएच 03 एएच/6031 के साथ दो चोरों को धर दबोचा। पकड़े गए चोरो की पहचान छठराम सिंह पिता त्रिवेणी सिंह व शंभू सिंह पिता राजदेव सिंह (दोनो बरियातू खालसा, लातेहार) के रूप में हुई, वहीं स्क्रैप बरामदगी व गिरफ्तारी के बाद अग्रतर कार्रवाई करते हुए चंदवा पुलिस की टीम ने पिकअप व स्क्रैप को विधिवत जब्त कर लिया साथ ही दोनो चोरों को शनिवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया। इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अभिजीत पावर प्लांट से लोहा स्क्रैप की चोरी कर बरवाटोली जंगल से पिकअप में लोड कर भुकु टोला होते नगर की ओर आने वाला है। सूचना के आलोक में सअनि महादेव उरांव की अगुवाई में नवाटोली-नगर मार्ग पर आईआरबी पिकेट के समीप अभियान चलाकर स्क्रैप लोड पिकअप समेत 2 चोरों को दबोचा गया। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 148/23 में 414/34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।



गिरफ्तार चोर।

### बज्रपात से एक काड़ा की मौत

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत गुरूसाल्वे ग्राम स्थित टोंगरी टोला मे वज्रपात के चपेट मे आने से रामदेव उरांव पिता ब्रमदेव उरांव के एक काड़ा की मौत हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित किसान ने बताया कि शुक्रवार शाम मेरा काड़ा चर रहा था कि अचानक तेज वार्षा होने लगी इसी दौरान वज्रपात हुआ जिसके चपेट मे आने से मेरे काड़ा का घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिससे लगभग चालिस हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने खेती के समय को देखते हुए संबंधित विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग किया है। घटना की सुचना पाकर स्थानीय मुखिया राजिव भगत पीड़ित के घर पहुंचे और सरकार से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## एक नजर में

### पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



गिरफ्तार अभियुक्त।

**बारियातू।** बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर एक साल से फरार चल रहे अभियुक्त गिरेंदर यादव को गिरफ्तार कर शनिवार को लातेहार जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बालूमाथ वर्तमान थाना बारियातु कांड संख्या 57/22 के प्राथमिक अभियुक्त गिरेंदर यादव पिता सुभाष यादव ग्राम जावाबार थाना बारियातू निवासी अपने घर पर आया हुआ है। सूचना पर थाना स्तरीय टीम गठित किया गया और छापामारी कर बालूमाथ वन क्षेत्र के वनरक्षी शिवकुमार साव के साथ मारपीट कर जख्मी कर देने एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचानें के आरोपी गिरेंदर यादव को जावाबार अपने घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना के पुलिस अवर निरिक्षक दीपक नारायण सिंह, गगन कुमार ठाकुर, सहायक अवर निरिक्षक मिथलेश सिंह के अलावा थाना के कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** चंदवा शहर से सटे गांव से एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के माता-पिता के द्वारा शुक्रवार की रात्रि चंदवा थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दिए जाने बाद चंदवा पुलिस दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए आरोपी की धर पकड़ को लेकर अभियान तेज कर दिया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पीड़िता के माता-पिता एनएच किनारे राहगीरों के लिए खाद्य सामग्री बेचने का काम करते हैं। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने झांसे में लिया और जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। माता पिता के घर लौटने के बाद पीड़िता ने आपबीती उन्हें बतायी, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाना पहुंचे व आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। इस सम्बंध में चंदवा थाना में कांड संख्या 149/23 में 376(1) व 4 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नव युवक कांवरिया संघ देवघर हुआ रवाना



**चंदवा।** नव युवक कांवरिया संघ की अगुवाई में शनिवार को प्रखंड के बनहरदी, बारी व सासंग से कांवरियों का जत्था बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने लेकर देवघर बाबा धाम रवाना हुआ। कावड़ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालु मंटू कुमार, राजकुमार ठाकुर, बिनेश्वर यादव ने बताया कि बाबा धाम में भगवान शिव को जलाभिषेक कर हमसभी देश, राज्य व क्षेत्र की खुशहाली, अमन-चैन व शांति की कामना करेंगे। कांवरियों का जत्था में प्रेमचंद यादव, पारस यादव, मुकेश यादव, संतोष साहू, जागेश्वर सिंह, उत्तम साहू, संगीता देवी, कलिता देवी, सधनी, पूनम, रिंकी, मुन्नी, रीता, भाग्यवती, प्रियंका, सूरज,राज लक्ष्मी, व नन्हा बोलबम मनोज यादव शामिल है।

### माध्यमिक शिक्षक संघ का बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित संघ के लोग।

लातेहार। माध्यमिक शिक्षक संघ का बैठक जिला खेल स्टेडियम लातेहार में संपन्न हुआ। उक्त बैठक में सभी मौजूद शिक्षक के निर्णय से कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। कार्यकारिणी समिति एवं पर्यवेक्षक के देख रेख में लातेहार प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमे प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार, उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, सचिव प्रेमशंकर कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद यादव एवं प्रखंड मीडिया प्रभारी पिन्टू कुमार का चयन किया गया। उक्त बैठक में प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, आशीष सिन्हा, आशीष कुमार, सत्येंद्र मेहरा, समी आलम, संदीप पासवान, अजय कुमार, शैलेश कुमार, मुकेश कुमार, रविभूषण राजे, अभय पाण्डेय समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

### दुकानदार संघ की बैठक संपन्न, रविवार को दुकान बंद रखने का लिया गया निर्णय



बैठक करते दुकानदार संघ के लोग।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ बाजार के गांधी चौक में शुक्रवार शाम 6:00 बजे दुकानदार संघ की एक अहम बैठक बाजार टांड़ स्थित गांधी चौक में हुई जिसमें सर्वसम्मति से रविवार के दिन साप्ताहिक बंदी का निर्णय लिया गया बैठक में दुकानदार संघ के सभी पदाधिकारी गण मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मोहन जायसवाल एवं खुर्शीद आलम कर रहे थे, साप्ताहिक बंदी के दिन दवा दुकान को छोड़कर सभी दुकान बंद करने का लिया गया निर्णय, संघ के द्वारा ये भी निर्णय लिया गया कि जो भी दुकानदार दुकान खोलते हैं उन पर 1100/- का जुमार्ना लगाया जायेगा। मौके पर सैकड़ों दुकानदार मौजूद थे।

# वज्रपात से एक की मौत दो लोग घायल

➲ एक गांव में खेत में फसल बुवाई का काम करने के दौरान हुआ हादसा और दूसरे गांव में घर के आंगन में निकली महिला पर गिरी बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दूंदु पंचायत स्थित करमाही व रहरबार गांव में दिन शनिवार को अलग-अलग समय में वज्रपात होने से एक युवक का घटनास्थल पर ही मौत हो गया। जबकि एक महिला समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक युवक का पहचान रंजीत यादव उम्र 18 वर्ष पिता प्रमोद यादव घर करमाही के रूप में की गई है। वहीं घायलों में पंकज यादव उम्र 22 वर्ष पिता मनोज यादव घर करमाही और सकुंती देवी पति दिलकेश्वर राम घर रहरबार शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 9:00 बजे सुबह दोनों युवक अपने घर के समीप स्थित खेत में फसल बुवाई के लिए काम कर रहे थे इसी दौरान अचानक उनके ऊपर वज्रपात हो गई जिसमें रंजीत यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और पंकज यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दोनों युवकों को समाजसेवी अख्तर अंसारी और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने ईलाज के दौरान रंजीत यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर दूंदू पंचायत के ही रहरबार गांव निवासी सकुंती देवी पति दिलकेश्वर राम लगभग 2:00 बजे दिन में बारिश के दौरान अपने घर के आंगन में निकली थी तभी उसके ऊपर वज्रपात हो गई जिससे महिला सकुंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार लाया गया जहां वज्रपात से घायल पंकज यादव और सकुंती देवी को आईसीयू में रख कर इलाज किया जा रहा है डॉक्टर ने दोनों ही घायलों की स्थिति गंभीर बताई है।



वज्रपात से घायल हुए लोग।

**इस बार लोकसभा चुनाव में बाहरी को पटकनी देना है और खतियानी को ही चुनना है: सत्यानंद भोगता**

## लोकसभा चुनाव को लेकर मंत्री भोगता ने ठोकी ताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चतरा से राजद के एक लौते विधायक सह सूबे के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ताल ठोक दिया है। शुक्रवार को चतरा संसदीय क्षेत्र के दौरे से लौटने के क्रम में मंत्री सत्यानंद भोगता चंदवा के पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद साहू के आवास में रुक कर उनसे शिष्टाचार मुलाकात किये व उनकी तबीयत का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने पत्रकारो के समक्ष बड़ा बयान देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बाहरी उम्मीदवारों को पटकनी देना है और स्थानीय खतियानी उम्मीदवार को चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव में जीता कर क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करना है। आगे कहा कि यह चतरा संसदीय क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य कहें कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी संसदीय क्षेत्र आज भी विकास में काफी पीछे हैं। इसका मुख्य कारण संसदीय क्षेत्र से अब तक एक भी स्थानीय उम्मीदवार को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिलना है। आगे कहा कि बाहरी सांसद यहां से चुनाव जीतकर जाते तो जरूर है लेकिन संसदीय क्षेत्र के विकास पर उनका बिल्कुल भी ध्यान नही होता है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। इन्होंने हेमंत सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी बात आम लोगों से कही। उन्होंने कहा कि श्रम नियोजन विभाग की ओर से श्रमिकों के लिए कई कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। मजदूर इसका लाभ उठाएं। मौके पर पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद साहू, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी, युवा समाजसेवी इंद्रजीत शाह बंटी समेत कई लोग मौजूद थे।



पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद साहू से मुलाकात करते मंत्री।

## सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से लगाई गई स्ट्रीट लाइट हुई धराशाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** चतरा सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत सुभाष चौक पर महज पंद्रह दिनों पूर्व लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइट योजना राहगीरों को लाभ पहुंचाने से पूर्व खुद ही धराशाई हो गई हैं। ऐसे में प्रखण्ड अंतर्गत कई जगहों पर गाड़े गए स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। बता दें कि बरवाडीह बाजार से रेलवे कॉलोनी जाने वाले मुख्य मार्ग पर इस सोलर स्ट्रीट लाइट को पिछले कुछ दिनों पूर्व में ही लगाया गया था। गनीमत रही की स्ट्रीट लाइट सड़क के दूसरी तरफ गिरी अगर यह सड़क पर गिर जाती तो कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। सोलर स्ट्रीट लाइट को लेकर आम लोगों में यह भी चर्चा का माहौल बना हुआ है कि अधिकांश स्ट्रीट लाइट भाजपा नेताओं ने अपने घरों के पास लगा लिया हैं। जबकि इसके योजना बोर्ड पर झारखण्ड सरकार सोलर स्ट्रीट लाइट योजना अंकित हैं। वहीं सांसद सुनील सिंह के सांसद निधि के साथ -साथ राज्य सरकार के अंशदान से इस योजना का लाभ सभी लोगों को पहुंचाया जाना हैं। ऐसे में अधिकांश जगहों पर भाजपा नेताओं ने इस योजना पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया हैं। जिससे की कई तरह के सवाल उठने लगे हैं।



सुभाष चौक पर धाराशाई हुई सोलर स्ट्रीट लाइट।

**निरीक्षण: आवास लाभुकों को मिली अंतिम चेतावनी, एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य करें पूर्ण**

# बीडीओ ने आवास नहीं बनाने वालों को दी कड़ी हिदायत

➲ केड़ पंचायत सचिवालय के शौचालय की दयनीय स्थिति देखकर जताई नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय ने शनिवार को प्रखण्ड के केड़ पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ 15 वें वित्त और मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के कई गांवों में पहुंचकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुको को कड़ी हिदायत दी। उन्होंने लाभुकों से कहा कि एक सप्ताह के अंदर आवास पूर्ण करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई को तैयार रहें। आवास की राशि वसूलने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि केड़ पंचायत में 22 ऐसे लाभुक हैं, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की राशि लेकर भी अब तक आवास को पूर्ण नहीं किए है। वहीं पूरे प्रखंड में 412 आवास अपूर्ण स्थिति में है। वैसे सभी लाभुक अगर एक सप्ताह के अंदर कार्य पूर्ण नहीं किए तो कुर्की जब्ती के साथ-साथ गिरफ्तारी होगी। बीडीओ ने केड़ पंचायत में आधे दर्जन से अधिक लाभुक के घर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने 15 वें वित्त की राशि से निर्मित पीसीसी सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि योजनाएं ऐसी होनी चाहिए जिसका लाभ लंबे समय तक लोगों को मिल सके। वहीं केड़ पंचायत सचिवालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुखिया तथा पंचायत सेवक को प्रतिदिन अपने क्षेत्र में बने रहने और नियमित पंचायत भवन आने का निर्देश दिया, ताकि पंचायत की जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के क्रम में पंचायत सचिवालय के शौचालय की दयनीय स्थिति देखकर नाराजगी जताई और अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर पीएम आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक दीपक कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



निरीक्षण करते बीडीओ राकेश सहाय।

स्पीड न्यूज

## नगर परिषद फुटफाथ दुकानदारों को हटाने से पहले उचित जगह करें : सईद नसीम

**कोडरमा।** बेहतर व स्थायी स्थल का इंतजाम कर पाने में नाकाम रहने वाली नगर प्रशासन फुटपाथों से अस्थाई दुकानदारों को हटा कर रोजगार विहीन व बेबस कर देने पर आमादा है। जिला में ढिबरा व पत्थर की बंदी ने तो पहले से रोजगार विहीन कर रखा है, अब अस्थायी दुकानदारों को उजाड़कर पूर्णतया रोजगार मुक्त करने की दिशा में जिला व नगर प्रशासन निरन्तर कार्यरत हैं, यह घोर निंदनीय और चिंता का विषय है। उक्त बातें कांग्रेस नेता सईद नसीम ने बयान जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायलय के आदेशानुसार और झारखंड सरकार की संकल्प है कि सभी शहरों में फुटपाथ व अन्य जगहों पर वर्षों से दुकानदारी कर जीवकोपार्जन करने वालों फुटपाथ दुकानदारों को उस समय तक न हटाया जाएगा जब तक उनके लिए कोई बेहतर इंतजाम न हो जाए।

## स्कूली वाहन चल रहे हैं अनाड़ियों व अनिभिज्ञ चालकों के हाथों

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र में स्कूली वाहन अनाड़ियों व अनिभिज्ञ चालकों के हाथों में दौड़ रहा है। चालकों के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस है और न ही वाहन में फिटनेस प्रमाण-पत्र ही है। वहीं स्कूली वैन और ऑटो में तो बच्चे भेड़-बकरियों की तरह ठूंस कर ले जा रहे हैं। साथ ही तमाम सुरक्षा को दरकिनार कर बच्चों का परिवहन किया जा रहा है। इसकी परवाह न तो जिला प्रशासन न तो जिला परिवहन विभाग को ही है। इतना ही नहीं दूसरे राज्यों से रजिस्ट्रेशन फेल वाहनों को मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में दौड़ाया जा रहा है। इन वाहनों का अगर जांच किया जाय तो कोई भी वाहन के पास संतोषजनक कागजात नही मिलेंगे। लेकिन इसकी परवाह ना तो स्कूल प्रबंधन को है और ना ही वाहन मालिकों को है। अगर समय रहते ऐसे स्कूलों के वाहनों पर अंकुश नही लगाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नही किया जा सकता है।

## एनटीसीए के हर्षित, आयुषी और स्वामी विवेकानंद के कार्तिक और अनन्या बने चैंपियन

**गढ़वा।** आरकेवीएस संस्थान में खेले जा रहे 13वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए अंडर-13 मैच के बालक वर्ग में एनटीसीए के हर्षित कुमार पांडेय ने सचिन को, बालिका वर्ग के अंडर-11 में एनटीसीए की आयुषी कुमारी ने शांति निवास की आशा रानी को हराकर चैंपियन बनी। वही अन्य आयु वर्ग में बालिका वर्ग में शांति निवास, गोविन्द उच्च विद्यालय एवं बालक वर्ग में एनटीसीए और गोविन्द उच्च विद्यालय फाईनल में पहुंचे। बालक वर्ग में आदित्य बिड़ला एवं स्वामी विवेकानंद ने तीसरा स्थान और बालिका वर्ग में आरके पब्लिक और आदित्य बिड़ला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

## कौशल को बढ़ा और स्वरोजगार से जुड़े युवाः विधायक

**शिकारीपाड़ा।** शनिवार को शिकारीपाड़ा विवाह भवन में मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना का उद्घाटन विधायक नलिन सोरेन एवं जिला परिषद अध्यक्ष जेएस बेसरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्घाटन भाषण में विधायक नलिन सोरेन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसलिए हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि यहां निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कौशल को बढ़ाएं और स्वरोजगार कर अपने जीवन को रोजगार से अपने आप को जोड़ सकते हैं। झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ करने का मुख्य उद्देश्य है कि यहां के बेरोजगार छात्र-छात्राएं को इस सेंटर में प्रशिक्षण देखकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास सरकार कर रही है।

# 18 को एनडीए और विपक्षी एकता, दोनों की बैठक लेकिन नजरें टिकीं बिहार पर

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** लोकसभा चुनाव की आहट जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे राजनीतिक हलचल भी तेज होते जा रही है। इसी बीच 18 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली दो महत्वपूर्ण बैठकों पर देश के तमाम सियासी दलों की निगाहें टिकी हुई है। इस बैठक से आने वाले समय के राजनीतिक तस्वीर को कुछ हद तक साफ होने वाली है। दरअसल 18 जुलाई को दिल्ली में एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक बीजेपी की अगुवाई में होने वाली है जिसमें एनडीए के तमाम सहयोगी दल शामिल होंगे। माना जा रहा है कि बीजेपी की कोशिश रहेगी कि बैठक में ज्यादा से ज्यादा सहयोगी दल शामिल हों ताकि राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा मैसेज जा सके। उसकी बड़ी नजर बिहार पर है जहां हाल के दिनों में बीजेपी ने कुछ नए सहयोगियों को अपने साथ जोड़ा है और बीजेपी की कोशिश है कि इसकी संख्या और बढ़ाई जाए। एनडीए की बैठक में बीजेपी को सबसे ज्यादा फायदा बिहार से मिलते दिख रहा है जब उनके साथ उपेन्द्र कुशवाहा कि फ्छखऊ, जीतन राम मांझी की हम, चिराग पासवान की आरएलजेपी जैसे सहयोगी जुड़ने वाले हैं। बीजेपी की नजर मुकेश सहनी की वीआइपी पार्टी पर भी है जिसकी तस्वीर साफ नहीं हुई है, जाहिर है बीजेपी ना सिर्फ बिहार में अपने सहयोगियों कि संख्या बढ़ा रही है बल्कि महागठबंधन को झटका भी देती दिख रही है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने इस मुद्दे पर कहा कि हमारे प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश की कई प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के नेता शामिल होंगे। 18 जुलाई को गैर बीजेपी पार्टियां भी बैठक कर रही हैं लेकिन उनकी तस्वीर पूरी तरह से धुंधली है और यही नहीं उनकी बारात में दूल्हा कौन बनेगा ये भी साफ नहीं है। शायद वो लोग तय नहीं कर पा रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के सामने लाएं किसको क्योंकि उन्हें भी पता है मोदी जी के सामने कोई नहीं टिकने वाला है। 18 जुलाई को बैंगलोर में गैर बीजेपी राजनीतिक पार्टियों की कांग्रेस की अगुवाई में बैठक होने वाली है जिसमें माना जा रहा है कि 24 राजनीतिक पार्टियां शामिल हो सकती हैं। बैठक की गंभीरता इस लिए भी बढ़ गई है क्योंकि इसमें सोनिया गांधी भी शामिल होने वाली हैं जो काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके पहले पटना में 23 जून को नीतीश कुमार की अगुवाई में बैठक हुई थी जिसमें 15 राजनीतिक पार्टियां शामिल हुईं थी और तब तय हुआ था कि अगली बैठक 18 जुलाई को बैंगलोर में होगी जिसमें बीजेपी के खिलाफ आने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई जाएगी, साथ ही जो आपस में संशय के हालात हैं उस पर भी विस्तार से चर्चा हो और जिन्हें भी आपसी समस्या है उसे दूर किया जा सके। जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी कहते हैं कि 18 जुलाई की बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी बैठक में तय होगा कि 2024 में बीजेपी को कैसे उखाड़ फेंकना है। बीजेपी लाख दावा कर ले लेकिन 23 जून की पटना मे नीतीश कुमार की पहल पर हुई बैठक में ही बीजेपी के खिलाफ कुछ हद तक तस्वीर साफ हो चुकी थी और उसी का नतीजा है की अब अगली बैठक 18 जुलाई को बैंगलोर में हो रही है। चिराग पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी के एनडीए के साथ जाने पर उन्होंने कहा कि ये लोग तो पहले से ही बीजेपी के साथ थे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस मुद्दे पर कांग्रेस एमएलसी प्रेमचन्द्र मिश्रा कहते हैं कि देश की जनता कांग्रेस की तरफ देख रही है और उन्हें लगता है कि कांग्रेस ही है जो बीजेपी को सत्ता से हटा सकती है और यही वजह है कि कांग्रेस बड़ी कोशिश कर रही है कि गैर बीजेपी तमाम राजनीतिक दल एक साथ आएं और 2024 में बीजेपी को शिकस्त दे सके। हमें उम्मीद है कि कांग्रेस इस मुहिम में सफल होगी और तमाम सहयोगियों को एक साथ लेकर आगे बढ़ेगी।

## सरकारी सुविधाओं से है वंचित है मल्होर परिवार, झोपड़ी में रहने को विवश

**चतरा।** सदर प्रखंड के आरा पंचायत के धमनियां के समीप निवास करने वाला मल्होर परिवार आज भी सरकारी सुविधाओं से वंचित है। इस परिवार को ना तो आवास योजना का लाभ मिला है और ना ही बिजली पानी की सुविधा। यहां तक कि इनका आज तक आधार कार्ड, राशन कार्ड भी नहीं बन पाया है। इस परिवार के अधिकांश सदस्य मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। ऐसे में यह परिवार झोपड़ी और एक खंडहर रूपी घर में रहने को विवश है। मल्होर परिवार के एक सदस्य ने बताया है कि उसके परिवार में करीब 40 सदस्य हैं। जो प्लास्टिक से बनाए गए एक तंबू और एक छोटा सा खंडहर रूपी घर में रह रहे हैं। सबसे खराब स्थिति बरसात के दिनों में हो जाती है। बारिश होता है तो तंबू में बारिश का पानी घुस जाता है। सरकार के द्वारा पूर्व में तीन इंदिरा आवास मिला, लेकिन ठेकेदार द्वारा एक आवास बना और दो आवास ठेकेदार द्वारा नहीं बनाया गया। ऐसे में पूरी रात कोने में बैठकर गुजरना पड़ता है। वहीं उर्मिला देवी बताती है कि सरकार के द्वारा करीब 20 वर्ष पहले तीन इंदिरा आवास मिला था। जिसमें से दो आवास की राशि बिचौलिए खा गए और जो एक बनाया वह आज काफी जर्जर हो गया है। उनका कहना है कि सरकार हमलोगो को आवास के साथ साथ बिजली, पानी, राशन कार्ड मुहैया कराए और सबका आधार कार्ड बनवा दे।

एक नजर में

## एनडीए मीटिंग और चिराग पासवान का नाम सुनते ही भड़क गये केसी त्यागी

**पटना।** 2024 लोक सभा चुनाव को लेकर एनडीए और पीडीए की ओर से साथी दलों को अपने पक्ष में करने की होड़ लगी है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली पेट्रियोटिक डेमोक्रेटिक अलायंस यानी पीडीए (संभावित नाम है) ने जहां बेंगलुरु की बैठक में 24 दलों के शामिल होने का दावा किया है, वहीं भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए भी अपना कुनबा बढ़ाने की कवायद में लगा हुआ है। इसी क्रम में 18 जुलाई को एनडीए की बैठक में शामिल होने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान को भी आमंत्रण भेजा गया है। लेकिन, लगता है जदयू की ओर से चिराग को बुलावा भेजा जाना रास नहीं आ रहा है। जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने चिराग के बुलावे को लेकर भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। चिराग पासवान के एनडीए में शामिल होने के सवाल पर जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि बीजेपी अपने मित्रजनों को अंदर-अंदर कमजोर करने का काम करती है। बीजेपी ने चाचा-भतीजे (पशुपति कुमार पारस -चिराग पासवान) को लड़ाया, फिर भतीजे को डंप किया और चाचा को मंत्री बनाया। अब भतीजे को ऊपर उठाने और चाचा को डंप करने की कोशिश है। केसी त्यागी ने भाजपा पर हमला जारी रखते हुए कहा, हमने भी 2020 के विधानसभा चुनाव के वक्त कहा था कि चिराग पासवान आधुनिक हनुमान हैं, जो बजाए लंका के अयोध्या में ही आग लगा रहे हैं। जान बूझकर साजिश के तहत जेडीयू की संख्या कम की गई। इन सारे षड्यंत्र के पीछे बीजेपी की मानसिकता काम कर रही थी और चिराग पासवान उनके मोहरे बने हुए थे। जेडीयू प्रवक्ता ने यह भी बताया कि बीजेपी सहयोगियों को कैसे कमजोर करती है। जदयू नेता ने कहा, बीजेपी को पंजाब में प्रकाश सिंह बादल नहीं चाहिए उसे अटवाल चाहिए। उसे हरियाणा में ओमप्रकाश चौटाला नहीं चाहिए उसे जजपा के दुष्यंत चौटाला चाहिए। बीजेपी को बिहार में नीतीश कुमार नहीं, जीतन राम मांझी और पशुपति पारस चाहिए। उत्तर प्रदेश में उनको मायावती नहीं चाहिए ब्रजेश पाठक चाहिए। उनको पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी नहीं शुभेंदु अधिकारी चाहिए. महाराष्ट्र में उनको एकनाथ शिंदे और अजीत पवार चाहिए। उन्हें टूट कर आए हुए लोग चाहिए। बिहार में लाठीचार्ज को लेकर बीजेपी के आरोप पर केसी त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार तृतीय श्रेणी की राजनीति के हिस्सा कभी नहीं रहे हैं। बीजेपी का आरोप तृतीय श्रेणी का है। बता दें कि भाजपा का आरोप है कि 13 जुलाई को पटना में हुए लाठीचार्ज में उनकी पार्टी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। भाजपा इसके लिए नीतीश सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है।

# आवास प्रखंड समन्वयक के निधन पर शोक सभा



शोक सभा में बीडीओ व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत आवास प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की शुक्रवार की शाम तुलसीदामर घाटी में अज्ञात अपरााियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मी और जनप्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उसके के बाद प्रखंड व अंचल कार्यालय में अवकाश की घोषणा कर दी गई। शोकसभा की अध्यक्षता बीडीओ जयपाल कुमार महतो ने की। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आवास प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद काफी मिलनसार व्यक्ति थे। इस दुख की घड़ी में प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मी परिजनों के साथ खड़े हैं। शोकसभा में सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, प्रमुख शोभा देवी, उपप्रमुख पिन्टु टोप्पो, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीडीसी चन्दन ठाकुर, सरिता देवी, रीता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, मुखिया बेबी देवी, शुकनी देवी, पंचायत सचिव अजीत सिंह, सतीश सिंह, भुनेश्वर सिंह, विष्णु प्रसाद, प्रिया कुमारी, प्रवीण पांडेय, शशि कुमार, विष्णु कान्त, जयराम, अनिल चौबे, रामप्रताप यादव, सुमित देव, गौरव आनंद, मानस कुमार, जेएमएम अयक्ष मनोज यादव, लल्लू राम, निरंजन पाठक, विजय राम, श्याम कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## पंचायत स्तरीय समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड अंतर्गत राजपुर पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय समीक्षा बैठक किया गया। राजपुर पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह ने बारी बारी से सभी विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। पंचायत क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में पोषाहार वितरण, राशन कार्डधारियों को मिलने वाला अनाज वितरण में पूरी पारदर्शिता रखने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति में निरंतरता रखने की बात कही गई।पंचायत क्षेत्र को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए नाडेप टैंक और वर्मिग कंपोस्ट बनाने कों लेकर स्थल चयन पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मनरेगा से संचालित बागवानी, टीसीबी, दीदीबाड़ी को लेकर चर्चा की गई और रोजगार सृजन को बढ़ाने का निर्देश दिया गया।पंचायत में जन्म,मृत्यु,और विवाह का निबंधन को लेकर लोगो को जागरूक करने की चर्चा की गई। समीक्षात्मक बैठक में अनुपस्थित रहे पंचायत स्तरीय कर्मियों की जानकारी पत्र के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी और उपायुक्त को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर योजना जन जन तक पहुंचाने के कार्य करेंगे।

# हिंदुस्तान पैट्रोलियम का 49वां स्थापना दिवस मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखण्ड के तेतरमोड़ स्थित बिंदेश्वरी एचपी गैस ग्रामीण वितरक पुंडरा ने हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिमरिया प्रखंड के परियोजना बालिका प्लस टू विद्यालय और सिमरिया इंटर कॉलेज में दो दिवसीय एलपीजी पंचायत कार्यशाला का आयोजन 13 जुलाई से14 जुलाई को किया गया। जिसमें एलपीजी गैस के सभी सुरक्षा संबंधित उपायों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में सैंकड़ों बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया और बढ़-कर कार्यशाला का लाभ उठाया उन्हें प्रायोगिक तौर पर भी एलपीजी के उपयोग और सुरक्षा संबंधित जानकारी कार्यशाला के द्वारा दी गई। साथ ही साथ इस स्थापना दिवस के अवसर पर एलपीजी गोदाम के पास नीम के पौधे का पौधा रोपण भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना बालिका प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा सिमरिया इंटर कॉलेज के प्राचार्य श्री कन्हैया कुमार और अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद थे।साथ हीं बिंदेश्वरी एचपी गैस ग्रामीण वितरक के ओर से दीपक कुमार एवं राजेंद्र राम ने छात्र-छात्राओं के बीच एलपीजी गैस चूल्हा के रख-रखाव एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बिंदेश्वरी एचपी गैस की संचालिका प्रेमलता चंद्र ने किया साथ ही मौके पर एजेंसी की ओर से रवि कुमार, बैजनाथ राम, मो सफीक, राजेश मौजूद थे।

## सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी समेत 6 पर कंप्लेंट केस

**पटना।** विगत 13 जुलाई को भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कंप्लेंट केस दर्ज करने का आवेदन दिया गया है। इसमें हत्या, हत्या के प्रयास और छेड़खानी समेत कई अन्य आरोपों के तहत पटना सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस फाइल की गई है।

भाजपा नेता कृष्णा सिंह कल्लू की ओर से सीजीएम कोर्ट में कंप्लेंट केस के लिए एप्लीकेशन दिया गया है। शिकायतकर्ता की ओर अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि आरोपितों के खिलाफ धारा 302, धारा 307 धारा 341, धारा 323 समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है।

पेज 1 का शेष

### बाबूलाल ने लिया प्रदेश अध्यक्ष...

भगवा रंग की पगड़ी पहने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी संभालने पहुंचे बाबूलाल मरांडी को बधाई देने के लिए कार्यकर्ताओं और नेताओं का तांता लगा रहा। मौके पर प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री करमवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता मौजूद थे। बाद में दफ्तर से कॉर्निवल में आयोजित पार्टी कार्यक्रम के लिए बाबूलाल मरांडी और दीपक प्रकाश एक ही गाड़ी में बैठकर रवाना हुए। रंग गुलाल खेल लोगों ने खुशी मनायी और गुलाब देकर पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने बाबूलाल मरांडी को शुभकामनाएं दी। **दोनों चुनाव में खिलेगा कमल :** प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद बाबूलाल मरांडी ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि 2024 के चुनावी जंग को जीतना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती है। कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी का कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य है। विधानसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं के सहयोग से भाजपा राज्य में सरकार बनायेगी। इस तरह से केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में भाजपा की सरकार बने इसी लक्ष्य को लेकर पार्टी काम करेगी। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के लिए पीएम मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह समेत सभी बड़े नेताओं का आभार जताया।

### शिक्षक नियुक्ति घोटाले में...

तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक पुरेंद्र विक्रम शाही, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार तथा सहायक धर्मेंद्र कुमार पर शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) हजारीबाग ने इन तीनों के खिलाफ 27 जून 2019 को आइआर दर्ज किया था। जिसकी विस्तृत जांच के लिए पीइ दर्ज करने की अनुमति मांगी, जिस पर सीएम ने स्वीकृति दे दी।

### जेल से छूटे इडी गवाह...

**अशोक यादव पर कई केस दर्ज :** पत्थर कारोबारी अशोक यादव, अवैध खनन के मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा के सहयोगी छोटू यादव के क्रशर जब्ती में ईडी का गवाह है। 30 जुलाई को साहिबगंज पुलिस ने अशोक यादव को गिरफ्तार किया था। उसे दाहू यादव के जहाज पर गोलीबारी मामले में साहिबगंज थाने में दर्ज केस में गिरफ्तार किया गया था। उस पर आधा दर्जन से अधिक केस भी दर्ज है, जो बिजली चोरी, अवैध खनन व आर्म्स एक्ट से संबंधित हैं। पंकज मिश्रा व अन्य सहयोगियों से जुड़े 20 ठिकानों से छापेमारी में जो करोड़ो रुपये बरामदव अन्य दस्तावेज मिले थे, उसकी जब्ती सूची अशोक यादव ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किये थे।

### विश्व को बेहतर बनाने में जुटे...

भारत और यूएई व्यापार, निवेश, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, फिनटेक, रक्षा, सुरक्षा और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत बना रहे हैं। राष्ट्रपति भवन 'कसर अल वतन' में पारंपरिक स्वागत किया गया जहां राष्ट्रपति ने उनकी आगवानी की। इस दौरान बच्चे अपने हाथों में तिरंगा लिये हुए थे। मोदी की मौजूदगी में आइआइटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर से भारतीय शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण का एक नया अध्याय शुरू होगा। **मोदी का यूएइ को आश्वासन :** पीएम मोदी ने 'कॉप-28' की यूएई की अध्यक्षता के दौरान भारत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पीएम ने यूएई में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन 'कॉप28' के नामित अध्यक्ष डॉ सुल्तान अल जाबेर के साथ शनिवार को सार्थक बातचीत की। उन्होंने यूएइ में होने वाले 'कॉप28' के नामित अध्यक्ष एवं अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के ग्रुप सीईओ डॉ सुल्तान अल जाबेर के साथ भी सार्थक बैठक की। मोदी ने कॉप-28 की यूएई की अध्यक्षता के दौरान भारत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों को पुरस्त करेंगे मंत्री

## कार्यक्रम की सफलता में स्कूली बच्चों का रहा भरपूर सहयोग



कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब गढ़वा असम के तत्वावधान में लहसुनिया पहाड़ पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण महा अभियान पौधरोपण कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों का सहयोग काफी सराहनीय रहा। बच्चों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों के उत्साह देखते हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सभी स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को वे अपनी ओर से पांच-पांच हजार रुपए का पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। मौके पर जीएन कान्वेंट स्कूल, बीएनटी संत मैरी स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल, बीपी डीएवी स्कूल, मदरसा गरीब नवाज झलुवा के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य रूप से मदन प्रसाद केशरी, आशीष अग्रवाल, उमाकांत तिवारी, अमित तिवारी, एसएन पाठक, सुशील कुमार केशरी, प्रो. लखन कश्यप, अशोक विश्वकर्मा, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता सहित जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा, जायंट्स ग्रुप ऑफ़ आस्था, रोटरी क्लब गढ़वा, लायंस क्लब गढ़वा विशाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी, लायंस क्लब गढ़वा ग्लोरियस आदि के पदाधिकारी व सदस्य अनु दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, मुजीब खान, उमेश अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, नीरज कमलापुरी, डॉ असजद अंसारी, दया शंकर गुप्ता, संजय सोनी, विजय सिन्हा, राहुल जायसवाल, पूनम कांस्यकार, दीपाली अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल, विनीता जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शांति निवास हाई स्कूल को मिली सीबीएसई से प्लस टू तक की मान्यता



जानकारी देती विद्यालय की सचिव, प्राचार्य व अन्य

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित शांति निवास हाई स्कूल को सीबीएसई नई दिल्ली से 12वीं की मान्यता प्रदान की गई है। विद्यालय को मान्यता मिलने के बाद विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं शिक्षकों में काफी हर्ष है। शनिवार को स्कूल की प्राचार्य सिस्टर रोशना ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर या जानकारी दी। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय अपने फैसिलिटी के आधार पर 12वीं की मान्यता प्राप्त कर लिया। अब विद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की 12वीं कक्षा तक पढ़ाई होगी। 12वीं की पढ़ाई तीनों संकाय में होने वाला पहला विद्यालय होगा। सिर्फ बालिकाओ के लिए जिले में सीबीएसई बोर्ड का यह एक मात्र संस्थान है। यहां छात्राओं को सीबीएसएसी पैटर्न पर अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि प्रयास रहेगा कि बच्चों और अभिभावकों के सहयोग से जिस तरह से स्कूल बेहतर कर रहा है वह आगे भी जारी रहेगा। इस स्कूल की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बने इसका प्रयास होगा। इस मौके पर विद्यालय की सचिव सिस्टर लिंडा, सिस्टर जेमाप्रिया, सिस्टर प्रतिमा शामिल थी।

# भारत में निवेश पर विचार करें फ्रांस के उद्योगपति

## देश की वृद्धि-गाथा का हिस्सा बने कंपनियां : प्रधानमंत्री

**सरकार ने कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए**

**एजेंसी**

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के बड़े उद्योगपतियों से भारत में आधारभूत ढांचे और अन्य क्षेत्रों में निवेश पर विचार करने और भारत की वृद्धि-गाथा का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस सीईओ मंच को संबोधित करते हुए आर्थिक सुधारों और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अपनी सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

इस मंच में विमानन, विनिर्माण, रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों से संबंधित 16 फ्रांसीसी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और भारत की ओर से 24 सीईओ शामिल थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने सीईओ को भारत में निवेश अवसरों का उपयोग करने और भारत की वृद्धि-गाथा का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। मंच में शामिल होने वाले प्रमुख फ्रांसीसी उद्योगपतियों में एयरबस के गिलाउम फॉरी, एल्सटॉम के हेनरी पौपर्ट लाफार्ज, श्नाइडर इलेक्ट्रिक के पीटर हर्वेक, टोटल एनर्जीज की नमिता शाह, सेफ्रान के फिलिप एरेरा और कैपजेमिनी के पॉल हर्मेलिन शामिल रहे।

भारत की तरफ से इस मंच में जुबिलेंट लाइफ साइंस लिमिटेड के हरि एस भरतिया, आर्सेलर मित्तल के लक्ष्मी मित्तल, एथर एनर्जी के तरुण मेहता और भारत फोर्ज के अमित बी कल्याणी आदि उद्योगपति शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने में उद्योग जगत की इन हस्तियों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, स्टार्टअप, औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल भुगतान और बुनियादी ढांचे में भारत की प्रगति और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी के नौ वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील देना, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से विनिर्माण को प्रोत्साहित करना और कॉरपोरेट कर को कम करना आदि शामिल हैं।


उद्योगपतियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ।

## यूएई के साथ सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा व्यापार

### दुबई में आइआइटी दिल्ली का खुलेगा कैम्पस

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का व्यापार जल्द ही सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यूएई की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत के बाद यह बात कही। दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने के लिए यूएई में आईआईटी दिल्ली का कैम्पस भी खोला जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के यूएई पहुंचने पर राष्ट्रपति भवन कसर-अल-वतन में औपचारिक स्वागत किया गया। यहां यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गर्मजोशी से गले लगाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। यूएई के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत करने के बाद हिन्दी में ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट में लिखा, मुझे आज अबू धाबी में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने का मौका मिला। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों की चल रही प्रगति, सतत वैश्विक विकास को बढ़ावा देने में हमारे साझा हित एवं हमारे देशों और हमारे लोगों के बीच सहयोग को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे अबू धाबी आकर और आपसे मिलकर खुशी हुई है। गर्मजोशी से किए गए स्वागत के लिए और आपके द्वारा दिए गए सम्मान के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। हर भारतीय आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापार, निवेश और रक्षा संबंधों समेत और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार 20 फीसदी बढ़ गया है। हमने 85 अरब डॉलर का व्यापार हासिल कर लिया है और जल्द ही हम 100 अरब डॉलर का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। भारत और यूएई ने तीन महीने के भीतर ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देश अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नई पहल कर रहे हैं। दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार समझौते पर आज का समझौता इस मजबूत आर्थिक सहयोग और विश्वास को दशार्ता है । प्रधानमंत्री मोदी के यूएई दौरे पर भारतवासियों और यूएई में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री के दौरे पर भारत सरकार और यूएई में एक ऐतिहासिक समझौता किया गया है। समझौते के तहत यूएई में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आईआईटी दिल्ली की ओर से यूएई में अपना कैम्पस खोला जाएगा। कैम्पस में जनवरी 2024 से मास्टर पाठ्यक्रम और अगले साल सितंबर से स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

## एक और भड़काऊं भाषण मामले में आजम खान को दो साल की सजा

**2019 में मोदी और योगी के खिलाफ सपा नेता ने अभद्र भाषा का किया था इस्तेमाल**



**एजेंसी**

रामपुर । उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की स्थानीय सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने के एक मामले में उप्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को दोषी ठहराते हुए दो साल कारावास की सजा सुनाई है। इसके पहले भी भड़काऊ भाषण देने के एक अन्य मामले में खान को सजा सुनाई जा चुकी है जिसके चलते उन्होंने अपनी विधानसभा की सदस्यता गंवा दी थी। सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसल ने आजम खान को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई और ढाई हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा नेता आजम खान द्वारा थाना शहजादनगर के धमोरा में एक चुनावी जनसभा में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने को लेकर एक मामला तत्कालीन वीडियो निगरानी टीम प्रभारी अनिल कुमार चौहान ने दर्ज कराया था। इस मामले में आजम खान के खिलाफ तत्कालीन मुख्यमंत्री, रामपुर के तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। पिछले साल रामपुर की एक सांसद/विधायक अदालत ने खान को 2019 के एक अन्य नफरती भाषण मामले में दोषी ठहराया था और उन्हें तीन साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। खान के खिलाफ उक्त मामला अप्रैल 2019 में मिलक कोतवाली क्षेत्र के खत नगरिया गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रामपुर में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के आरोप में दर्ज किया गया था। इस साल मई में, एक सांसद-विधायक सत्र अदालत ने सजा के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार करते हुए निचली अदालत द्वारा खान को दी गई तीन साल की सजा को पलट दिया था। संयुक्त निदेशक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि आजम खान को आज अदालत ने दोषी ठहराया है। 2019 में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान आठ अप्रैल को धमोरा में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए खान ने अभद्र भाषा और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद आज फैसला सुनाया गया।

## मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल



**नयी दिल्ली।** मोदी सरनेम वाले लोगों की मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले में गुजरात हाई कोर्ट के आदेश को राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। गुजरात हाई कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी करार देने के आदेश को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। सूरत कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई है। दोषी होने के चलते सांसद होने के अयोग्य हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी के खिलाफ सूरत कोर्ट में मानहानि की शिकायत दर्ज कराने वाले पूर्णेश मोदी ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल की है। पूर्णेश मोदी ने कोर्ट से मांग की है कि अगर दोषी ठहराए जाने वाले फैसले पर रोक की मांग को लेकर राहुल गांधी सुप्रीम का रुख करते हैं तो कोर्ट बिना उनका पक्ष सुने कोई एकतरफा आदेश पास न करे।

## सीयूइटी-यूजी के रिजल्ट जारी

**22 हजार उम्मीदवारों को 100 परसेंटाइल मिले**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के नतीजे घोषित किए, जिसमें 22,000 से अधिक उम्मीदवारों ने 100 परसेंटाइल हासिल किए हैं। छात्रों ने सबसे ज्यादा अंक अंग्रेजी में हासिल किए हैं, उसके बाद जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र के छात्र हैं। प्रवेश परीक्षा के दूसरे संस्करण के लिए 11.11 लाख से अधिक उम्मीदवार उपस्थित हुए थे।

परीक्षा में 5,685 उम्मीदवारों ने अंग्रेजी में 100 परसेंटाइल प्राप्त किए, 4,850 उम्मीदवारों ने जीवविज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/जैव रसायन विज्ञान में शीर्ष स्कोर प्राप्त किया, इसके बाद 2,836 उम्मीदवारों ने अर्थशास्त्र में उच्च स्कोर प्राप्त किए। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार के प्रदर्शन का मूल्यांकन समान-परसेंटाइल विधि का इस्तेमाल करके किया गया है, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार के सामान्यीकृत अंकों की गणना एक ही विषय के लिए कई दिन के सत्र में छात्रों के प्रत्येक समूह के परसेंटाइल का इस्तेमाल करके की गई है। उन्होंने कहा कि एनटीए की भूमिका उम्मीदवारों के पंजीकरण, परीक्षा का संचालन, उत्तर कुंजी प्रस्तुत करने, चुनौतियों को आमंत्रित करने, उत्तर कुंजी को अंतिम रूप देने, परिणाम तैयार करने और घोषित करने तथा स्कोरकार्ड की मेजबानी तक ही सीमित है। पाराशर ने बताया कि भागीदारी वाले विश्वविद्यालयों और संस्थाओं द्वारा एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी। विश्वविद्यालय एनटीए द्वारा उपलब्ध कराए गए सीयूईटी (यूजी) के स्कोरकार्ड के आधार पर अपनी काउंसलिंग के बारे में निर्णय लेंगे। आवेदकों की संख्या के हिसाब से सीयूईटी-यूजी देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। इसके पहले संस्करण में 12.5 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था और 9.9 लाख ने अपने आवेदन जमा किए थे।

## राजग की बैठक में शामिल होंगे चिराग

**नयी दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान के 18 जुलाई को भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की बैठक में शामिल होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय शुक्रवार रात चिराग से मिले। यह पिछले एक हफ्ते में दोनों नेताओं के बीच हुई दूसरी मुलाकात थी। इसके अलावा, लोजपा (आर) ने भाजपा अध्यक्ष द्वारा चिराग को लिखा गया पत्र साझा किया, जिसमें उन्हें राजग की बैठक में हिस्सा लेने का निमंत्रण दिया गया है। पत्र में नड्डा ने लोजपा (आर) को राजग का एक प्रमुख घटक करार दिया। उन्होंने पार्टी को गरीबों के विकास एवं कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार बताया।वह 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रचार करने के लिए राजग से अलग हो गए थे। उस समय जदयू राजग का हिस्सा था। चिराग से संपर्क बढ़ाने की भाजपा नेताओं की कोशिशों को उन्हें राजग में वापस लाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

## चंद्रयान-3 चंद्रमा की ओर 40 दिन के महत्वपूर्ण चरण से गुजरेगा : नायर

**तिरुवनंतपुरम/श्रीहरिकोटा ।** विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने कहा कि शुक्रवार को प्रक्षेपित किया गया ऐतिहासिक ह्यचंद्रयान-3 मिशन 40 दिन के महत्वपूर्ण चरण से गुजरेगा और अंततः चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग के लिए इसमें लगे थ्रस्टर्स की मदद से इसे पृथ्वी से दूर ले जाया जाएगा। नायर ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रक्षेपण यान ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और अंतरिक्ष यान के लिए आवश्यक प्रारंभिक स्थितियां बहुत सटीकता से प्रदान की गई हैं। इसरो ने 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया था। शुक्रवार अपराह्न 2.35 बजे उड़ान भरने के 17 मिनट बाद उपग्रह को उसकी लक्षित कक्षा में प्रवेश करा दिया गया था। नायर ने कहा कि आज से, इसमें (यान) लगे थ्रस्टर्स को फायर किया जाएगा और 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग के लिए चंद्रयान-3 को पृथ्वी से दूर ले जाया जाएगा।

## मुंबई में 30 दिन ड्रोन ग्लाइडर उड़ाने पर बैन

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शनिवार को एक आदेश जारी कर अगले 30 दिन के लिए महानगर में ड्रोन, रिमोट नियंत्रित माइक्रो लाइट विमान, पैराग्लाइडर,हैंड ग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारे उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक नियमित आदेश है क्योंकि अति महत्वपूर्ण लोगों को निशाना बनाने, बड़े पैमाने पर आम लोगों के जीवन को खतरे में डालने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा करने के लिए ऐसी वस्तुओं के दुरुपयोग की आशंका रहती है।

## आंतकियों को पनाह दे रहा है अफगनिस्तान : आसिफ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को दावा किया कि उनके देश में खून-खराबा करने वाले आतंकवादियों को पड़ोसी देश अफगानिस्तान में शरण मिल रही है और पाकिस्तान अब इसे सहन नहीं करेगा। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान पड़ोसी देश होने का कर्तव्य नहीं निभा रहा है और दोहा समझौते का पालन नहीं कर रहा है। पचास से साठ लाख अफगानों को सभी अधिकारों के साथ पाकिस्तान में 40 से 50 वर्ष के लिए शरण प्राप्त है। मंत्री ने कहा कि लेकिन इसके विपरीत पाकिस्तानियों का खून बहाने वाले आतंकवादियों को अफगानी धरती पर पनाह मिल सकती है। इस तरह की स्थिति अब और नहीं चल सकती। बलूचिस्तान में 13 जुलाई को दो आतंकवादी घटनाओं में 12 सैनिकों के मारे जाने के बाद पाकिस्तान में रोष है।

## दिल्ली में भारी बारिश से यातायात जाम

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार को भारी वर्षा हुई जिससे जलभराव एवं यातायात जाम की समस्या खड़ी हो गयी।भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार को वर्षा से शहर में पारा एक डिग्री घटकर 34.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

## बिग बॉस ओटीटी हाउस में बेकाबू हुई पूजा भट्ट



**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी 2 में हर दिन एक नया ड्रामा देखने को मिल रहा है। अब इस घर में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने वाली पूजा भट्ट का धैर्य टूट गया है। हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में साफ नजर आ रहा है कि पूजा भट्ट जिया शंकर से नाराज हैं। वह जिया शंकर को उसकी औकात याद दिलाती हैं। इतना ही नहीं पूजा भट्ट ने जिया शंकर को धीमा जहर भी कहा था। जया ने भी पूजा भट्ट को करारा जवाब दिया। इससे पूजा भट्ट और जिया शंकर के बीच अच्छी तू-तू, मैं-मैं शुरू हो गई। बिग बॉस ओटीटी 2' के घर में हाल ही में एक स्पॉन्सर टास्क खेला गया। इस टास्क में पूजा भट्ट रो रही नाज को बोर्ड समझा रही थीं। उन्होंने पैनल से कहा कि जिया की दोस्ती हर हफ्ते बदलती रहती है। पहले वह दोस्ती करती है, फिर नॉमिनेट करती है और अंत में लड़ती है और मासूम चेहरा रखती है। पूजा ने कहा कि जिया ने उन सभी का इस्तेमाल अविनाश सचदेव, फलक नाज और जेडी हदीद के सामने किया। पूजा ने जिया को धोखेबाज और लगातार व्यवहार करने वाली लड़की बताया। इससे विवाद खड़ा हो गया है। इसके बाद जिया को समझ आ गया कि पूजा उसके बारे में क्या बात कर रही है। इससे वह क्रोधित हो गयी। इसके बाद उन्होंने पूजा भट्ट का अपमान करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं जिया शंकर ने पूजा भट्ट को गालियां भी दीं। इसके बाद घर का माहौल बिगड़ गया। इसके बाद घर में पूजा-अर्चना और जियाची की तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई। इस बार दोनों की एक-दूसरे से खूब नोकझोंक हुई। दोनों ने एक दूसरे पर कीचड़ उछाला। हालांकि दोनों के ऐसे बर्ताव से घर का माहौल पूरी तरह से खराब हो गया है। अब सलमान खान वीकेंड का वार' एपिसोड में सभी प्रतियोगियों की क्लास लगाने वाले हैं। इससे पहले भी पूजा भट्ट और अन्य प्रतियोगियों को बहस करते देखा गया था।

## मैं अटल हूं की शूटिंग पूरी




**मुंबई।** जब से पंकज त्रिपाठी अभिनीत मैं अटल हूं का फर्स्ट लुक जारी हुआ है, तब से दर्शक अभिनेता द्वारा भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को पर्दे पर उतारने और रवि जाधव द्वारा निर्देशित और ऋषि विरमानी एवं रवि जाधव द्वारा लिखित उनके जीवन पर सिनेमाई उत्कृष्ट कृति का अनुभव करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शूटिंग शेड्यूल के दौरान फिल्म के निर्माताओं ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और फिल्म पर विस्तार से चर्चा की। आज फिल्म ने मुंबई में अपना आखिरी शेड्यूल खत्म किया। मुंबई, दिल्ली, कानपुर और लखनऊ के अलग-अलग स्थानों पर 45 दिनों में शूट की गई यह फिल्म दर्शकों को अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन और असाधारण राजनीतिक यात्रा से रूबरू कराएगी। शानदार कलाकारों के सहयोग से बनी यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### बंगाल से रास के सात प्रत्याशी निर्विरोध जीते

**कोलकाता।** बंगाल की सात राज्यसभा सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। छह सीटों पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की और एक सीट पर भाजपा उम्मीदवार ने निर्विरोध जीत हासिल की। 17 जुलाई को रिटर्निंग ऑफिसर आधिकारिक तौर पर विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सौंपेंगे। तृणमूल कांग्रेस की जो पांच सीटें रिक्त हुई उनमें डोला सेन, सुखेंदु शेखर रॉय, डेरेक ओब्रायन, शांता छेत्री और सुष्मिता देव शामिल हैं। सातवीं सीट पर भाजपा के उम्मीदवार नागेंद्र रॉय चुने गए हैं। उत्तर बंगाल में उन्हें अनंत महाराज के नाम से जाना जाता है।

### द. कोरिया में बाढ़ से 20 मरे, हजारों बेघर

**सोल।** दक्षिण कोरिया में हो रही मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी है तथा हजारों लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजूबर हो गए हैं। यहां पर तीसरे दिन भी मूसलाधार बारिश और भूस्खलन हुआ, जिसके कारण मध्य उत्तर प्रांत में स्थित चुंगचेओंग प्रांत में स्थित एक बांध में जलस्तर काफी बढ़ गया है। भारी बारिश की वजह से सड़कें जलमग्न हो गई हैं और कारें बाढ़ के पानी में तैर रही हैं तथा इसके कारण रेलवे यातायात भी प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि 10 लोग लापता हैं और हजारों लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर हुए हैं।

### उच्च न्यायालयों के तीन जजों का तबादला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली, इलाहाबाद और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालयों के तीन न्यायाधीशों का शनिवार को तबादला कर दिया गया। कुछ दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने उनकी पसंद के पदस्थापन संबंधी उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने ट्विटर पर घोषणा की कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह का तबादला केरल उच्च न्यायालय किया गया है।

### गैस सिलेंडर में विस्फोट दो बच्चे समेत तीन मरे

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के उरई क्षेत्र में गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में चार अन्य लोग घायल हो गये । अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि उरई कोतवाली क्षेत्र के कांशी राम कॉलोनी निवासी अशोक के घर शुक्रवार की देर रात्रि सीएनजी सिलेंडर के माध्यम से कबाड़ के सामान से गैस कटर द्वारा पीतल निकालने का प्रयास कर रहे थे।

### सपा विधायक चौहान ने विस से दिया त्यागपत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले की घोसी सीट से सपा के विधायक दारा सिंह चौहान ने शनिवार को विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के कार्यालय ने त्यागपत्र प्राप्त होने की पुष्टि की है। चौहान भाजपा की पिछली सरकार (2017-2022) में मंत्री थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह सपा में शामिल हो गए थे। चौहान, एक ओबीसी नेता हैं। योगी के नेतृत्व वाली पहली सरकार में चौहान वन एवं पर्यावरण मंत्री थे।

### दिल्ली और पटना में टमाटर की बिक्री शुरू

**नयी दिल्ली।** मानसून की भारी बारिश और आपूर्ति प्रभावित होने से शनिवार को प्रमुख शहरों के खुदरा बाजारों में टमाटर की कीमतें 250 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच गईं।

खुदरा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए केंद्र सरकार दिल्ली-एनसीआर, पटना और लखनऊ जैसे चुनिंदा शहरों में 90 रुपये प्रति किलोग्राम की छूट पर टमाटर बेच रही है।

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



आलोक कुमार दूबे

प्रदेश अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) झारखंड।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# अच्छी नींद के लिए उचित आहार



## नींद के लिए दवा नहीं उचित आहार लें

अनिद्रा की समस्या को दूर करने के लिए कई लोग दवाई लेना शुरू कर देते हैं लेकिन सोने के लिए दवा लेना सही नहीं है।

सबसे पहले तो यह जानना जरूरी है कि आपको यह प्रॉब्लम है क्यों? अगर आप बहुत अधिक तनाव लेते हैं, आपकी जीवनशैली अस्त-व्यस्त है और आपके सोने की जगह सही नहीं है तो भी आपको यह दिक्कत हो सकती है।

इसके अलावा और भी बहुत से कारण हो सकते हैं। एक बड़ा कारण यह भी हो सकता है कि सोने से पहले आप जो खाते हैं वह सही नहीं है। सोने से पहले क्या खाएं और क्या न खाएं... यह पता होना जरूरी है।

### सोने से पहले इन चीजों के सेवन से आती है अच्छी नींद

#### 1. दूध

सोने से पहले दूध लेना अच्छा है। इसमें एक ऐसा यौगिक पाया जाता है जो सेरोटॉनिन को बनने में मदद करता है। इससे शरीर को आराम मिलता है। आराम मिलने से नींद अच्छी आती है।

#### 2. शकरकंद

शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट और पोटैशियम होता है, जिससे बॉडी रीलैक्स फील करती है। रात में सोने से पहले शकरकंद खाने से नींद अच्छी आती है।

#### 3. केला

केले में भी पोटैशियम और मैग्नीशियम पाया जाता है। यह दोनों ही तत्व शरीर को आराम देते हैं। सोने से पहले केला खाने से नींद अच्छी आती है।

#### 4. चेरी

चेरी में मेलाटॉनिन नामक तत्व पाया जाता है। इसे खाने से भी नींद अच्छी आती है।

#### इन चीजों को खाने से करें परहेज

रात में सोने से पहले कुछ भी ऐसा न खाएं, जो भारी हो। बहुत अधिक मसालेदार और ऑयली खाना खाने के बाद नींद अच्छी नहीं आती और बेचैनी बनी रहती है। विशेषज्ञ भी रात को हल्का खाने की सलाह देते हैं। रात में सोने से पहले नशीले पेय-पदार्थ, कैफीन और बहुत अधिक मसालेदार खाने से परहेज करना चाहिए। अगर आप इन चीजों का सेवन कर भी रहे हैं तो कोशिश कीजिए कि इन चीजों के सेवन और आपके सोने के बीच दो से चार घंटे का अंतर जरूर हो।

# अमरूद से कई रोगों का होता है इलाज

**फलों** को सेहत के लिए शुरू से ही माना गया है लेकिन अमरूद एक ऐसा फल है जिसके फायदे ही फायदे है। इसके सेवन से न जाने कितनी बीमारियों का इलाज हम घर बैठे ही आसानी से कर सकते है। इसके पेड़ लोग अपने घरों में भी लगाते है।

#### 1.पेट ठीक करने में सहायक

इसकी तासीर ठंडी होती है,ये पेट की बहुत सी बीमारियां जैसे अपच,गैस आदि में वरदान सिद्द होता है।

#### 2.कैंसर से बचाव

अमरूद के सेवन से कैंसर के सेल्स मर जाते है। अमरूद खाने से ब्रैस्ट कैंसर, स्किन कैंसर और यहां तक की फेफड़ों के कैंसर से भी बचा जा सकता है।



#### 3.झुर्रियों को खत्म करता

त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों को रोकने के लिए रोजाना एक अमरूद खाना चाहिए।इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ए त्वचा पर ग्लो लाता है।4.काले घेरे की समस्या से निजात

अमरूद की पत्तियों को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर आंखों के नीचे लगाने से काले घेरे और सूजन कम हो जाती है।

#### 5.विटामिन सी का स्त्रोत

अमरूद में विटामिन सी पाया जाता है।एक दिन में दो बार अमरूद खाने से विटामिन सी की कमी दूर होती है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ.जाती है।

#### 6.पेट के कीड़े

बच्चों के पेट में कीड़े हो गए हों तो अमरूद का सेवन बहुत लाभ देता है।

#### 7.कैल्शिम

अमरूद में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है।इसको रोज खाने से हड्डियां मजबूत होती है।

#### 8.एलर्जी दूर करे

अमरूद की पत्तियों का रस किसी भी प्रकार की एलर्जी को दूर कर सकता है। यह एलर्जी पैदा करने वाली वायरस को खतम करता है।



# मोटापा से छुटकारा दिलायेगा आसन

**बदलते** लाइफस्टाइल और खानपान के कारण आज हर 5 में से 3 व्यक्ति मोटापे का शिकार है। ऐसे में हर कोई स्लिम बॉडी पाने की चाहत रखता है। बॉडी को स्लिम करने के लिए लड़कियां ज्यादा मेहनत करती है, जिसके लिए वह तरह-तरह के उपाय और जिम जाकर एक्सरसाइज करती है लेकिन आप चाहे तो योग करके शरीर की अधिक चर्बी को कम और शरीर को लचीला बना सकते है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही योगासन के बारे में बताएंगे, जिन्हें करके आप आसानी से स्लिम बॉडी पा सकती है।

#### 1. भुजंगासन

इस योगासन से पेट की चर्बी कम , कमर पतली और कंधे चौड़े, बाजू मजबूत होती हैं। इसको करने के लिए पहले पेट के बल लेट जाएं और दोनों हाथों को सिर के नीचे रखें। अब माथे को सामने वाली दिशा में उठाएं और दोनों बाजूओं को कंधो के समानांतर रखें। शरीर को स्ट्रेच करें और लंबी सांस लें।

#### 2. पश्चिमोत्तानासन

यह योग सई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करता है और शरीर को लचीला बनाता है साथ ही अत्यधिक चर्बी को कम करने में मदद करता है। सीधे बैठकर दोनों पैरों को फैलाकर सीध में रख लें। अब हाथों को ऊपर की ओर उठाते हुए झुककर पैरों के अंगूठों को पकड़े। घूटने मूड़ने न पाएं।

#### 3. पूर्वोत्तानासन

शरीर के निचले भाग और बाजुओं को सुडौल बनाने के लिए आसन है। पैरों को सामने की ओर फैलाकर रखें। फिर पंजे को आपस में जोडें और रीढ.की हड्डी को सीधा रखें। अब हाथों को नीचे जमीन पर टीकाकर कमर को ऊपर की ओर उठाएं।

#### 4. बालासन

इस आसन में बच्चों की तरह पोज बनाया जाता है। पहले घुटनों के बल बैठ जाए और फिर हाथों को ऊपर उठाए और धीर-धीरे आगे की तरफ झुकते हुए हथेलियों को जमीन से लगाए।

# सोया प्रकृति से वरदान के रूप मे मिला है



सोयाबीन एक ऐसा शाकाहारी भोजन है जिसमें मांसाहार से भी ज्यादा प्रोटीन और पौषक तत्व पाए जाते है। लोग इसे खाने के लिए तरह तरह से उपयोग में लाते है। सोया प्रकृति से वरदान के रूप मे मिला है।सोयाबीन खाने से आप खूबसूरत दिख सकते हैं।इसमें कैलिशयम,ओमेगा झ्र 6, ओमेगा -3,फाइबर जैसे तत्व मौजूद होते है जिससे शरीर की कितनी ही बीमारियों का इलाज संभव है।जो लोग बराबर सोयाबीन का सेवन करते है वे लोग जल्द बूढ़ा नही होते है।इसमें विटामिन बी कम्पलैक्स और विटामिन ई भी काफी मात्रा में पाया जाता है जो शरीर निर्माण में अमिनो ऐसिड प्रदान करते है। ये हमारे शरीर की जरूरतों को पूरा करके उसे उर्जा देने के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होता है।

#### सोयाबीन खाने से होने वाले स्वास्थ लाभ

1.दिल के रोगों में फायदेमंद
सोयाबीन खून में कोलेस्ट्रोल की मात्रा को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इसलिए यह दिल के रोगियों के लिए लाभदायक है।

**2.उच्चरक्तचाप**
सिर्फ आधा कप रोस्टेड सोयाबीन रोज 8 हफ्तों तक खाने से ब्लैड प्रैशर कंट्रोल हो जाता है।

**3.त्वचा संबंधी रोगों में लाभकारी**
ये शरीर के खून को साफ करता है। एनीमिया से बचने के लिए भी सोयाबीन का उपयोग कर सकते है।

**4.डिप्रेशन कम करें**
सोयाबीन खाने से मेमोरी पावर बढत़ी है और तनाव व चिड़चिड़ापन खत्म हो जाता है, जिससे मन शांत रहता है।

**5.हड्डियों को मजबूत करें**
इसके लगातार प्रयोग से हड्डियों की कमजोऱी दूर होती है जिससे अस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी का खतरा नहीं रहता।

**6.कैंसर रोकने में सहायक**
इसमें भरपूर मात्रा में कैंसर प्रतिरोधक क्षमता पाई जाती है जिससे स्तन व प्रोस्टेट कैंसर काफी हद तक रोका जा सकता है।महिलाओं में 45 वर्ष की आयु के बाद मेनोपोज की समस्या से आने वाले बदलावों को भी काफी कम करता है।

**7.प्रोटीन**
शरीर के लिए प्रोटीन की बहुत आवशयकता होती है और सोयाबीन दूध में अंडा, मांस , मछली से कहीं अधिक ज्यादा प्रोटीन होता है। सोयाबीन में शरीर को ताकत देने वाले जरूरी रसायन मौजूद होते हैं जिससे हमारे दिमाग, फेफड़े,दिल,नाखून, बाल आदि मजबूत होते है।

**8.विभिन्न प्रकार से उपयोग**
अलग-अलग वर्गों के लोग सोयाबीन का सेवन अुपने- अपने तरीके से करते हैं। जैसे कुछ लोग सोयाबीन का दूध का उपयोग करते हैं तो कुछ लोग सोयाबीन के पनीर की सब्जी बनाकर खाते हैं या सोयाबीन के पनीर को रुखा ही खाते हैं। अभी इस समय सभी जगह पर सोयाबीन के तेल का उपयोग भी काफी मात्रा में होता है।

अगर आपको रात में अच्छी नींद नहीं आती है तो आपका दिन भी तनाव से भरा रहेगा। कई बार ऐसा होता है कि नींद तो आती रहती है लेकिन घबराहट के चलते हम सो नहीं पाते। रातें घड़ी की सुइयां देखते हुए बीत जाती हैं, जिसका नतीजा यह होता है कि हमारी सुबह भी अच्छी नहीं होती। शरीर में भारीपन रहता है, सिर दर्द होता है, आंखों में दर्द-जलन जैसी कई समस्याएं हो जाती हैं।

# डीहाइड्रेशन की वजह से होती है झुर्रियां



गर्दन और चेहरे पर झुर्रियां डीहाइड्रेशन की वजह से होती है। ज्यादातर यह समयस्या बढत़ी उम्र में होती लोगों में होती है लेकिन कुछ लोग कम उम्र में इस समस्या से परेशान हो जाते है। झुर्रियां पड़ने पर त्वचा उम्र दराज सी दिखने लगती है। ऐसे में आप बहुत से प्रॉड्क्ट का इस्तेमाल करते है, जिनके कई साइड-इफैक्ट भी होते है। आप चाहे तो कुछ घरेलू तरीके अपनाकर भी गर्दन और चेहरे की झुर्रियों से छुटकारा पा सकते है।

#### 1. कैस्टर ऑयल

कैस्टर ऑयल में बहुत सारे पोषक तत्व होते है। यह त्वचा को हाइड्रेट कर उसे मुलायम बनात है। इसको गर्दन पर लगाकर मसाज करने से झुर्रियां गायब हो जाती है।

#### 2. पैट्रोलियम जैली

पैट्रोलियम जैली के झुर्रियों वाली त्वचा पर लगाने से मदद मिलती है। झुर्रियां धीरे-धीरे मिटने लगती है।

#### 3. विटामिन ई तेल

कम उम्र में ही झुर्रियों की समस्या होने पर विटामिन ई का तेल लगाएं और अच्छे से मसाज करें। गर्दन की झुर्रियां मिट जाएंगी।

#### 4. नारियल तेल

रात को सोने से पहले गर्दन पर रोज नारियल तेल से मालिश करें, इससे झुर्रियां कम होगी।

#### 5. बादाम तेल

बादाम के तेल में विटामिन ई होता है जो त्वचा को अंदर से पोषण पहुंचाता है और झुर्रियों की समस्या को ठीक करता है।

# मूगंफली खायें स्वस्थ्य रहें



सर्दियों में मूंगफली खाना सभी पसंद करते है। इससे टाइम भी पास होता रहता है। मूंगफली स्वाद में जितनी अच्छी है सेहत के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है। जी हां, मूंगफली खाने से बहुत से लाभ मिलते है।

#### मूंगफली खाने से मिलते है ये स्वास्थ्य लाभ

- मूंगफली में कैलोरी की मात्रा कम होती है। इसका सेवन करने से मोटापा नहीं बढत़ा है साथ ही भूख भी मिट जाती है।
- इसके सेवन से शरीर का कॉलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल रहता है। मूंगफली में मौजूद मोनो-सैचुरेटेड फैटी एसिड ह्रदय संबंधी रोगों को खत्म करने का काम करता है।
- मूंगफली एंटी-ऑक्सीडेंट और ट्रिप्टोफेन गुण काफी मात्रा में मौजूद होते है, जो तनाव की समस्या को दूर करते है। इसलिए रोजाना मूंगफली का सेवन करें।
- गर्भवती महिला के लिए मूंगफली काफी फायदेमंद होती है। इसमें मौजूद फॉलिक एसिड शिशु में होने वाले न्यूरल ट्यूब डीफेक्ट का खतरा कम करता है।
- इतना ही नहीं, मूंगफली के सेवन से त्वचा में ग्लो आता है। इसमें मिले मोनो-सैचुरेटेड एसिड और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्किन को नमी देते है। साथ ही त्वचा निखरती है।
- डायबिटीज के मरीजों के लिए मूंगफली काफी फायदेमंद है। इसमें मौजूद मैग्नेशियम रक्त में शुगर लेवल को कंट्रोल करता है।
- मूंगफली में विटामिन ए भरपूर मात्रा होती है, जिससे बाल लंबे और घने होते है। इसलिए रोजाना मूंगफली का सेवन करें।
- मूंगफली से मिलने वाले प्रोटीन शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण करते है और हड्डियों को मजबूत बनाते है।

# ओल्ड एज में एक्सरसाइज में सावधानी



कसरत वैसे तो हर उम्र के व्यक्तियों को स्वस्थ बनाने में सहायक है। बढत़ी उम्र में यदि नियमित रूप से कसरत की जाए तो शरीर स्वस्थ व चुस्त रहता हैं। अगर रोजाना 20 मिनट कसरत की जाए तो ह्रदय और मांसपेशिया स्वस्थ बनी रहती है। अक्सर 40 की उम्र पार करते ही घुटनों और कमर दर्द की शिकायत होने लगती है जिससे कि कसरत करने में लोगों को परेशानी आती हैं। इसलिए आज हम कुछ ऐसी कसरत के बारे में बताएंगे जिन्हें 40 से अधिक उम्र के व्यक्ति भी आराम से कर सकते हैं।

#### 1. कुर्सी द्वारा कसरत

कुर्सी द्वारा घर में आराम से कसरत की जा सकती है। कुर्सी को दीवार के साथ इस तरह रखें कि कुर्सी की पीठ आपकी तरफ हो। हाथों को कंधे की सीध में रखते हुए कुर्सी के ऊपरी भाग को पकड़े और कमर सीधी रखें। टांगों को पीछे की ओर बढाए और कूल्हों को अंदर की ओर खीचें। कोहनी को मोड़े और छाती के नीचे लाएं जब तक कि छाती का दवाब कुर्सी की और न हो। ऐसा धीरे-धीरे करें और 15 बार दोहराएं।

#### 2. तौलिए से करें कसरत

तौलिए से भी बड़े आराम से कसरत की जा सकती हैं। दोनों हाथों से तौलिए को पकड़े और बांहो को छाती की सीध में रखें। तौलिए को एक हाथ से बाई ओर खींचे और दूसरी ओर से इसे मरोड़े। बांहो को सिर के पीछे ले जाएं और ऐसा 10 बार दोहराएं।

#### 3. धीरे-धीरे चल के भी करें कसरत

धीरे-धीरे दौड़ कर भी आप आसानी से यह कसरत कर सकते हैं। इससे शरीर में बहुत से भागों को लाभ मिलता हैं और रक्त चक्कर भी सुचारू रूप से होता है।